सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 26.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-258 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 27 फरवरी 2024
16 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




# नहीं रहे मशहूर गजल गायक पंकज उधास

- 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस
- चिट्ठी आई है से लेकर ना कजरे की धार तक के सदाबहार गीतों से गुलजार हुआ सिनेमा



**मुंबई।** मशहूर गजल गायक पंकज उधास का निधन हो गया है। उन्होंने 72 वर्ष की आयु में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वे लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। गायक के निधन की पुष्टि उनके परिवार की ओर से की गई है। गायक के निधन से मनोरंजन जगत में गम का माहौल है।

प्रशंसकों से लेकर तमाम हस्तियों तक, सभी गायक के निधन पर शोक जता रहे हैं। संगीत की दुनिया में उनका अहम योगदान रहा है। पंकज उधास के गाने आज भी लोगों की जुबान पर रहते हैं। उन्होंने कई यादगार और सुपरहिट गाने सिनेमा को दिए। चिट्ठी आई है, आई है, चिट्ठी आई है गाना पंकज उधास का सर्वश्रेष्ठ गाना था, जिसे लोग आज तक गुनगुनाते हैं। यह गाना उनके अल्बम याद का है, जो 1993 में रिलीज हुआ था। ना कजरे की धार गाना प्रेमियों के लिए मशहूर है। पंकज उधास का यह गाना फिल्म मोहरा का है। फिल्म में अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म 1994 में रिलीज हुई थी। पंकज उधास द्वारा गाया हुआ गाना चांदी जैसा रंग है तेरा फिल्म एक ही मकसद का है। यह फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी। आज फिर तुमपे गाना पंकज उधास का गाया हुआ सदाबहार गीत था। इस गाने को उन्होंने अनुराधा पौडवाल के साथ मिलकर गाया था। यह 1988 में रिलीज हुई फिल्म दयावान का गाना है। और भला क्या मांगू मैं रब से गाना पंकज उधास ने दिवंगत गायिका लता मंगेशकर के साथ मिलकर गाया था।

## शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं लगाई

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि संदेशखाली मामले में शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है और उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए। संदेशखाली विवाद पर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने ये बात कही। हाईकोर्ट ने कहा हम ये साफ करना चाहते हैं कि शाहजहां शेख की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। एफआईआर में भी बतौर आरोपी शाहजहां शेख का नाम है। ऐसे में उसे गिरफ्तार करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा मामले में शाहजहां शेख, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और राज्य के गृह सचिव को पक्षकार बनाया जाए। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अगुवाई वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय रजिस्ट्री द्वारा समाचार पत्रों में एक सार्वजनिक नोटिस दिया जाए जिसमें यह कहा गया हो कि शेख को मामले में पक्षकार बनाया गया है, क्योंकि वह फरार हैं और उन्हें पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय पर भीड़ के हमले के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है।

# अब यूपी में दंगा नहीं दंगल होता है : योगी

- आज युवाओं के हाथ में तमंचा नहीं, टैबलेट है
- सरकार ने तुष्टीकरण किसी का नहीं किया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ कहा कि मीडिया की भूमिका समाज में महत्वपूर्ण है। जब हम लोकतंत्र की बात करते हैं तो सिर्फ सत्ता की बात नहीं होती। उसमें विपक्ष, न्यायपालिका और मीडिया भी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। सीएम योगी ने कहा कि बीते दस सालों में भारत बदला है।

देश और दुनिया में भारत की स्थिति बेहतर हुई है। देश की समस्याएं एक के बाद एक खत्म हो रही हैं। ऐसा भारत ने पहली बार महसूस हो रहा है। यूपी के पास डबल इंजन की सरकार है। उन्होंने कहा कि यूपी को लेकर एक गलत धारणाएं थीं अब उसकी इमेज बदल रही है। इस प्रदेश में दंगे की इमेज थी। इस प्रदेश में व्यक्ति सुरक्षित नहीं था तो जाहिर है कि निवेश सुरक्षित कैसे होगा। आज युवाओं के हाथ में तमंचा नहीं, टैबलेट है। आज सड़कों पर रंगदारी नहीं होती। आज यूपी दंगा नहीं होता बल्कि दंगल होता है। पूरे प्रदेश में यूपी की इमेज बदल रही है। सीएम योगी ने कहा कि चाहे एक्सप्रेस वे हो या एयरपोर्ट यूपी देश में नंबर वन बन रहा है। एक साल के अंदर पूरे एक्सप्रेस का 55 फीसदी यूपी का होगा। पहले यूपी में सिर्फ दो एयरपोर्ट थे। हमारी सरकारों ने यूपी के हर शहर में एयरपोर्ट दिया। यूपी में नौकरी के अवसर बढ़ाने का काम किया है। प्रदेश की बेरोजगारी दर को नियंत्रित करने की कोशिश की गई है। सीएम योगी ने कहा कि इस सरकार ने तुष्टीकरण किसी का नहीं किया। हमने जाति और मजहब को छोड़कर हर वर्ग का विकास करने की कोशिश की है। अब यूपी का राइजिंग भी है और शाइनिंग भी। प्रदेश में अभ्युदय कोचिंग का मंच उपलब्ध कराया है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को मदद मिली। हम भारत की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता हम रखते हैं। हर योजना में यूपी कभी पीछे था, आज हम कई क्षेत्रों में नंबर वन हैं। पदक लाने वाले खिलाड़ियों को नियुक्तियां दे रहे हैं। दो करोड़ युवाओं को टैबलेट, स्मार्टफोन दे रहे हैं। 2014 में उत्तर प्रदेश देश की छठी बड़ी अर्थव्यवस्था था।

### एक महीने में 65 लाख ने किए राम मंदिर दर्शन

आज हमारे पास जलमार्ग हैं, सदा नीरा नदियां हैं। हम अयोध्या को भी जल मार्ग से हल्दिया तक जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। अयोध्या धाम में ही एक महीने में 65 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर दिया। यह संख्या बढ़ेगी। दुनिया में कहीं एक जगह इतने श्रद्धालु नहीं आएंगे, जितने अयोध्या में आएंगे। रूस्रूश्च यहां मृत प्राय था। आज दो लाख करोड़ का निर्यात रूस्रूश्च के साथ हो रहा है। कौन सा ऐसा तबका है, जो यह कहे कि सरकार ने हमारे लिए कुछ नहीं किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2,000 रेलवे परियोजनाओं की शुरुआत की

# आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है : पीएम मोदी

- पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया
- आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है
- 74 रेलवे स्टेशनों का हुआ पुनर्विकास



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय रेलवे के 41 हजार करोड़ रुपये की कई रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने रेलवे को 41,000 करोड़ की 2,000 से ज़्यादा परियोजनाओं की सौगात दी है।

पीएम मोदी ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ये देश के लिए समर्पित है वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और 1500 रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने इसे न्यू इंडिया की कार्य संस्कृति का प्रतीक बताया। मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो करता है अभूतपूर्व स्पीड से करता है, आज भारत जो करता है अभूतपूर्व स्केल से करता है। मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि आज के भारत ने छोटे-छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। हम बड़े सपने देखते हैं और उन्हें पूरा करने के लिए दिन-रात एक कर देते हैं। यही संकल्प इस विकसित भारत, विकसित रेलवे कार्यक्रम में दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आज रेलवे से जुड़ी दो हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। लेकिन अभी से जिस स्केल और स्पीड से काम होना शुरू हो गया है, वो सबको हैरत में डालने वाला है। उन्होंने कहा कि आज 27 राज्यों के करीब 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है। आज यूपी के गोमती नगर के जिस रेलवे स्टेशन का लोकार्पण हुआ है, वो वाकई कमाल का दिखता है। इसके अलावा आज 1,500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडरपास जैसी परियोजनाएं भी इसमें शामिल हैं।

### सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को दिया धन्यवाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सरकारी आवास से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने एक्स पर पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापित। सीएम योगी ने लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए भारत की प्रगति की रेल तीव्र गति से गतिमान है। उसी क्रम में आज प्रधानमंत्री द्वारा पुनर्विकसित गोमती नगर रेलवे स्टेशन के साथ ही, देश भर की 2,000 से अधिक रेल अवसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास संपन्न हुआ। आमजन के जीवन को सुगम बनाती इन सौगातों के लिए हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी।

## विश्व स्तरीय स्टेशन बनाना था मेरा सपना लखनऊ में बनेगी ब्रम्होस मिसाइलः राजनाथ



केंद्रीय रक्षा मंत्री, लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री आज सारे देशभर में बहुत सारी रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जहां तक मुझे जानकारी है उत्तर प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 554 स्टेशनों का पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज अंडरपास का उद्घाटन और शिलान्यास करके राष्ट्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समर्पित करेंगे , जिसकी लागत लगभग 41,000 करोड रुपए की होगी। पहले तो मैं आज के कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से ही जुड़ना चाहता था लेकिन गोमती नगर रेलवे स्टेशन मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट था जिसे विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने का सपना था। मुझे याद है तत्कालीन रेल मंत्री श्री सदानंद गौड़ा जी अपनी बजट स्पीच दे रहे थे उसमें तीन चार रेलवे स्टेशन का जिक्र करते हुए कह रहे थे कि इन्हें विश्व स्तरीय बनाया जाएगा जब उसमें मैंने देखा कि उसमें लखनऊ का नाम नहीं है तो मैं उस समय लिख कर उन्हे दिया और कहा कि आप इसी समय लखनऊ का भी घोषणा कर दें फिर संसद में बजट स्पीच देते समय लखनऊ गोमती नगर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने की घोषणा की। लंबा समय लगा बीच में कुछ अवरोध भी पैदा हुए लेकिन उसी समय हमारे रेल मंत्री अश्वनी कुमार जी से मेरी बातचीत हुई फिर उन्होंने मेरे साथ रेलवे बोर्ड की चेयरमैन के साथ बैठक बुलाई और एक घंटे तक वह बैठक चली।

# आप कौन होते हैं आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वालेः सुप्रीम कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जनहित याचिका



**नई दिल्ली।** तीन नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो गई है। तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य कानून 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे। जनहित याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने याचिका से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप कौन होते हैं नए आपराधिक कानूनों को चुनौती देने वाले? मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आपके पास इस मामले में हस्तक्षेप करने का ही अधिकार नहीं है। जनहित याचिका में गृह और कानून मंत्रालय को पक्षकार बनाने की मांग की गई थी। तीनों नए आपराधिक कानून देश में न्याय व्यवस्था में बड़े बदलाव लेकर आएंगे और एक जुलाई से देशभर में लागू हो जाएंगे। सरकार ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तीनों नए आपराधिक कानून अंग्रेजी शासन काल के आईपीसी (इंडियन पीनल कोड), सीआरपीसी (कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर) और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह लेंगे। बीते साल 21 दिसंबर को इन नए कानूनों को संसद की मंजूरी मिली थी और 25 दिसंबर को राष्ट्रपति ने इन्हें मंजूरी दी थी। हालांकि अभी हिट एंड रन मामले से जुड़े प्रावधान पर अमल नहीं होगा। दरअसल बीते दिनों देशभर में ड्राइवरों ने हड़ताल कर हिट एंड रन मामले में नए प्रावधानों का विरोध किया था। जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया था कि इस कानून को ड्राइवर यूनियन से चर्चा के बाद अमल में लाया जाएगा। सरकार ने नोटिफिकेशन में बताया है कि अभी भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(2) को अमल में नहीं लाया जाएगा।

# हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, व्यास तहखाने में पूजा रहेगी जारी

- मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज



**प्रयागराज।** ज्ञानवापी, वाराणसी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को पूजा का अधिकार सौंपने के जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से दाखिल अपील पर सुनाया है। इससे पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की लंबी बहस के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। मामले में जिला जज वाराणसी ने 17 जनवरी को डीएम को रिसीवर नियुक्त कर 31 जनवरी को तहखाने में पूजा करने का आदेश पारित किया था। इंतेजामिया कमेटी ने उसे हाई कोर्ट के समक्ष चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाने में पूजा करने के कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को रद्द कर दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने फैसले के बाद बताया कि इलाहाबाद होईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया के आदेशों की पहली अपील को खारिज कर दिया है। जिसमें वाराणसी जिला कोर्ट से पारित 17 और 31 जनवरी के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ज्ञानवापी परिसर के व्यास तहखाना में चल रही पूजा जारी रहेगी।

## तमिलनाडु टीएमसी का एनडीए में शामिल होने का एलान

**चेन्नई।** लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को तमिलनाडु में एक सहयोगी मिल गया है। दरअसल जीके वासन के नेतृत्व वाली पार्टी तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के साथ गठबंधन का एलान किया है। जीके वासन ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा कि तमिल मनीला कांग्रेस बतौर एनडीए सहयोगी भाजपा के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। वासन ने ये भी कहा कि 27 फरवरी को पीएम मोदी की पालादम में होने वाली रैली में वह भी शामिल होंगे। लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु में भाजपा का यह पहला आधिकारिक गठबंधन है। तमिल मनिला कांग्रेस ने तमिलनाडु का 2021 का विधानसभा चुनाव भी एआईएडीएमके और भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ा था। टीएमसी ने संकेत दिए हैं कि वे एआईएडीएमके के साथ अपना गठबंधन तोड़ लेंगे।


## जेपी नड्डा ने मोदी की गारंटी रथ को किया रवाना

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र सुझाव अभियान की शुरुआत की और विकसित भारत, मोदी की गारंटी रथ को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि हम सब जानते हैं कि आज विकसित भारत - मोदी की गारंटी विषय को लेकर पूरे देश में वीडियो वैन के माध्यम से 2024 के चुनाव में अगले 5 वर्ष के लिए जो लक्ष्य रखना है उसके लिए जनता-जनार्दन के आशीर्वाद और सुझाव लेने का हम सबने निर्णय किया है। विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, विश्व मित्र भारत के सपने जो 2014 में अकल्पनीय थे, आज वो मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे हैं और अब भारत इस अमृतलाल में विकसित भारत की ओर लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है। भाजपा ने तय किया है कि देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में वीडियो वैन के माध्यम से विकसित भारत की कल्पना के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा किए गए कार्यों और आत्मनिर्भर भारत के लिए इस अमृतकाल में हो रहे कार्यों से संबंधित सभी बातों को भारत की जनता के सामने रखेंगे।

# खरगे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

## सत्ता में आए तो अग्निपथ योजना खत्म कर पुरानी व्यवस्था लाएंगे

- दो लाख अभ्यर्थियों को सपने चकनाचूर हुए



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर आग्रह किया कि करीब दो लाख नौजवानों के साथ न्याय किया जाए जिनका चयन सेना की नियमित सेवा में होने की बावजूद उनकी भर्ती नहीं की गई। उन्होंने दावा किया कि सरकार द्वारा इनकी भर्ती रोककर अग्निपथ योजना लाई गई जिसके कारण इन युवाओं को पीड़ा झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि अगर उनकी सरकार बनी तो अग्निपथ योजना को वापस लिया जाएगा और पुरानी व्यवस्था बहाल होगी। खरगे ने पत्र में लिखा, हाल ही में मैं इन नौजवानों से मिला। उन्होंने मुझे बताया कि 2019 और 2022 के बीच लगभग दो लाख अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था कि उन्हें तीनों सशस्त्र सेवाओं- सेना, नौसेना और वायु सेना में चयनित कर लिया गया है। इन युवाओं ने कठिन मानसिक और शारीरिक परीक्षण तथा लिखित परीक्षा पास करने के लिए कड़ा संघर्ष किया था। खरगे ने लिखा, 31 मई 2022 तक उन्हें विश्वास था कि उन्होंने अपने सपने पूरे कर लिए हैं और उन्हें केवल अपने नियुक्ति पत्र का इंतजार था। उस दिन भारत सरकार द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया को समाप्त करने और इसके स्थान पर अग्निपथ योजना लागू करने के निर्णय से उनके सपने चकनाचूर हो गये। अग्निपथ योजना के साथ कई मुद्दे जुड़े हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरावणे ने लिखा है कि अग्निपथ से सेना आश्चर्यचकित हो गई थी। खरगे ने लिखा, यह योजना सैनिकों के समानांतर कैडर बनाकर हमारे जवानों के बीच भेदभाव पैदा करने वाली है चार साल की सेवा के बाद अधिकतर अग्निवीरों को नौकरी ढूंढने के लिए छोड़ दिया जाएगा। इसके बारे में कुछ लोगों का तर्क है कि इससे सामाजिक स्थिरता प्रभावित हो सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि हताशा और निराशा के कारण कई ने खुदकुशी तक कर ली है। उन्होंने लिखा, अपने सपने को पूरा करने में उन्हें (अभ्यर्थी) न केवल कई साल लग गए बल्कि 50 लाख आवेदकों में से प्रत्येक को 250 रुपये जमा करने पड़े, जो इन युवाओं से लिए गए 125 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि है। हमारे युवाओं को इस तरह से पीड़ा झेलने नहीं दिया जा सकता। मैं आपसे यह सुनिश्चित करने की अपील करता हूं कि न्याय हो। कांग्रेस ने दावा किया है कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आई तो वे अग्निपथ योजना को वापस लेंगे

# पंजाब प्रांत की पहली महिला सीएम चुनी गईं नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज

- 2012 में राजनीति में उतरीं थी मरयम नवाज
- साल 1992 में सफदर अवान से मरयम नवाज की हुई शादी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी मरयम नवाज पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सीएम चुनी गई हैं। इसके साथ ही मरयम नवाज ने इतिहास रच दिया है क्योंकि मरयम नवाज पंजाब की पहली महिला सीएम हैं। मरयम नवाज को 220 वोट मिले और उन्होंने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार राना आफताब अहमद को हराया। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के सदस्यों ने वोटिंग का बहिष्कार किया, ऐसे में राना आफताब अहमद को कोई वोट नहीं मिला। संख्याबल के हिसाब से मरयम नवाज का पंजाब की सीएम बनना तय था। पंजाब असेंबली के स्पीकर मलिक अहमद खान ने पहले ही साफ कर दिया था कि सिर्फ सीएम पद को लेकर मतदान होगा और असेंबली के किसी सदस्य को बोलने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके बाद हुए मतदान में मरयम नवाज ने आसानी से जीत हासिल की। इससे पहले पंजाब असेंबली के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ, जिसमें 371 सदस्यों में से 321 सदस्यों ने शपथ ली। पंजाब असेंबली के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव में भी नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को ही जीत मिली। पीएमएल-एन के मलिक मोहम्मद अहमद खान स्पीकर चुने गए और उन्हें 224 वोट मिले। वहीं मलिक जहीर चानेर को डिप्टी स्पीकर चुना गया, जिन्हें 220 वोट मिले। मरयम नवाज पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेटी हैं। साल 1992 में सफदर अवान से मरयम नवाज की शादी हुई। सफदर अवान पाकिस्तान की सेना में कैप्टर रह चुके हैं। सफदर अवान, नवाज शरीफ के सुरक्षा अधिकारी भी रहे। मरयम नवाज के तीन बच्चे हैं। मरयम नवाज ने साल 2012 में राजनीति में कदम रखा और अपने पिता के साथ काम किया।

# सभ्यता व संस्कृति का संगम है भारत नेपाल मैत्री महोत्सव : सीडीओ

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को चंदनचौकी स्थित परियोजना कार्यालय प्रांगण में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का भव्य आगाज हुआ। कार्यक्रम में दोनों देशों की कला व संस्कृति का अदभुत संगम दिखा।

कार्यक्रम में खीरी जिले के सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि दीपक तलवार, ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला और नेपाल राष्ट्र से कृषि मंत्री रामेश्वर चौधरी, भूतपूर्व सांसद रेशम चौधरी, विधायक वीर बहादुर थापा, घनश्याम चौधरी, डिप्टी मेयर भूलिया कुमारी राणा ने सामूहिक रूप से सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ अजेंद्र यादव, सहायक निदेशक (संस्कृति) डॉ राजेश अहिरवार, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीसी उद्योग संजय सिंह, पीओ यूके सिंह की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव सभ्यता व संस्कृति का संगम है। इससे लोग एक-दूसरे की सभ्यता व संस्कृति से परिचित होंगे। उन्होंने दोनों देशों से पधारे जनप्रतिनिधियों, प्रतिभाशाली कलाकारों का खीरी जिला प्रशासन एवं भारत राष्ट्र की ओर से अभिनंदन और स्वागत किया।नेपाल राष्ट्र से कृषि मंत्री रामेश्वर चौधरी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी का संबंध मजबूत होगा। भूतपूर्व सांसद रेशम चौधरी ने कहा कि यह मैत्री महोत्सव भारत सरकार एवं उप्र सरकार की ओर से एक अच्छी पहल है। विधायक वीर बहादुर थापा ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में यादगार बन गया है। पुरातन काल से भारत नेपाल के रोटी बेटी के संबंध रहे हैं। डिप्टी मेयर भूलिया कुमारी राणा ने कहा कि ऐसे आयोजन से दोनों देशों के बीच पुरातन काल से चली आ रही दोस्ती और मजबूत होगी। भगवान राम की ससुराल जनकपुर में है। इसलिए हम नेपाल को भारत से पृथक सोच ही नहीं सकते। इस कार्यक्रम से अच्छी यादें लेकर जा रही हूं। कार्यक्रम की शुरुआत में संस्कृति विभाग उप्र के सहायक निदेशक डॉ. राजेश अहिरवार ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। भारत-नेपाल की मैत्री कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। नेपाल सीमा से सटे आठ जिलों में मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 21 दिवसीय भव्य आयोजन 09 से शुरू हुआ है, जो 29 फरवरी तक चलेगा। छह स्थानों पर कार्यक्रम हो चुके हैं। 29 फरवरी को पीलीभीत में इसका समापन होगा। कार्यक्रमों में भारत नेपाल के लोक नृत्य, व्यंजन व हस्तशिल्प प्रदर्शनी, भारत नेपाल फ्यूजन बैंड शो, हिंदी, भोजपुरी, नेपाली व मैथिली आदि भाषाओं व संस्कृतियों के सांस्कृतिक प्रदर्शन किए जा रहे।कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह और एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने नेपाल से आए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।





## लोकगीत व नृत्यों ने बांधा समा

रघुबीरा' नृत्य नाटिका, भारत-नेपाली फ्यूज़न बैण्ड शो, भारतीय लोक नृत्य, डान्स ऑफ यू.पी. फ्यूजन लोक नृत्य शो, व्यंजन एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी, हिन्दी, भोजपुरी, मैथिली एवं नेपाली गायको की प्रस्तुति, भारत-नेपाल परिधान प्रदर्शन शो, तराई सीमा जनपदों की सांस्कृतिक यात्रा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के मुख्य आर्कषण रही। मैत्री महोत्सव में नेपाली डांडिया/बांसुरी/घाटू/मारूनी आदि नृत्यों की प्रस्तुति भी आयोजन में चार चांद लगाया। लखनऊ से आई मनीषा यादव ने लोकनृत्य एवं डांस ऑफ इंडिया पर शानदार प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की। नेपाल राष्ट्र से कंचनपुर अंचल से आए कलाकारों ने नेपाली बासुरी नृत्य, नेपाली डांडिया नृत्य के साथ ही अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लखनऊ से लोकगायिका संजोली पांडेय ने मनमोहक गायन पर अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मनमोह लिया। एकलव्य आवासीय मॉडल विद्यालय लखीमपुर की छात्राओं ने भारतीय परिधानों में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को झूमने को मजबूर कर दिया। लोक नृत्य मनीषा यादव लखनऊ, सुनील राणा लखीमपुर ने नेपाली थारु होली , देशभक्ति लोक गायन आनंद अग्निहोत्री, थारु लोक गायन रिंकू राणा पीलीभीत ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का सफल संचालक विजित सिंह ने किया।

## 225 जनजातीय कन्याओं को निशुल्क साइकिल की सौगात, खिले चेहरे

एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चंदन चौकी के प्रांगण में आयोजित भारत नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम के दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला, परियोजना अधिकारी यूके सिंह, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, एवं नेपाल से आए अतिथियों/जनप्रतिनिधियों के साथ अनुसूचित जनजाति की मेधावी छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए 225 मेधावी छात्राओं को साइकिल वितरित की। आयोजित कार्यक्रम में साइकिल पाकर मेधावी छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

# महिला के द्वारा प्रधान पर आवास के नाम पर पांच हजार रूपयो की ठगी करने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** आए दिन कोई न कोई भ्रष्टाचार का मामला सामने आने से पूरा तहसील क्षेत्र सुर्खियो में बना रहता है। ताजा मामला ग्राम मोहम्मदी सरायं का सामने आया है जहां एक वृद्ध महिला द्वारा ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए कहा कि उससे आवास के नाम पर पांच हजार रूपयो की मांग की गयी जिसे वृद्ध महिला द्वारा अपनी बकरी बेंचकर पूरा किया गया परन्तु रूपयां देने के बाद भी वृद्ध महिला को आवास नहीं मिल सका।

वृद्ध महिला न्याय के लिये उच्चाधिकारियो के चक्कर काट रही है बताते चले कि विकास खण्ड की ग्राम पंचायत मोहम्मदी सरायं निवासी सकीना पत्नी स्व0 शेर मोहम्मद ने ग्राम प्रधान मोहम्मद ताहिर खान पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम प्रधान द्वारा दो वर्ष पहले उससे आवास दिलाने के लिये पांच हजार रूपयो की मांग की गयी थी जिसे उसने अपनी बकरी बेंच कर पांच हजार रूपये प्रधान को आवास के लिये दिये थे। जिस पर प्रधान द्वारा वृद्ध सकीना को आश्वासन दिया गया था कि अब जल्द से जल्द आपको आवास मिल जायेगा। धीरे-धीरे समय बीतता गया परन्तु सकीना को आवास नहीं मिल सका। सकीना बराबर प्रधान के घर के चक्कर लगाती और आवार के लिये गुहार लगाती। हर बार उसे आवास जल्द मिल जायेगा सूची भेजी जा चुकी है कहकर टरका दिया जाता। धीरे-धीरे दो वर्ष बीत गए परन्तु सकीना को आवास नहीं मिल सका। दो वर्ष बीतने पर सकीना ने प्रधान से अपने पांच हजार रूपये वापस देने को कहा तो प्रधान मोहम्मद ताहिर ने पैसा देने से इंकार करते हुए कहा कि जाओ तुम्हे जो करना है करो जाकर हम पैसा वापस नहीं करेंगे। तब सकीना 26 फरवरी 2024 को मोहम्मदी आकर कोतवाली में तहरीर देकर प्रधान मोहम्मद ताहिर से पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। सकीना द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें महिला के द्वारा प्रधान पर आवास के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए देखा जा सकता है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जब खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी चाही गयी तो उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है और न ही ऐसी कोई शिकायत आई है।





## पुरानी रंजिश में महिला को लाठी डंडों से पीटा, केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कोरचक मजरे कैर गांव में पारिवारिक विवाद व पुरानी रंजिश के चलते एक महिला को गांव के ही दो लोगों ने गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारा पीटा चोटहिल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट जैसी गंभीर धाराओं पर मुकदमा पंजीकृत किया। बताते चलें कि कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी श्रीमती कलावती पत्नी स्वर्गीय राम बक्स निवासी ग्राम कोरचक थाना महराजगंज ने कहा है कि 26 को गांव के ही राकेश यादव पुत्र राम प्रकाश कंचन पत्नी राकेश यादव निवासी कोरचक मजरे कैर पारिवारिक विवाद व पुरानी रंजिश के चलते मुझ प्रार्थीनी से गाली गलौज करने लगे मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां दी व लाठी डंडों से मारा-पीटा मामले में प्रभारी कोतवाली का कहना है की मिली तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अमर शहीद राजा लोने सिंह की गढ़ी पर स्थित खंडहर में युवक और युवती के शव मिलने से सनसनी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मितौली क्षेत्र में अमर शहीद राजा लोने सिंह की गढ़ी पर स्थित खंडहर में सोमवार को युवक और युवती के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों के शव खून से लथपथ मिले। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ एसपी और सीओ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि पहले युवती को गोली मारी गई, फिर युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है। सभी पहलुओं पर जांच कराई जा रही है अमर शहीद राजा लोने सिंह की गढ़ी पर खंडहर में सोमवार सुबह करीब 10 बजे युवक और युवती के शव को देखा गया। युवती का चेहरा क्षत-विक्षत था। पूरा चेहरा खून से सराबोर था। इस वजह से उसकी पहचान में दिक्कत आ रही थी, जबकि युवक के सिर का कुछ हिस्सा गायब है आशंका है कि किसी धारदार हथियार से उसका सिर काटा गया है मांस के लोथड़े दूर तक बिखरे पड़े थे शवों के पास तमंचा व खोखा भी मिला है पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे सीओ शमशेर बहादुर सिंह ने युवक की जेब से उसका मोबाइल, बाइक की चाबी व दो कारतूस भी बरामद किए हैं जेब में मिले पर्स से निकले आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त रावेंद्र पुत्र कल्लूराम निवासी कल्लुआमोती के रूप में हुई है। युवती के पास से उसका मोबाइल फोन बरामद हुआ है। जिससे किसी महिला का फोन आने पर सीओ ने बात की इससे लड़की की शिनाख्त हो पाई घटनास्थल के पास में ही कुछ दूरी पर युवती की साइकिल मिली, जिसमें बैग में उसका सफेद रंग का कोट भी मिला है मौके पर मौजूद युवती के मामा उपनेश उर्फ मोनू निवासी सेमरावां ने बताया कि उसकी भांजी उमा भारती मूलरूप से मुरादपुर थाना मैगलगंज की रहने वाली था। वह मितौली के निजी हॉस्पिटल में नौकरी करती थी। इन दिनों वह अपने ननिहाल सेमरावां निवासी नाना प्रेमचंद के यहां रहती थी। सुबह करीब नौ बजे वह साइकिल से निकली थी।

## प्रमाण पत्र पाकर प्रतिभागी छात्रों के चेहरे खिले



**लालगंज (रायबरेली) अवधनामा संवाददाता।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 2047 के विकसित भारत का विकसित रेलवे विषय पर आयोजित भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को रेलवे की ओर से सम्मानित किया गया। प्रमाण पत्र पाकर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश भर के 554 स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इसको लेकर स्टेशन परिसर में भी एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में विजेता बैसवारा इंटर कॉलेज के 50 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को रेलवे के नोडल अधिकारी एपीओ प्रभात कुमार सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं में आयुष्मान त्रिवेदी, आदेश श्रीवास्तव, देवांशू त्रिवेदी, विनायक द्विवेदी, अपर्णा यादव, तैबा खातून, सृष्टि सिंह, क्षमा श्रीवास्तव, आकृति सिंह, मयंक गौड़ आदि शामिल रहे। मंच पर अद्भुत योगासनों का प्रदर्शन करने वाले हृदयांश, देवाशी, पायल और आर्यन को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन बाल योगियो के अद्भुत प्रदर्शन पर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता व बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी शिक्षक वीरेंद्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक बृजेश शर्मा, आशीष सिंह तमाम गढ़मान्य नागरिक मौजूद रहे।

## दूषित जल से होने वाली बीमारियों से आमजन को किया सचेत

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज विकास खंड पुवांरका में ग्रामीणों को जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया गया और जल की गुणवत्ता एवं जांच के संबंध में जानकारी दी गई। जनपद के विकासखंड पुवारका में खंड विकास अधिकारी नीरू मलिक तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत कंवरपाल ने राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन 'हर घर जल' योजना अंतर्गत जल जीवन मिशन जल गुणवत्ता योजना अंतर्गत जनपद स्तर एवं जनपद के समस्त ग्राम स्तर व ग्राम पंचायत पर जल गुणवत्ता की सर्वेलेंस एवं निगरानी फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु जल गुणवत्ता जांच एवं सामाजिक मान चित्रण, स्वच्छता संबंधित प्रदर्शनी तथा आईईसी मटेरियल वितरण एवं वीडियो चलचित्र के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम संस्था (विंग) वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ग्रामीण नीडी सोसाइटी लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा विकास खण्ड पुवांरका के समस्त राजस्व ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।



## मानव मंदिर पार्क बचाने को लेकर प्रदर्शन

**सहारनपुर।** मानव मंदिर स्थित पार्क में क्षेत्रवासियों को योग करने से मना करने और मुख्य द्वार पर तालाबंदी किए जाने के विरोध में आज पूर्व विधायक ठा.विरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया और कहा कि पूर्व की भांति क्षेत्रवासियों को नियमित व्यायाम व योग किये जाने के लिए पार्क को खोला जाये। जेवी जैन कॉलेज स्थित प्रद्युम्न नगर मानव मंदिर के पार्क में लोगों को योग करने से रोकने व तालाबंदी किए जाने के विरोध में क्षेत्रवासियों ने स्वतंत्रता सग्राम सैनानी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.अजीत प्रसाद जैन की प्रतिमा के समक्ष पूर्व विधायक ठाकुर विरेन्द्र सिह के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पिछले दो दिन से उन्हें पार्क में कुछ लोग योग करने से मना कर रहे है और उन्होने पार्क के गेट पर ताले लगा दिए है। सुबह पार्क में घूमने आने वाले कई बुजुर्गो ने बताया कि ताले लगे होने के कारण, वह भी पार्क मे नही घूम सकते है। पूर्व विधायक ठा.विरेंद्र सिह ने बताया कि यह पूरी जमीन स्व.राय साहब प्रद्युम्न जैन ने पूर्व मंत्री अजीत प्रसाद जैन को जनकल्याण कार्यो के लिए कुछ शर्तो पर दान दी थी।

# संशिक्षा क्रिएटिव स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** शिक्षा द्वारा हमें नैतिक मूल्यों, समाज सेवा की भावना, सामाजिक न्याय और समरसता के महत्व को समझने में मदद मिलती है। शिक्षित लोग समाज की समस्याओं के समाधान में योगदान करते हैं, सामाजिक बदलाव को प्रोत्साहित करते हैं और समाज के उद्धार में योगदान करते हैं। विद्यालयों में सम्पन्न होने वाले कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के जीवन के हर पहलू पर समारात्मक प्रभावत डालते हैं।

उक्त उद्गार रायबरेली शहर के ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्था संशिक्षा क्रिएटिव स्कूल में सम्पन्न हुए वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान नन्दन सिंह बोरा, निदेशक निफ्ट ने व्यक्त किये। *विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे व्यापार मण्डल के प्रदेश संगठन मन्त्री मुकेश रस्तोगी ने छात्रों एवं विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य में ज्ञान का प्रसार होता है। इंसान की बुद्धि का विकास शिक्षा अर्जित करने से ही होता है। अतिथि के रूप में पधारे सिमहैन्स हास्पिटल के निदेशक डा मनीष चौहान ने कहा कि शिक्षा न हो तो मनुष्य के जीवन की कल्पना भी मुश्किल है। आई.टी.आई.लि. के यूनिट हेड राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि आज के समाज में शिक्षा का महत्व काफी बढ़ चुका है। शिक्षा के उपयोग तो अनेक हैं, परन्तु उसे नई दिशा देने की आवश्यकता है।



बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक उत्सव का थीम इवोल्यूशन था। बच्चों ने थीम के साथ ही कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस श्रृंखला में बूम-बूम, आस्तिक, बंगाल, नृत्य, चार्लीग् चैपलनि, ताइकवांडो, माणिके, दहेज प्रथाम, खलासी, इसरो, सेवेन स्टेजेस आफ लाइन, आलसी नृत्य, इतिहास नृत्य, टूटिंग, हरियाणवी नृत्य, भारत का इतिहास, हास्य, नृत्य, ख्वाजा मेरे ख्वाजा, शिव तांड़व, सरस्वती वंदना, रघुवन आदि थे, जिनमें अद्रिका, अरनव, देवांशी, संस्कृति, पारूल, काव्या, समीक्षा, अनुष्का, पल्लवी, वैशणवी, शिखर, शिवन्य आदि बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। विद्यालय के निदेशक अभिषेक निरंजन एवं नीरज वर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा श्रुति त्रिपाठी, डा ओमिका चौहान, ए.के. सिंह सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कूड़े के ढेर में सफाई कर्मचारी ने लगाई आग सारा धुआं रानीगंज के घरों में

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** तहसील परिसर के पीछे के हिस्से में कूड़े के ढेर में सफाई कर्मचारी ने लगाई आग सारा धुआं रानीगंज के घरों में जाता है रानीगंज निवासियों ने वीडियो बना सोशल मीडिया पर किया वायरल।

## एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना खीरी द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त अभि0 मासूम खाँ पुत्र अय्यूब खाँ निवासी ग्राम कादीपुर थाना व जिला खीरी सम्बन्धित मु0अ0सं0 035/24 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है।

## एसडीएम अश्वनी कुमार को दिया किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** एमएसपी पर कानून बनाने की मांग को लेकर किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च लुधौरी स्थिति गल्ला मंडी में एकत्र हुए किसानों ने राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम अश्वनी कुमार को दिया इस दौरान तहसीलदार भीमचन्द निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र यादव व कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात रही।

## धूमधाम से मनाई गयी संत शिरोमणि रविदास जयंती

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** संत शिरोमणि रविदास जयंती के उपलक्ष में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसमें उनके जीवन व प्रसंगों से जुड़ी झांकियां सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। गांव चकहरेटी में संत गुरू रविदास महाराज की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर शोभा यात्रा भी निकाली गयी। शोभा यात्रा में विभिन्न महापुरुषों की झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष आशु खत्री के नेतृत्व में सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व पटका डालकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व सांसद राघव लखन पाल ने फीता काटकर किया।

## कुरान हिफ्ज करने वाले 16 बच्चों को बांधी पगड़ी

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** कुरान हिफ्ज करने वाले बच्चों की पगड़ी बांधकर दस्तारबंदी की गयी तथा सभी को हाफ़िज़ की उपाधि देते हुए समाज हित में कार्य किए जाने का प्रेरित किया। नदीम कॉलोनी स्थित एक सभागार में राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष इमरान सिद्धिकी, जिला सचिव मौ.समी, मौ.जमशेद ,हाफ़िज़ सलमान द्वारा सबे ए बारात की रात कुरान हिफ्ज करने वाले बच्चों के सिर पर पगड़ी बांधने का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शमीम अहमद ने शिरकत की और सभी 16 बच्चो के सिर पर पगड़ी बांधी। उन्होंने कहा कि शब्बे ए बारात के दिन सभी मुसलमान अल्लाह की इबादत करते है। इस मौके पर 16 हाफ़िज़ बच्चो के सिर पर पगड़ी बांधने का जो प्रोग्राम रखा गया है। इसी प्रोग्राम को देख कर सभी मुसलमान भाइयों में अपने बच्चो को भी हाफ़िज़ बनाने का जज्बा पैदा होगा। उन्होंने हाफ़िज़ सलमान को मुबारक बाद देते हुए कहा कि बच्चो को हाफ़िज़ बनाने का जो काम हाफ़िज़ सलमान कर रहे है, वो काबिले तारीफ़है।

## इम्पोर्टेन्ट है रायबरेली को अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाना ही जीवन का आखिरी मकसद



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** 2014 में भाजपा से रायबरेली लोकसभा चुनाव लड़े वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने आज हनुमंतपुरम, त्रिपुला स्थित अपने आवास का हवन पूजन कर गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर भारी संख्या में पहुंचे इलेक्ट्रोनिक एवं प्रिंट मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि वह अब रायबरेली के स्थाई निवासी हो गए हैं और उन्होंने प्रण किया है कि वह रायबरेली के चहुमुखी विकास के लिए अपना शेष जीवन न्योछावर कर देंगे। अजय अग्रवाल ने कहा कि रायबरेली की जनता ने उन्हें बहुत स्नेह एवं सम्मान दिया है तथा वह उनके ऋणी है। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि उन्होंने जीवन पर्यंत वकालत की है और ईश्वर की कृपा से उनके पास किसी चीज़ की कमी नहीं है और अब उनकी इच्छा केवल और केवल रायबरेली को विकास के शिखर पर पहुंचाना है और यहां के प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर आत्मसमान तथा आत्मविश्वास की झलक एवं खुशी और मुस्कान देखना ही उनके जीवन का आखिरी मकसद है। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि जैसा वह पूर्व में कह चुके हैं कि रायबरेली का विकास वह नोएडा की तर्ज पर कराने के लिए निरंतर प्रयासरत करेंगे और रायबरेली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बहुत ही विकसित क्षेत्र के रूप में जाना जाएगा। गृह प्रवेश के कार्यक्रम में भाजपा की जिले की सभी नामची हस्तियां जिनमे प्रमुख रूप से पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह तेजगांव, पूर्व विधायक राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, ऊंचाहार व महाराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि केके जायसवाल व प्रभात साहू, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, जिला महामंत्री शरद सिंह, अनुभव कक्कड़ अन्य अनेक पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष तथा सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी पंकज मुरारका, राजकुमार गुप्ता, सी. एम. सिंह, हरिशंकर मौर्या आदि आदि तथा अन्य हजारों की संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

# डीआईओएस योगराज को दी भावभीनी विदाई

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक योगराज सिंह सैनी को भावभीनी विदायी देते हुए उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज की राजनीति में भागीदारी पर चर्चा करते हुए सभी पार्टियों से सांसद के लिए टिकट की मांग की गई।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति जिला विद्यालय निरीक्षक योगराज सिंह सैनी ने कहा कि समाज द्वारा उनका जो आज सम्मान किया गया है। वह इस सम्मान से अभिभूत हैं और अब वह पूरे जीवन समाज की सेवा करते रहेंगे। समाज सेवी डॉक्टर करण सिंह सैनी ने कहा कि समाज को समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता लानी चाहिए। प्रमुख वक्ताओं में एडवोकेट अभय सिंह सैनी ने कहा कि समाज को एकजुट होकर राजनीति में भागीदारी के लिए लड़ाई लड़नी होगी तभी समाज आगे बढ़ सकता है। सैनी महापंचायत के अध्यक्ष अंकुर सैनी ने कहा कि हम सब एकजुट हैं और हम सबको मिलकर समाज के लिए संघर्ष करना होगा। भागीरथी सेना के जिलाध्यक्ष कंवरपाल सैनी ने कहा कि हमारा समाज भीड़ का हिस्सा नही बनेगा, अग्रिम पंक्ति में रहकर नेतृत्व करेगा। आल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल सिंह सैनी ने कहा कि वह सभी पार्टियों से मांग करते हैं की जो भी पार्टी लोकसभा चुनाव में समाज को टिकट देकर सम्मान देने का काम करेगी। समाज उस पार्टी के साथ है। जिला अध्यक्ष ऋषिपाल सैनी ने कहा कि राजनीति में भागीदारी के लिए हम सब एकजुट हैं। महिला जिला अध्यक्ष सुनीता सैनी, उपाध्यक्ष कौशल सैनी ने कहा कि समाज को एकजुट करने के लिए महिलाएं सबसे आगे बढ़कर कार्य करेंगी और इस राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे। समारोह को प्रदेश उपाध्यक्ष करम सिंह सैनी, एडवोकेट विक्रम सिंह सैनी, एडवोकेट विनीत सैनी ने भी संबोधित किया।



# जाटव नगर में नाले में गिरने से आठ वर्षीय बालक की मौत

## क्षेत्रीय लोगों ने नगर निगम को जिम्मेदार बता किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जाटव नगर बुड्ढीमाई चौक स्थित मंदिर के बाहर नाले में आठ वर्षीय बच्चे के गिर जाने से हुयी मौत के विरोध में आज क्षेत्रीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने पार्षद अभिषेक उर्फ टिंकू अरोड़ा के नेतृत्व में नगरायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर धरना दिया।

वार्ड 7 जाटव नगर में बुड्ढी माई मंदिर के समीप नाले के निर्माण हेतु खुदाई का कार्य किया जा रहा है, लेकिन कार्य धीमी गति होने के कारण आज एक मासूम की नाले में गिरने से मौत हो गयी। बताया जाता है कि 8 वर्षीय नमन पुत्र रवि निवासी आदर्श नगर नाले के समीप से गुजर रहा था कि अचानक पैर स्लिप होने से वह उसमें जा गिरा, जहां उसकी मौत हो गयी। बच्चे की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में बच्चे को बाहर निकाला गया। मृतक बच्चे के परिजन भी मौके पर पहुंच गये। सूचना सपा महानगर प्रभारी व पार्षद टिंकू अरोड़ा, पार्षद फहाद सलीम मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए घटना के लिए नगर निगम को जिम्मेदार बताया और क्षेत्रवासियों के साथ वह नगर निगम कार्यालय जा धमके, जहां उन्होंने घटना के विरोध में नगर निगम के खिलाफजमकर नारेबाजी की। उन्होंने निगम अधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द नाले को ढकने का काम किया जाये और निर्माण विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये और मृतक बच्चे के परिजनों को 20 लाख रूपये मुआवजा दिलाया जाये। पार्षद प्रतिनिधि नितिन ने कहा कि इस संबंध में नगर निगम को कई बार पत्र लिखा जा चुका है, लेकिन लापरवाह निगम अधिकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी।



# युवा नेतृत्व में हो राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक सूझबूझ का विकास : डॉ. राजेश्वर

**लखनऊ।** यंग लीडर्स में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व शक्ति जागृत करने और उन्हे राजनीतिक, प्रशासनिक, सामाजिक व अन्य विषयों के सम्बन्ध में जागरूक बनाने के उद्देश्य के साथ सोमवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गयी अभिनव पहल युवा ञ्च सरोजनीनगर कॉन्क्लेव के तीसरे चरण में युवा नेतृत्व सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नटकुर स्थित आर्याकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेज में आयोजित %युवा नेतृत्व सशक्तिकरण कार्यशाला में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, सेवानिवृत्त अधिकारियों और विभिन्न सामाजिक मंचों पर प्रभाव रखने वाले एक्सपर्ट द्वारा युवा नेताओं को संवेदनशील, जागरूक, स्थिर और विनम्र राजनेता के रूप में स्थापित करने और उनकी



प्रतिभा को निखारने के लिए उन्हें प्रेरित, प्रोत्साहित ौर उनका मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला के आयोजक डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाशक्ति को राष्ट्र की अमूल्य निधि बताये हुए कहा कि युवाओं की शिक्षा राष्ट्र की प्रगति की बुनियाद है, देश की उतरोत्तर प्रगति के लिए युवा नेतृत्व को भविष्य की व्यापक भूमिकाओं के प्रति तैयार करना हमारा प्रमुख कर्तव्य है, उन्होंने युवा नेताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि नेतृत्वशीलता के लिए युवाशक्ति में स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए एक विजन होना चाहिए, समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण, विकास योजनाओं के मानकों का ज्ञान और प्रशासनिक संरचना की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। इस दौरान सरोजनीनगर

- **सरोजनीनगर को सर्वोत्तम विधानसभा बनाने का लक्ष्य**
- **विधायक डॉ. राजेश्वर ने साथी युवा नेताओं के लिए आयोजित की कार्यशाला**

विधायक ने युवा शक्ति को अपने क्षेत्र के विकास के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया, डॉ. सिंह ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यशाला के उपरान्त युवा शक्ति के पास नई दिशा, नए विचार, नए लक्ष्य और नई परख होगी, जिसके फलस्वरूप अगले 2 साल तक साथ काम करके सरोजनीनगर के युवा %आदर्श सरोजनीनगर% के निर्माण का वाहक बन सकेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में एसएसपी विजिलेंस पद पर तैनात आईपीएस अधिकारी अरविन्द चतुर्वेदी ने युवाओं में ऊर्जा का संचार करते हुए जो कुछ भी हो सर्वोत्तम हो का लक्ष्य दिया। उन्होंने युवाओं को पुलिस के इतिहास से लेकर वर्तमान में प्रदेश बल की संरचना, अधिकारों क्रियाकलापों से अवगत कराया। पूर्व डीआइजी रहे रिटायर्ड आईपीएस हरीश कुमार ने यंग लीडर्स को जनप्रतिनिधियों के उत्तरदायित्वों के बारे में बताते हुए कहा की, हम युवाओं को कैसे शिक्षित बना सकें, हम कैसे युवाओं को राष्ट्र के विकास में समायोजित कर सकें इसके लिए प्रयास करना जनप्रतिनिधि का प्रमुख उत्तरदायित्व है, उन्होंने राजेश्वर सिंह की कार्यशैली को एक आदर्श विधायक की कार्यशैली के रूप में परिभाषित किया। युवा नेतृत्व सशक्तिकरण कार्यशाला को पूर्व संयुक्त निदेशक- पंचायती राज राकेश चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया

# पड़ोसी की आमद से चमक रहे मयखाने चार साल में करीब चार लाख बढ़ी कुशीनगर की आबादी

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले में मयखानों की चमक बढ़ती जा रही है। बीते चार वर्षों में जिले की आबादी तो बमुश्किल 10 फीसदी बढ़ी लेकिन अंग्रेजी शराब की खपत 64 फीसदी तक बढ़ गई। वहीं, बियर की मांग में डेढ़ सौ फीसदी का उछाल आ चुका है। दरअसल, बिहार में शराब पर पाबंदी की वजह से सीमावर्ती जिले में शौकीनों की आमदरफ्त बढ़ गई और शराब की बिक्री साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। सरकारी विभागों के आंकड़े इसकी तस्दीक कर रहे हैं।

बुद्धनगरी कुशीनगर का बड़ा हिस्सा बिहार के पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले से जुड़ा है। दवा-इलाज और खरीदारी की जरूरतों के साथ इस पार से उस पार तक लोगों की रिश्तेदारियां भी हैं इसलिए आना-जाना रहा है। पड़ोसी जिले देवरिया के लार, बनकटा और खामपार क्षेत्र बिहार के सीवान से जुड़ते हैं, भटनी और बरियारपुर से गोपालगंज जुड़ता है।

### देवरिया में दुकानें ज्यादा फिर भी बिक्री कम

चार वर्षों में कुशीनगर में अंग्रेजी शराब की मांग 27 लाख बोतल तक बढ़ गई तो वहीं देवरिया में यह बढ़त करीब साढ़े 12 लाख बोतल तक ही है। इसी तरह कुशीनगर में बियर की मांग में 70 लाख केन का इजाफा हुआ है तो देवरिया में 37 लाख केन की मांग बढ़ी है। ऐसी स्थिति तब है जबकि देवरिया में कुशीनगर के मुकाबले अंग्रजी शराब और बियर दोनों की दुकानें ज्यादा हैं।

### युवाओं के बहके कदम, बियर की बढ़ती गई मांग

बुद्धनगरी में यूं तो देसी और अंग्रेजी शराब की बिक्री साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है लेकिन युवाओं की पसंद मानी जाने वाली बियर की बिक्री ने इन्हें पीछे छोड़ दिया है। साल 2020-21 में बियर की बिक्री जहां करीब 42 लाख केन की थी वहीं अगले ही साल 2021 में 75 लाख केन की बिक्री हुई। पिछले साल यह आंकड़ा एक करोड़ केन पर पहुंच गया और इस साल आबकारी विभाग को करीब एक करोड़ 15 लाख केन बियर की बिक्री की उम्मीद है।

जानकारों के मुताबिक लार के रास्ते राम जानकी मार्ग से भी बिहार जुड़ता है। सीमा पार बिहार जाने के लिए अन्य रास्ते गांव-गिराव की टूटी सड़कों और पगडंडियों वाले ही हैं। शायद यही वजह है कि देवरिया के रास्ते बिहार तक तस्करों की पैठ ज्यादा आसान है और यहां शराब की लाइसेंसी दुकानों से शराब की बिक्री में बढ़ोत्तरी औसत ही रह गई है।

**देसी की दुकानें बढ़ीं पर मेहमानों को शौक नहीं:** बिहार से अंग्रेजी शराब और बियर के ही ज्यादातर तलबगार सीमा पार आते हैं, शायद यही वजह है कि बीते चार वर्षों में कुशीनगर में देसी शराब की 10 दुकानें बढ़ गई लेकिन बिक्री में इजाफा महज 28 फीसदी है। अंग्रेजी शराब की बिक्री में 63 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई जबकि बियर की बिक्री 53 प्रतिशत बढ़ गई है। इनमें अंग्रेजी की दो और बियर की तीन दुकानें बढ़ी हैं। देसी शराब से सरकार की आय में 49 प्रतिशत की बढ़त हुई है तो अंग्रेजी शराब से मिलने वाले राजस्व में 92 फीसदी का उछाल आया है।

## मस्तिष्क में घातक सूजन, एन्सेफलाइटिस के गलत निदान के कारण है खतरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि कई लोगों को मस्तिष्क में घातक सूजन, एन्सेफलाइटिस के गलत निदान के कारण खतरा है। सर्वेक्षण में शामिल आधे से अधिक भारतीय आपातकालीन चिकित्सा पेशेवरों ने सामान्य लक्षणों के साथ प्रस्तुत किए जाने पर भी एन्सेफलाइटिस को संभावित निदान के रूप में चूक गए। सर्वेक्षण में शामिल कई लोगों ने एन्सेफलाइटिस की गंभीरता को कम करके आंका, जिसमें 62 प्रतिशत लोगों ने देरी से पहचान और एन्सेफलाइटिस के इलाज के बाद मृत्यु को संभावित रोगी परिणाम के रूप में नहीं माना। जागरूकता की इस कमी से देरी से निदान और उपचार होता है, और मृत्यु दर 40 प्रतिशत तक पहुँचने के साथ खराब रोगी परिणाम मिलता है, जबकि बचे हुए अक्सर दुर्बल करने वाली दीर्घकालिक विकलांगताओं का अनुभव करते हैं। जबकि आधे से भी कम (45 प्रतिशत) आपातकालीन चिकित्सा पेशेवरों को एन्सेफलाइटिस को पहचानने में विश्वास महसूस हुआ, 83 प्रतिशत कुछ हद तक या दृढ़ता से सहमत हुए कि उन्हें और अधिक प्रशिक्षण से लाभ होगा। चिकित्सा ज्ञान में



यह महत्वपूर्ण अंतर कई लोगों को जोखिम में डालता है। 22 फरवरी, विश्व एन्सेफलाइटिस दिवस पर, एन्सेफलाइटिस इंटरनेशनल जनता और स्वास्थ्य पेशेवरों दोनों के बीच एन्सेफलाइटिस के लक्षणों के बारे में जागरूकता और पहचान बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करता है। एन्सेफलाइटिस इंटरनेशनल स्वास्थ्य और चिकित्सा पेशेवरों को विश्व स्तर पर सुलभ प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के साथ सहयोग करना जारी रखेगा, ताकि एन्सेफलाइटिस को एक वैश्विक प्राथमिकता बनाया जा सके। एन्सेफलाइटिस दुनिया भर में हर मिनट एक व्यक्ति को प्रभावित करता है और इसकी घटना दर मोटर न्यूरॉन रोग और मल्टीपल स्केलेरोसिस को मिलाकर अधिक है। फिर भी, 80 प्रतिशत लोग इससे अनजान हैं।

## बेटी अपनी हो या परायी उसकी लाज बचानी चाहिए

### नौदुर्गों का व्रत समझकर कन्यादान में सहयोग देना चाहिए : मुकेशानंद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मानव एकता फाउंडेशन के अध्यक्ष एल पी सिंह एवं कृष्णा फाउंडेशन के अध्यक्ष पवन सोनी के नेतृत्व में 121 जोड़े वैवाहिक बंधन में बांधे गए और इस पुनीत यज्ञ में एक से एक बढ़ चढ़कर समाजसेवी माननीय विजय विक्रम सिंह सदस्य पूर्वांचल विकास बोर्ड गौरव वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिंदू समाज पार्टी श्री नारायण राजभर सदस्य पशुधन विकास परिषद राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मोहित मिश्रा समाजसेवी नारायण शुक्ला प्रतिनिधि विधायक कैंट पंकज तिवारी प्रदेश अध्यक्ष जन विकास महासभा उत्तर प्रदेश प्रतिभा बालयान रेनू शर्मा ट्री मैन ओज कवि मुकेशानंद सामिल हुए।

गरीब कन्याओं की शादी का नजारा देखते हुए ओज कवि मुकेशानंद ने कविता पढ़ते हुए युवाओं से आह्वान किया कि भगवान कोई और नहीं होते भगवान वही होते जो परहित जीते हैं पर पीड़ा पर रोते हैं उनके हर करम




रामायण गीता हर आंसू गंगाजल होते हैं जिनके हाथ किसी की मदद के लिए खड़े होते हैं वह हाथ भगवान का रूप होते हैं आज 121 गरीब कन्याओं का विवाह कराकर एल पी सिंह ने मानव एकता फाऊंडेशन और कृष्णा फाउंडेशन पवन सोनी ने एक नजीर पेश की है जो किसी भगवान की परिभाषा से कम नही हैं। आज देश को ऐसे नौजवानों की जरूरत है और यही हमारे सुभाष भगत सिंह बिस्मिल चन्द्र शेखर आजाद का सपना था जिसे एल पी सिंह पवन सोनी की टीम पूरा कर रही इनके सभी साथियों को कोटि-कोटि नमन हैं। बेटी अपनी हो या परायी उसकी लाज बचानी चाहिए नोंदुर्गों का वृत समझकर कन्यादान में भरपूर सहयोग देना चाहिए। यही असली पूजा हैं। किसी बेटी के विवाह समारोह में यदि 10 तक की देने की क्षमता है तो वह 10000 से कम नहीं है भगवान राम श्री लंका जाने के लिए समुद्र पर जब पुल बनवा रहे थे तो एक गिलहरी अपने बालों में मिट्टी लाकर डाल रही थी उसकी भावनाओं ने बड़े-बड़े बलशाली के दिलों को जीत लिया और भगवान राम ने उसे सबसे ज्यादा आशीर्वाद दिया। शादी समारोह में आपका छोटा से छोटा योगदान बड़ा योगदान बन सकता है।

## धार्मिक स्थल की भूमि पर कब्जे के विरोध में एसएसपी से मिले धर्म गुरू

**सहारनपुर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े एक्शन के बावजूद भी जमीन पर कब्जे के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं ऐसा एक मामला बेहट तहसील में सामने आया है जहां धार्मिक स्थलों को छीन भिन्न कर कब्जा कर लिया गया है। आज ईसाई समुदाय के धर्म गुरुओं और संत महात्माओं ने जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर रखा सामान को भी उठा लिया गया है और लगातार उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही है।

आज इस मामले को लेकर ईसाई समुदाय के संपत्ति के केयरटेकर अध्यक्ष बिशप दिनेश कुमार दिवाकर, पास्टर रामेश्वर उपकारी, मंहत डॉक्टर संत मलिक, हरिद्वार जूनागढ़ से आए महंत वीरेंद्र गिरी ने आज इस मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विपिन ताडा से भेंट की

## बच्चों से संवाद बनाए रखें : डॉ. सर्वेंद्र विक्रम



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** बच्चों का मन मस्तिष्क कोमल होता है वह अपने माता-पिता से ही सब सीखते हैं इसलिए अभिभावकों का यह दायित्व बन जाता है कि खुद को अपने बच्चों के सामने रोल मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। बच्चे तभी पढ़ने में रुचि लेंगे जब माता-पिता खुद भी कुछ ना कुछ पढ़ते रहेंगे। बच्चों को क्वालिटी टाइम दे तथा हर हाल में अपने बच्चों से संवाद बनाए रखें। उक्त विचार बेसिक शिक्षा के पूर्व निदेशक डॉक्टर सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने आज यहां एस एन ए गोमती नगर में स्माइलिंग फ्लावर्स स्कूल, गीता पल्ली के वार्षिकोत्सव के अवसर पर व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई. तत्पश्चात सर्वे भवंतु सुखी ना न्का संदेश देते हुए कक्षा 4 व 5 के विद्यार्थियों ने नृत्य पेश किया। जल ही जीवन है और नदियों को प्रदूषित होने से बचाएं का संदेश देती हुई नृत्य नाटिका बच्चों ने प्रस्तुत की। हमारे जीवन में माता-पिता का क्या महत्व है इस पर आधारित गीत का मंचन के जी कक्षा के नन्हे मुन्ने बच्चों ने जब अपने हाथों में माता-पिता के चित्र को लेकर किया तो सभी लोग भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रबंधक के के शुक्ल ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को शाल पहनकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्यद्य सुषमा शुक्ल ने इस अवसर पर स्कूल की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे स्कूल का उद्देश्य बच्चों का संपूर्ण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

## एक परिचय बैठक साहू समाज के मंदिर में संपन्न

**जालौन अवधनामा संवाददाता।** साहू समाज के जिला पदाधिकारी एवं नगर




पदाधिकारी की एक परिचय बैठक नगर जालौन के साहू समाज के मंदिर में संपन्न हुई। परिचय बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचें भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरज बाथम ने कहा कि समाज को शिक्षित होकर संगठित होकर सकारात्मक तरीके से देश के विकास में भागीदारी करना चाहिए। युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनकर राजनीतिक सक्रियता दिखानी चाहिए। साहू समाज के जिला अध्यक्ष श्री कृष्णा साहू ने कहा कि वह है साहू समाज के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। साहू समाज की बैठक में प्रमुख रूप सेनवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री श्री किशुन साहू जी संरक्षक दयाराम साहू जी कोषाध्यक्ष शिक्षक बड़े भाई लाल जी साहू जी शिक्षक धीरज साहू, साहू समाज की महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डॉक्टर विजयलक्ष्मी साहू जी भारतीय जनता पार्टी के नेता ज़शवंत साहू पवन साहू रूपेश साहू हिमांशु सेठ संजू साहू रामप्रकाश साहू उरई कदौरा से आए कृपा शंकर, श्री राम, दया शंकर, धनु लाल, फौजी अजय एडवोकेट डॉक्टर आशीष साहू जी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला नसबन्दी के लाभार्थीयों को दिया जायेगा उपहार

**अंबेडकरनगर।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में निःशुल्क महिला एवं पुरुष नसबंदी की गुणवत्ता पूर्ण सेवा दी जा रही है,जो महिलाएं नसबंदी कराती हैं उनको सरकार की तरफ से 2000 रुपए की धनराशि भी दी जाती है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार ने बताया कि इस वर्ष एनटीपीसी टांडा द्वारा नसबंदी कराने वाली महिलाओं को एक डिनर सेट उपहार स्वरूप दिया जाएगा एवं नसबंदी हेतु प्रेरित करने वाली आशा बहुओं आशा संगिनी व एएनएम किसी अन्य को भी 150 रुपए प्रति केस प्रेरक के रूप में अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिला प्रबंधक परिवार कल्याण कार्यक्रम सुनील वर्मा ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा 1000 महिलाओं को उपहार देने का लक्ष्य रखा गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मार्च माह में जनपद के अलग अलग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिला नसबंदी शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसका आशा एएनएम द्वारा विस्तृत प्रचार प्रसार किया जायेगा।

## गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने जाँच कमेटी को जिला विद्यालय निरीक्षक पर कार्रवाई के लिये सौपे शपथ पत्र

राम किशोर अवस्थी

**गाजियाबाद।** पेरेंट्स एसोसिएशन की डीआईओएस पर कार्यवाई के लिये जांच कमेटी के साथ हुई मैराथन मीटिंग गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज जिला विद्यालय निरीक्षक पर लगे भ्रष्टाचार, शोषण और अनियमितताओं के खिलाफ मुख्य विकास अधिकारी द्वारा नियुक्त की गई जाँच कमेटी जिसमे जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवम जिला उद्धान अधिकारी शामिल थे को शिकयतकर्ताओ द्वारा दिये गए दस रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र दिए एवम जांच कमेटी ने जीपीए एवम शिकायतकर्ताओं से सभी बिंदुओं पर 1 घंटे 30 मिनट तक विस्तृत रूप से चर्चा कर जानकारी ली गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पवन शर्मा, नरेश कुमार एवम धर्मेंद्र यादव ने बताया कि जिले के जिला विद्यालय निरीक्षक पर सरकारी विद्यालय के शिक्षक द्वारा



स्थानांतरण के लिए 40, 000 रुपये लेने के खुले आरोप लगाए गए है साथ ही सुबह फाउंडेशन,सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल, सिहानी की प्रधानाचार्या, अभिभावक सौरभ त्यागी एवम हरिओम गुप्ता द्वारा भी जिला विद्यालय निरीक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार , शोषण और अनियमिताओं के शपथ पत्र दिए गये है। डीआईओएस के खिलाफ लगे आरोपो की जांच पिछले अक्टूबर से लंबित है इसको लेकर जीपीए द्वारा दो बार मुख्य विकास अधिकारी के साथ मीटिंग भी की जा चुकी है जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा शिकायत करने वालो के शपथ पत्र जीपीए से मांगे गए थे जिस पर आज जीपीए द्वारा सभी के शपथ पत्र जांच कमेटी को जमा करा दिए गए है जांच कमेटी द्वारा सभी बिंदुओं को विस्तृत रूप से सुनने और जानने के लिए गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन धन्यवाद करती है साथ ही उम्मीद करते है कि जाँच कमेटी जिला विद्यालय निरीक्षक पर लगे सभी आरोपो की निष्पक्ष एवम दबाब रहित जांच कर सख्त कार्यवाई की संतुति करेगी। इस मौके पर पवन शर्मा, नरेश कुमार, सुमित त्यागी, धर्मेंद् यादव, हरिओम गौतम, सौरभ त्यागी, नवीन राठौर, इंगहराम के पूर्व प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, नवीन कुमार, सुबह फाउंडेशन के अध्यक्ष निशान्त त्यागी एवम उनकी टीम उपस्थित रही।

## लक्ष्य की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लक्ष्य साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थान द्वारा मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हज़रतगंज स्थित अवध कुंज पार्क में डॉ. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष गुरुदेव थे। संचालन कविवर कन्हैया लाल ने किया। गोष्ठी का शुभारंभ अनिल किशोर शुक्ल निडर की वाणी वंदना से हुआ। कवियों में डॉ. शरद पांडेय शशांक, प्रवीण कुमार शुक्ला गोबर गणेश, राम प्रकाश शुक्ल, अरविंद रस्तोगी, कवयित्री सुनीता चतुर्वेदी सुधा, अनीता सिन्हा, कन्हैया लाल, कुलदीप शुक्ला, सुरेश चंद्र गुप्त श्याम, उमाशंकर तिवारी, संतोष तिवारी हिंद्वी, राजीव पन्त, श्रीमती भारती अग्रवाल पायल एवं कन्हैया लाल आदि प्रमुख थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद पांडेय शशांक ने किया। कार्यक्रम के अंत में कवि आलोक रावत आहत लखनवी की माता जी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी।

## भाषा विवि में व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में व्यक्तित्व विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय मे कुलपति प्रो एन बी सिंह की अध्यक्षता में दैनिक जागरण एवं जिलेट गार्ड के सौजन्य से छात्रों के लिए एक दिवसीय व्यक्तित्व विकास संबंधी कार्यशाला करलो सफलता मुट्ठी में का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली से आए हुए श्री विश्वेश जी ने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पहलुओं से छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं संचालन कुलानुशाशक डॉ नीरज शुक्ल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पुरूष छात्रावास वार्डन डॉ. मनीष कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के तमाम छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# गन्ना के साथ सहफसली खेती से खुशहाल बन सकता है किसान

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र के खोट्ठा के सेमरौना टोले पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में पिपराईच चीनी के जीएम अरविन्द कुमार ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई गन्ना बुआई को बढ़ावा दे के अपने फसलों से दुगना से अधिक कमाई कर यहां के किसान भी जाट किसानों की तरह ट्रकों व लक्जरी गाड़ियों के मालिक बन सकते हैं। चीनी मिल से गन्ना बुआई को बढ़ावा देने के लिए प्रेशमड खाद, दवा, कृषि यंत्र आदि अनुदान पर दे रहा है।15 दिन के भीतर गन्ना मूल्य भुगतान भी किया जा रहा है। गन्ना अब नकदी फसल बन गई है।

जिला गन्ना अधिकारी जगदीश चन्द्र यादव ने कहा गन्ने की वैज्ञानिक व सहफसली खेती करके पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसान किसानों की तरह यहां



का किसान माला माल हो सकता है और ज्यादा खुशहाल बन सकता है। अन्य फसलों के सापेक्ष गन्ने की सहफसली खेती कर दो गुना से अधिक कमाई भी किया जा सकता है। गन्ना ही एक ऐसी फसल है जिसमें सूखा बाढ़ जैसे आपदाओं का खतरा नहीं के बराबर होता है। जबकि धान, गेहूं आदि फसलों के पैदावार में बीज निकलना भी कठिन होता है।

गन्ना एक बार बोकर तीन फसल काट सकते हैं। बसंत कालीन गन्ना बुआई के साथ प्याज, भिंडी, लोबिया आदि की खेती करने से जहां गन्ने का लागत मूल्य मुफ्त हो जाएगा। उपज बढ़ेगा। तथा गन्ने में लगने वाले कीटाणु भी नहीं लगेगा।वरिष्ठ गन्ना अधिकारी सुनील यादव ने कहा की मृदा परीक्षण के साथ कृषकों को फसल चक्र अपनाने तथा गहरी जुताई करने की सलाह दी। किसानों के मांग के सापेक्ष गन्ने की नई प्रजाति की उन्नतशील बीज जैसे को .0118, 98014 को.शा. 8272 8279, आदि चीनी मिल द्वारा दिया जा रहा है। नई किस्मों की बुआई कर बेहतर उपज लिया जा सकता है।


## युवक का शव मिलने से सनसनी

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** सदर कोतवाली थाना इलाके के सकरताली गांव के पास एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्राम चौकीदार द्वारा सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पंहुच गई। थोड़ी ही देर में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह समेत कई पुलिस अफसर भी मौके पर पहुँचे मामले की जानकारी हासिल की। एसपी ने मातहतों को मामले का खुलासा करने का निर्देश दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तफ्तीश शुरू की। शहर कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने बताया कि मृतक की पहचान जितेंद्र राम निवासी रजागंज थाना कोतवाली के रूप में पहचान हुई है। बताया कि मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान है। उन्होंने सिर में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोली मार कर हत्या की आशंका जाहिर की। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है।

## आखिर कब तक होते रहेंगे परीक्षाओं के पेपर लीक

**गाजियाबाद अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय प्रवक्ता कांग्रेस डॉली शर्मा ने कहा यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामला सूबे के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ विश्वासघात है। यहां वर्ष दर वर्ष ऐसे मामले प्रकाश में आते रहे, लेकिन निठल्ला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। देखा जाए तो उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लगभग 7 वर्षीय कार्यकाल में हुआ यह आठवां पेपर लीक मामला है, जिसने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के मनोबल पर नकारात्मक असर डाला है।



ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कहना कि पेपर लीक के दोषी न घर के रहेंगे, न घाट के महज एक राजनीतिक बयानबाजी है। इससे ज्यादा कुछ नहीं! इसलिए मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि आप स्पष्ट रूप से बताइए कि इससे पहले प्रकाश में आये विभिन्न 7 पेपर लीक मामले के दोषियों के खिलाफ आपने यानी आपके मातहत प्रशासन ने क्या क्या कार्रवाई की, या सिर्फ कार्रवाई के नाम पर महज खाना-पूर्ति की। यदि नहीं तो क्यों नहीं की गई। मेरी निर्विवाद राय है कि यदि ईमानदारी पूर्वक कार्रवाई की गई होती तो आठवीं बार पेपर लीक करने का दुस्साहस कोई कर ही नहीं सकता था। इसलिए राज्य के युवाओं में बेचैनी व्याप्त है। चर्चा यह भी है कि उत्तरप्रदेश का प्रशासन सीएमओ से नहीं, बल्कि पीएमओ से गाइड होता है। इसलिए प्रशासनिक भ्रष्टाचार अनियंत्रित है। यह कोई राजनीतिक आरोप नहीं, बल्कि व्यवस्थागत हकीकत प्रतीत होता है। इस बात में कोई दो राय नहीं कि मुख्यमंत्री ईमानदार हो सकते हैं, प्रधानमंत्री भी ईमानदार हो सकते हैं, लेकिन उनके मातहत काम करने वाला सिविल और पुलिस प्रशासन कितना ईमानदार है, इसका पता सूबे में आठवीं बार प्रकाश में आये पेपर लीक मामले से साफ चलता है। इसलिए, छात्र हित में माननीय न्यायालय को इस विषय पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और पूरे प्रकरण में बरती गई प्रशासनिक और अंततः राजनीतिक लापरवाही तय करते हुए पूरी चेन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि कोई न्यायिक नजीर स्थापित हो सके और गलत करने वालों में दहशत व्याप्त रहे।

## आयकर की धारा 43 बी (एच) पर पुर्नविचार की मांग

**सहारनपुर।** व्यापारियों ने आयकर की धारा 43 बी (एच) पर सरकार से पुनर्विचार कर समाप्त करने अथवा 1 साल के लिए टालने की की मांग की। आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला कोर कमेटी की बैठक किशनपुरा स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई, जिसमे व्यापारियों द्वारा आयकर की धारा 43 बी (एच) को लेकर उत्पन्न दुविधा को लेकर विचार-विमर्श किया गया। धारा 43बी (एच) के अंतर्गत खरीददार को एमएसएमई आपूर्तिकर्ता को खरीदी गई वस्तु के लिए पेमेंट करने के लिए 15 दिन से अधिकतम 45 दिन की समय सीमा प्रदान की गई है और यदि कोई खरीददार आपूर्तिकर्ता एमएसएमई को वो पेमेंट 45 दिनों में नहीं करता, तो उसे आयकर में खर्चों में लाभ नहीं मिलेगा और वह रकम उसकी इनकम में जोड़कर उससे टैक्स लिया जाएगा। व्यापार मंडल द्वारा विभिन्न बाजारों के प्रतिनिधियों को जानकारी उपलब्ध करवाने हेतु चार्टेड अकाउंटेंट मनीष गांधी को आमंत्रित किया गया, जिससे व्यापारियों को इस नियम की विस्तृत रूप से जानकारी दी जा सके।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम गोविंद तोलानी से बदलकर गणेश तोलानी रख लिया है अब भविष्य में मुझे गणेश तोलानी के नाम से जाना पहचाना वा पुकारा जाए।

**गणेश तोलानी**
**118/86 ख डी ब्लॉक**
**बर्लिंगटन अपार्टमेंट कैंट रोड**
**लखनऊ**

# भाजपा सरकार में पूरी तरीके से जंगलराज कायमः अवधेश प्रसाद

**अवधनामा संवाददाता**

**अयोध्या।** भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं। कल रात में अपराधियों ने विशाल यादव पुत्र श्यामबली यादव निवासी टोनिया, जिला-अयोध्या जो कि मक्खापुर बारात में गये थे और रात में लौटते समय मसिनिया गाँव के पास बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व मंत्री/विधायक और लोक सभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनको न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है और कहा कि इस संकट की घड़ी में पूरा समाजवादी पार्टी उनके साथ है। श्री प्रसाद ने पीड़ित परिवार से मिलकर उनको ढांढस बँधाया और कहा कि भाजपा सरकार में पूरी तरीके से जंगलराज कायम है।

अपराधियों का बोल-बाला है। उनको शासन-प्रशासन का जरा भी भय नहीं है। पीड़ित परिवार से मिलने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री तेजनारायण पाण्डेय पवन, सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक सपा प्रदेश महासचिव जयशंकर पाण्डेय, प्रदेश सचिव छेदी सिंह, प्रदेश सचिव छोटेलाल यादव, उपाध्यक्ष एजाज अहमद, ओपी पासवान, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम अचल यादव, कमलेश सोलंकी, जगन्नाथ यादव, चै0 बलराम यादव, सूर्यभान यादव, अरूण यादव, विपिन यादव, रमापति यादव, अशोक वर्मा, अखिलेश पाण्डेय आदि लोगों ने मिलकर गहरा दुःख व्यक्त किया और शासन-प्रशासन से मांग की कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करके सजा दी जाय। भाजपा सरकार में आम आदमी सुरक्षित नहीं है।

## महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

**मसौली बाराबंकी।** थाना अंतर्गत एक 40 वर्षीय महिला ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका मानसिक रोग सेत ग्रसित बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम ज्योली शिव नाथ वर्मा की पत्नी लक्ष्मी वर्मा 40 वर्षीय ने सोमवार के करीब 11 बजे घर के एक कमरे में रुपटा से फांसी लगाकर जान दे दी। जिसकी जानकारी परिजनों ने पीआरबी को दिया। पीआरबी ने घटना स्थल पर पहुंचकर मसौली पुलिस को सूचना दी। मसौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका के पति और बड़ा लड़का राजस्थान में काम करता है।

## सफाईकर्मी समेत तीन की अस्वाभाविक मौत, फांसी से लटके मिले दो शव

**बाराबंकी।** अलग अलग थाना क्षेत्रों में एक सफाईकर्मी समेत तीन लोगों की अस्वाभाविक मौत हो गई। मृतकों में दो के शव फांसी के फंदे से लटकते मिले। जानकारी के अनुसार राजेश गौतम 35 पुत्र स्व. मोलहे प्रसाद निवासी धरसनिया नगर कोतवाली का शव घर में आंगन में साड़ी से बल्ली पर बीती शाम लटकता मिला। मृतक खण्ड 3 लोक निर्माण विभाग में सफाई कर्मी था। दूसरी घटना में रंजीत गौतम 18 पुत्र स्व. बद्री प्रसाद निवासी ग्राम ग्वारी देवा का शव घर मे पंखे से साड़ी के सहारे लटकता मिला। परिजन रिश्तेदारी में मांगलिक समारोह में शामिल होने अमराई चिनहट लखनऊ गये थे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

तीसरी घटना में सुषमा शुक्ला (38) पत्नी राम गोपाल शुक्ला निवासी ग्राम सीहामउ थाना रामनगर सुबह शौच के लिए घर से पश्चिम खेत गई थी, मृत अवस्था में मिली।

# हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर सांसद ने किया पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास

**अवधनामा संवाददाता**



**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी द्वारा माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 41 हजार करोड़ की लागत से देशभर में 554 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास किया गया।

इसी क्रम में संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्यो का शिलान्यास मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में किया गया। हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन 22 करोड़ की लागत से विकास कार्य किये जायेगें। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना को आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य देश के महत्वपूर्ण स्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है। ताकि स्टेशनों की सुविधा में वृद्धि की जा सके। दिव्यांग नागरिकों के लिए स्टेशनों के नवीनीकरण में विशेष सुविधा की व्यवस्था की जाएगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के माध्यम से देश में स्टेशनों की नवीनीकरण की सुविधा के साथ पुरानी सुविधाओं को भी और बेहतर किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं रेलवे द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, पूर्व विधायक बैजनाथ रावत, ब्लाक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह, रामदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुशील जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष गण कृष्ण कुमार सिंह मुन्नू भैय्या ,राम सागर मौर्य ,सचिन वर्मा, भाजपा नेता नवीन सिंह राठौर, प्रधान गण गौरव सिंह, रामानंद सिंह, राजन सिंह, सोनू सिंह व नन्हे तिवारी सहित रेलवे विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आनन्दनगर जंक्शन अमृत भारत योजना से होगा सुसज्जितः पंकज

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज।** भारत के प्रधानमंत्री देश के विभिन्न हिस्सों में 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज, अंडर पास का शिलान्यास सोमवार को वर्जुअल उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। इसी क्रम में आनन्दनगर रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित हुई।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी रहें। संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित रेल विकसित उत्तर प्रदेश अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आनन्दनगर रेलवे स्टेशन पूर्ण रूप से विकास होगा और प्रत्येक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति शाली देश बन गई हैं।देश और प्रदेश का विकास राष्ट्र की पंक्ति की ओर बढ़ रहा है नए भारत की रेल प्रगति पर है। पूर्व में अंग्रेज भारत को गुलाम बनाए थें वह आज भारत के विकास से पीछे हैं। जिसमें चित्रकला,निबंध, वाक्य प्रतियोगिता विकसित भारत विकसित रेल 2047 प्रतिस्पर्धा हुआ। प्रतियोगिता में कुल तीन विद्यालयों के 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें जूनियर वर्ग में चंद्रा चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल की प्रियांशी साहनी प्रथम ,अगस्त गुप्ता स्कॉलर अकादमी की द्वितीय तथा के एम एकेडमी की रजनी चौबे तृतीय स्थान पर रही एवं आर्या जायसवाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।सभी विजयी प्रतिभागियों को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।कार्यक्रम में एडीआरएम रेलवे विक्रम कुमार,नोडल ऑफिसर राकेश कुमार ,जितेंद्र कुमार मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, राजकुमार आई एस ए, मोहम्मद सगीर खान स्टेशन अधीक्षक, शिशु ओम दीक्षित, मधुरंजन शाह, प्रवीण चौधरी, वीरेंद्र कुमार यादव वाणिज्य अधीक्षक, संजय कुमार आईसीटीसी अवधेश कुमार श्रीवास्तव सदस्य मंडल उपयोगकर्ता परामर्शदाती समिति लखनऊ, भाजपा नेता प्रमोद तिवारी ,अरविंद मिश्रा ,सभासद ऋषि चौरसिया ,विवेकानंद पांडेय, आशीष जायसवाल, डब्बू सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## लड्डू के साथ पीडीए इंडिया गठबंधन का गांव गांव जश्न

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस के इंडिया गठबंधन को समाजवादी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव दिव्यांग पंडित समरजीत ने गांव गांव पहुंचकर ग्रामीण माता बहनों तथा भाइयों और बुजुर्गों को लड्डू खिलाकर राहुल तथा सपा मुखिया अखिलेश यादव साथ-साथ होने का दे रहे हैं संदेश विधानसभा बीकापुर क्षेत्र के ग्राम सभा गुंधौर, वासुदेवपुर तथा दशरथपुर ग्राम सभा में पहुंचकर माताओ, बहनों तथा भाइयों को लड्डू खिलाकर 2024 में इंडिया गठबंधन को विजय श्री दिलाने के लिए लोगों से की अपील।लड्डू का वितरण करते हुए पंडित समरजीत ने कहा- आज भाजपा सरकार चारों तरफ से जनता को लूटने का काम कर रही है महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार तथा महिला उत्पीड़न और किसानों को उचित मूल्य देने में सरकार विफल हो गई है इन सबसे जनता को निजात दिलाने के लिए कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी एक साथ मिलकर इंडिया गठबंधन बना है जिसके अंतर्गत इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को देश तथा प्रदेश से खदेड़ने का काम किया जाएगा।

# सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर चयन होकर डा गौरव ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**अवधनामा संवाददाता**

**महराजगंज।** जब हौसलों में उड़ान हो तो कोई मंजिल दूर नही। इसको सिद्ध कर दिया है मिठौरा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम सभा मधुबनी के निवासी डा गौरव श्रीवास्तव ने। डा गौरव श्रीवास्तव आईआईआईटी इलाहाबाद में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित हुए हैं। इसकी जानकारी देते हुए डा गौरव श्रीवास्तव के पिता दीपचंद श्रीवास्तव ने बताया कि गौरव पढ़ाई के शुरुआती दिनों में ही काफी अच्छे थे। उनकी प्रारंभिक शिक्षा पंडित दिनदयाल इंटर कालेज, महराजगंज और माध्यमिक स्तर की शिक्षा गोरखपुर स्थित सेंट्रल अकादमी में हुआ हैं। इसके पश्चात आईएफएचई देहरादून से कंप्यूटर विज्ञान में बीटेक की डिग्री हासिल की। उन्होंने सभी शिक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। उनके डॉक्टरेट के दौरान, उन्हें क्योंकपोंक नेशनल यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया में ओवरसीज विजिटिंग रिसर्च स्कॉलर के रूप में चयनित किया गया और वहां एक शोधार्थी के रूप में कार्य किया। इसके बाद डॉ. गौरव श्रीवास्तव का आईआईआईटी इलाहाबाद में सहायक प्रोफ़ेसर के रूप में चयन हुआ है। उनकी इस सफलता पर पिता दीपचंद श्रीवास्तव, माता सुमनलता श्रीवास्तव, कृष्णानंद श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, भाई डा वैभव श्रीवास्तव, जितेंद्र श्रीवास्तव, राजेश सिन्हा, सहित तमाम शुभचिंकतों ने बधाई दिया हैं।

## ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को रौंदा, मां बेटे की दर्दनाक मौत दो अन्य घायल

**मसौली बाराबंकी।** रामनगर हाईवे के शहावपुर चौराहा के निकट बाइक सवार पर टैक्टर ट्राली चढ़ गई। हादसे में मां बेटे की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पिता और एक बेटा बच गए। सूचना पर मसौली पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।बेटे का स्थानीय उपचार कराकर जिला अस्पताल भेजा। टैक्टर ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद बहराइच के थाना विशेषर गंज ग्राम गुलरिया पण्डित पुरवा पोस्ट शिवपुर बैरागी निवासी अवधेश मिश्रा पुत्र बाबू लाल मिश्रा, पत्नी नीलम मिश्रा 27 वर्षीय, पुत्र कार्तिक मिश्रा 6 वर्षीय, कृष्णा मिश्रा 7 वर्षीय बाइक से सोमवार को लखनऊ जा रहे थे कि दिन के करीब 2 बजे शहावपुर चौराहा के करीब पहुंचे थे कि सड़क की कच्ची से सड़क पर चढ़ते समय बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई, तभी पीछे से आ रही आलू से लादी टैक्टर ट्राली की पहिया के नीचे आ जाने से नीलाम पत्नी अवधेश 27 वर्षीय और कार्तिक पुत्र अवधेश 6 वर्षीय दर्दनाक मौत मौके पर हो गई।

# मोरारी बापू ने प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली राम कथा का शुभारंभ किया

**अवधनामा संवाददाता**



**अयोध्या।** विश्व के घर घर एवम घट घट में रामकथा स्थापित करने वाले मोरारी बापू ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के निमंत्रण पर राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली राम कथा शुरू की है। सोमवार से शुरू हुआ कार्यक्रम 3 मार्च तक तीर्थ क्षेत्र पुरम विद्या कुंड में होगा, जो भव्य राम मंदिर के बिलकुल निकट है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अक्टूबर-2023 में मोरारी बापू से भेंट की थी और राम लला की मूर्ति की प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में ऐतिहासिक पहली राम कथा आयोजित करने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिया था। इस कथा का शीर्षक मानस राम मंदिर है। यह बापू की 932वीं कथा है और अयोध्या में उनकी सातवीं कथा होगी। रामकथा के लिए, मोरारी बापू ने राम चरित मानस से निम्नलिखित दो चौपाइयों को बंदउँ बालरूप सोइ रामू । सब सिधि सुलभ जपत जिसु नामू ॥ व इष्टदेव मम बालक रामा । सोभा बपुष कोटि सत कामा ॥ केंद्रीय पंक्तियों के रूप में चुना है। राम कथा के पहले दिन मोरारी बापू ने मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जी की प्रतिमा भी स्थापित करने का अनुरोध किया। इस पर चंपत राय ने तुरंत सहमति दे दी। तब बापू ने उन्हें मंदिर के लिए तीन पवित्र ग्रंथ - एक ग्रंथ स्वरूप चारों वेद, वाल्मिकी रामायण और गोस्वामी तुलसीदास जी की राम चरितमानस की वृहद आकार में मूल पाठ भेंट किया। प्रत्येक प्रति का वजन लगभग 15 किलो है। ट्रस्ट के मुताबिक इन्हें मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। यह ग्रंथ दर्शनीय तथा पूजनीय एवम धर्मग्रंथ संरक्षणार्थ समर्पित हैं।

गौरतलब है कि आध्यात्मिक विभूति मोरारी बापू का अयोध्या के राम मंदिर निर्माण में सबसे बड़ा योगदान है। छह दशकों से अधिक समय तक रामायण का प्रचार-प्रसार करने के लिए जाने जाने वाले बापू ने इस उद्देश्य के लिए 20 करोड़ रुपये का उल्लेखनीय दान दिया है।

कुल 11.30 करोड़ रुपये की राशि तुरंत ट्रस्ट को जारी कर दी गई थी, जबकि विदेश से जुटाई गई राशि को कुछ स्वीकृति का इंतजार था, जिसके लिए अब एक प्रमाण पत्र आ गया है। सभी नियमों का पालन करते हुए शेष राशि भी सौंप दी गई। कोविड-19 से उत्पन्न चुनौतियों के बीच, अगस्त 2020 में गुजरात के पिठोरिया में एक ऑनलाइन कथा के दौरान मोरारी बापू की हार्दिक अपील पर उदार धनराशि जुटाई गई थी। अपील के दौरान, मोरारी बापू ने राम मंदिर के निर्माण में योगदान देने की अपनी गहरी इच्छा व्यक्त की थी।

# कार्यालय, क्षेत्र पंचायत, इटवा-सिद्धार्थनगर

पत्रांकः 1057/2-लेखा/निविदा/2023-24 | दिनांकः 22 फरवरी, 2024

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-434/2-लेखा/पंजीयन/2023-24 दिनांक 05.08.2023 द्वारा राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदार का पंजीयन करने हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था। तत्पश्चात क्षेत्र पंचायत इटवा तो अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांक 22.02.2024 से 07.03.2024 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत इटया के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा प्रपत्र को दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्र पंचायत इटवा के नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना/पटल सहायक से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निविदा हेतु विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख में) | निविदा की धनराशि (जीएसटी छोड़कर | 2 प्रतिशत जमानत धनराशि | टेण्डर फार्म मूल्य जीएसटी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| क- | केन्द्रीय वित्त आयोग योजना (टायड) से संबंधित कार्य का विवरण- | | | | | |
| 1 | पिरैला में गोबर के दुकान से दीनू के घर तक नाला निर्माण कार्य। | 9.98 | 838872.00 | 16777.00 | 900.00 | 3 माह |
| 2 | चेचराफ बुजुर्ग तबाक के घर से पी.डब्लू. डी रोड तक नाला निर्माण कार्य। | 9.94 | 835213.00 | 16704.00 | 900.00 | 3 माह |
| 3 | रसूलपुर रतनेश के खेत से सल्टू के खेत तक नाली निर्माण कार्य। | 9.07 | 762093.00 | 15242.00 | 900.00 | 3 माह |
| ख- | केन्द्रीय वित्त आयोग योजना (अनटायड) से संबंधित कार्य का विवरण- | | | | | |
| 1 | सिसई में कब्रिस्तान से मतिबुल्लाह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 9.12 | 766153.00 | 15323.00 | 900.00 | 3 माह |
| 2 | कठेला गर्बी में मुस्लिम के खेत से अकरम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 8.93 | 750228.00 | 15005.00 | 900.00 | 3 माह |
| 3 | पली बेलसा में बरसाती के घर से राजाराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 5.18 | 734920.00 | 8698.00 | 900.00 | 3 माह |
| 4 | इन्द्रीग्रान्ट पी.डब्लू.डी. रोड (राजू के घर) से सन्नोएलाह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 8.15 | 684502.00 | 13690.00 | 900.00 | 3 माह |
| 5 | झकहिया में पी.डब्लू.डी. रोड से बब्बू के के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य। | 6.64 | 557668.00 | 11153.00 | 900.00 | 3 माह |
| 6 | बसंतपुर में सनेही के खेत के पास आर. सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य। | 6.88 | 578444.00 | 11569.00 | 900.00 | 3 माह |
| 7 | सेमरा में गांव के पश्चिम पक्की सड़क से मुस्लिम कब्रिस्तान तक सी.सी. निर्माण कार्य। | 7.33 | 624140.00 | 12483.00 | 900.00 | 3 माह |
| ग- | राज्य वित्त से संबंधित कार्य- | | | | | |
| 1 | सिसवा बुजुर्ग पंचायत भवन से काली स्थान तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य। | 8.60 | 722460.00 | 14449.00 | 900.00 | 3 माह |
| 2 | एकडेंगवा गांव के दक्षिण सरहद के पास आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य। | 5.14 | 431785.00 | 8636.00 | 900.00 | 3 माह |

**मुख्य शर्तः-**

1. प्रत्येक कार्य का पूर्ण करने अनुमन्य अवधि कालम (7) में दर्शाया गया है।
2. निविदा के साथ 02 (दो) प्रतिशत धरोहर धनराशि जो कालम नं0 (5) में तथा निविदा प्रपत्र शुल्क जो उक्त तालिका के कालम नं. (6) में अंकित है NEFT/RTGS से खाता संख्या-11480994172 भारतीय स्टेट बैंक इटवा IFSC Code - SBIN0002553 में जमा पुष्टि रसीद का स्कैन कॉपी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा स्वीकार करने की वैधता निविदा प्राप्त करने की तिथि से तीन माह (90) दिन होगा।
4. कार्य किसी अन्य को कदापि हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, निविदा स्वीकृत के बाद यदि हस्तान्तरित का स्थिति प्रकाश में आता है, तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
6. खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्षा क्षेत्र पंचायत इटवा द्वारा बिना कोई कारण बताये एवं बिना नोटिस दिये किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. अपूर्ण अथवा सही ढंग से निविदा प्रपत्र न भरी हुई निविदाये स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत इटवा को विशेष परिस्थितियो में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।
9. ठेकेदार को अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि.) के निर्देशानुसार कार्य करना होगा। निर्माण कार्य का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी /अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत इटवा के आदेशानुसार भुगतान बिल से कटौती किया जायेगा।
10. यह कि 02 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ जमा की जायेगी यदि ठेकेदार द्वारा पूर्ण जमानत धनराशि नहीं जमा किया जाता है तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
11. कार्य समाप्ति अथवा अन्तिम भुगतान के 1(एक) वर्ष के पश्चात निर्माण कार्य हेतु जमानत धनराशि वापस कर दिया जायेगा।
12. किसी विवाद की दशा में खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत इटवा का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा।
13. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करो का नियमानुसार कटौती किया जायेगा, जो ठेकेदार को मान्य होगा।
14. उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान क्षेत्र पंचायत इटवा के अन्तर्गत से प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।
15. निविदा के साथ निविदादाता को नियमानुसार 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर एवं रसीदी टिकट लगाकर देना होगा।
16. स्टीमेंट में कन्ट्रैक्टर प्रॉफिट के अतिरिक्त बिलो/टेण्डर डालने पर ठेकेदार समिति के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्ट करना होगा कि किस प्रकार के विशिष्टियों के अनुसार किस प्रकार कार्य कराये जायेंगे, समिति के संतुष्ट होने पर निविदा स्वीकृत किया जायेगा।
17. निविदा के साथ संलग्न 02 (दो) प्रतिशत धरोहर की राशि उपरोक्त खाते में जमा करना अनिवार्य होगा तथा बैंक चालान रसीद, शपथ पत्र हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, जीएसटी आयकर तीन साल एवं अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति या आदि वाछित अभिलेख दिनाक 07.03.2024 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत इटवा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
18. टेण्डर स्वीकार होने के एक सप्ताह के अन्दर 08 प्रतिशत जमानत जमा करके अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।

अन्यथा टेण्डर स्वतः निरस्त हो जायेगा।

19. ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध कराने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। अनुबन्ध के पूर्व किया गया कार्य स्वतः श्रमदान घोषित हो जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**इटवा-सिद्धार्थनगर**

# इबादत, फजीलत, रहमत और मगफिरत की रात शब ए बारात

## कब्रगाहों पर फूलों मोमबत्तियों, लाइटों से की गई थी सजावट

- हज़ार रातों से अफ़ज़ल रात है शब ए बारात : जमाल हैदर
- मरहुमीन के नाम घरों में दिलाई नियाज़, बच्चों ने खूब जलाए पटाखे और फुलझड़ियां

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र में रविवार को शब ए बारात का त्योहार पूरे अकीदत और जोश खरोश के साथ मनाया गया। शब ए बारात के मौके पर हल्लौर में शाम होते ही अपने अपने कब्रिस्तान में पहुँचकर कब्र पर फूल डालकर मोमबत्ती अगरबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ा और मरने वाले की मगफिरत व परिवार की सलामती के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी।

हल्लौर जामा मस्जिद, कर्बला स्थित मेहंदी कुआँ, पोखरवा कब्रिस्तान, कुला की बाग व दीगर कब्रिस्तान में विशेष रोशनी व कब्र पर फूलों से सजावट की गई थी। पूरी रात कब्रिस्तान में तिलावते कलाम पाक के अलावा चाय पानी की व्यवस्था देंखने को मिली। रात 10 बजे हल्लौर स्थित जामा मस्जिद में इमाम जुमा व जमात मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने विशेष नमाज़ (आमाल) कराया। आमाल के बाद मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब की सदारत में महफ़िल का आयोजन किया गया। जिसमें मुकामी शायरों ने इमाम मेंहदी आखरूज़ ज़मा अलैहिस्सलाम की शान में कलाम व कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। ज़ाकिरे अहलेबैत सै0 जमाल हैदर करबलाई ने शब ए बारात पर रोशनी डालते हुए कहा कि यह हज़ारों रातों से अफजल रात है। इस रात अल्लाह अपने बंदों के बहुत करीब होता है और अल्लाह इस रात बरकतों, रहमतों की बारिश करता है। शब ए बारात में की गई इबादत अल्लाह ज़रूर कबूल करता है। अन्त में मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने कहा कि इस्लाम में शब-ए-बारात की काफी अहमियत हैं, इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से शाबान के महीने की 15वीं तारीख की रात में शब-ए-बारात मनाई जाती है। इस रात इबादत करनी चाहिए और अपने गुनाहों की माफी मांगनी चाहिए।

मरने वाले के हक में मगफिरत की दुआ करनी चाहिए। महफ़िल के दौरान इक़्तेदार मेंहदी, आले रजा, खुर्शीद जफर, अफसर मेंहदी, काज़िम मेंहदी, तनवीर हसन, शादाब संजू, अजादार अज्जा, हसन जमाल, नफ़ीस हल्लौरी, शान, मंज़र मास्टर, हैदरे कर्रार, शमशाद, नौशाद, मोहम्मद असगर, मीसम, लकी, आरज़ू, रौनक, अहसन मेंहदी, अली अब्बास, अलमदार हुसैन, शमशाद अली, शबाब, अख्तर, सोजफ़, तसकीन, काज़िम रज़ा, कामियाब, नफीसुल हसन, वसी हैदर, शबी हैदर, जमाल हैदर सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

इसी क्रम में डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भटगवा, बसडिलिया, डुमरियागंज, जबजव्वा, बेवां मुस्तफा, टिकरिया, औराताल, बघहवा, कादिराबाद, बिथरिया, औसान कुइयां, मछिया सहित मुस्लिम बाहुल्य इलाकों के लोग कब्रिस्तान में जाकर फातिहा पढ़कर अल्लाह से मग़फ़िरत की दुआ की। कब्रिस्तान में रोशनी की भरपूर व्यवस्था रही। जिससे लोगो को आने जाने में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रात क्षेत्र की सभी मस्जिदें गुलज़ार रही। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा का बेहतर इंतेज़ाम किया गया था।

### शबे बरात पर पूरी रात कब्रिस्तानों पर रही रौनक़

**जलालपुर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शब-ए-बरात का त्योहार अकीदत व एहतेशाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान व दरगाहों एवं मस्जिदो में पूरी रात्रि इबादत कर मुल्क में अमन चैन की दुआएं मांगी। शाम होते ही लोगों का परिवार के साथ कब्रिस्तान पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया दिवंगतो को याद कर उनकी आंखें नम हो गईं। नगर स्थित रौज-ए-हजरत कासिम, रुहाबाद, उस्मानपुर, जाफराबाद, नगपुर, मालीपुर, आदि कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों ने पूर्वजों की कब्रों पर कुरान की तिलावत कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी।

# रेल परियोजनाओं सहित अन्य का प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर किया शिलान्यास/उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बाद देश में 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं सहित अमृत भारत योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास,1500 रोड ओवर ब्रिज/ अंडरपास का शिलान्यास/ उदघाटन बटन दबाकर किया जिसका लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से उपस्थित लोगो ने देखा और संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री द्वारा रेलवे विकास के शिलान्यास/लोकार्पण का लाइव बढ़नी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सांसद जगदंबिका पाल ने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश के 73 रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत के अंतर्गत निर्माण कार्य हो रहा है, सिद्धार्थनगर जिले में दो स्टेशन पर नए माडल में अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ स्टेशन बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है कि पूरा देश विकसित हो। उन्होंने बढ़नी रेलवे स्टेशन को नेपाल सीमा पर स्थित बड़े स्टेशन एवम सुविधाओं के रूप में विकसित किए जाने का आश्वासन दिया। नेपाल के पूर्व सांसद अभिषेक शाह ने इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि बढ़नी रेलवे स्टेशन के विकसित होने से नेपाल के भी नागरिकों को सुविधा होगी।नेपाल के सबसे करीब होने की वजह से दोनों देशों को जोड़ने का काम यह रेलवे स्टेशन कर रहा है। रेलवे द्वारा कराए गए विकसित भारत विकसित रेल के अंतर्गत निबंध लेखन, पेंटिंग की प्रतियोगिता कराई गई जिसमे आर्यकन्या/ दयानंद विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। कार्यक्रम आयोजक रहे रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर सुमित वत्स ने कहा कि अमृत भारत योजना के अंतर्गत बढ़नी स्टेशन पर निर्माण एवम सुविधाओं को विकसित करने की तैयारी चरण बद्ध तरीके से की जा रही है। इस कार्य योजना के अंतर्गत मुख्य प्रवेश द्वार के सर्कुलेटिंग एरिया के विकास तथा स्थानीय कला एवम संस्कृति को शामिल करते हुए स्टेशन के सौंद्रीकरण ,प्लेटफार्म सरफेस का अप डेकोरेशन तथा स्टेशन परिसर में उन्नत लाइटिंग कोच गाइडेंस सिस्टम बोर्ड ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड डिजिटल घड़ियां यात्री घोषणा क्रॉस साइन बोर्ड साइन आगे एलइडी स्टेशन का नाम पत्रिकाओं तथा स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय व शौचायलयों का आधुनिकरण स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा पैदल ऊपरिगामी पुल (एफ ओ बी) एवम स्टेशन पर स्थित यात्री प्रतीक्षालय व शौचालय का आधुनिकीकरण तथा स्टेशन पर 2 लिफ्ट व एक एस्केलेटर का प्रयोजन इत्यादि कार्य संपन्न कराया जायेगा,इन सभी कार्यो के लिए टेंडर ओपन किया जा चुका है। कार्यक्रम के अंत में उक्त कार्यो का बढ़नी पर होने वाले निर्माण कार्यों के शिलान्यास पट्ट को अनावरण किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन सुनील अग्रहरि, दल सिंगार डूबे, त्रियुगीनाथ अग्रहरि, विजयकांत चतुर्वेदी, योगेंद्र नाथ तिवारी, बब्लू चौबे, कमल मित्तल, पप्पू पाठक, गोकुल गोयल, सरदार हरिभजन सिंह, अखिलेश गुप्ता, विनोद जैसवाल, अनिल अग्रहरि, राजीव मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि राधेश्याम शर्मा, अलीमुल्ला, किस्मत अली, मुस्तफा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# नशामुक्त भारत अभियान व साइबर सुरक्षा के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमा चौकी खुनुवा द्वारा प्लान इंडिया, बगहवा और पिरामल संस्था, सिद्धार्थनगर के सहयोग से पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द में नशा मुक्त भारत अभियान और साइबर सुरक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जानकारी देते हुए उज्जल दत्ता, कमान्डेंट, 43वीं वाहिनी ने बताया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। साथ ही आय दिन लोगों के साइबर ठगी के शिकार होने की घटना संज्ञान में आ रही है। इसी उद्देश्य से आज सीमा चौकी खुनुवा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द में राज पाल, सहायक कमांडेंट के नेतृतव में प्लान इंडिया, बगहवा और पिरामल संस्था, सिद्धार्थनगर के साथ नशा मुक्त भारत अभियान तथा साइबर सुरक्षा के सन्दर्भ में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए नशीली दवाओं के सेवन और दुरूपयोग को रोकने तथा साइबर ठगी से बचने हेतु जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द के स्कूली बच्चों के द्वारा गीत और नाटकों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता संदेश दिया गया। इस अभियान के दौरान एस.एस.बी के अधिकारी और कार्मिकों के साथ साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द से दधीचि कुमार, प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षकगण, प्लान इंडिया बगहवा के जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला तथा पीरामल संस्था सिद्धार्थनगर से शिवम कुमार व सत्येंद्र सिंह के साथ अन्य ग्रामीण और स्कूली बच्चें भी शामिल रहे।

### डीएम ने किया बुढ़िया माता मंदिर का निरिक्षण

**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर मे स्थित बुढ़िया माता मंदिर व गोपाल बाग का निरीक्षण किया गया। मालूम हो निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा वंदन योजना के तहत धार्मिक स्थल और पौराणिक स्थानों के पुनरुद्धार एवम सौंदर्यकरण की योजना चलाई जा रही है। इसी क्रम में बुढ़िया माता मंदिर के सुंदरीकरण एवम पुनरुद्धार के लिए शासन द्वारा लगभग एक करोड़ तिरानवे लाख रुपए दिए गए उसको किस प्रकार से कहां खर्च करना है इसकी रूपरेखा तैयार किया जाना है। जिलाधिकारी ने ईओ लक्ष्मी चौरसिया और नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद प्रजापति से कहा कि जल्द से जल्द यहां का ब्योरा प्रस्तुत कर टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई जाय जिससे दोनों स्थानों पर सौंदर्यीकरण किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी विवेक सिंह,अच्छेलाल, सुरेन्द्र वर्मा, आदि नगर वासियों से भी राय ली। बुढ़िया माता मंदिर एक ऐतिहासिक मन्दिर है यहां पर सैकड़ो लोग प्रतिदिन पूजा अर्चना करते हैं।

# कलर फंक्शन एवं प्रोडक्शन ग्रांट के अंतर्गत लोक नृत्य एवं गायन कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** सोमवार को मानव सेवा समिति प्रतापपुर बांसी जनपद सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश द्वारा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के कलर फंक्शन एवं प्रोडक्शन ग्रांट के अंतर्गत लोक नृत्य एवं गायन कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर बांसी में किया गया।

कार्यक्रम की प्रस्तुति नारायण लोक कला एवं नृत्य राजाजीपुरम लखनऊ के द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान वीर बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथि शिक्षक संघ सिद्धार्थ नगर के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र बहादुर सिंह एवं संस्था सचिव विजय प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्राजूलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों का संस्था सचिव एवं संस्था के अन्य पदाधिकारी द्वारा बैच लगाकर एवं माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। लखनऊ से आए दूरदर्शन के गायक ललित भट्ट, ढोलक सुधीर मौर्य, कठपुतली संचालन रोहित कश्यप, नृत्यांगना अनामिका सिंह चौहान, सोनाली मौर्य, सुमन लता, मोनिका, द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक नृत्य एवं गायन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया अनामिका चौहान एवं सोनाली मौर्य द्वारा राधा कृष्ण के रूप में ब्रिज की होली की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया एवं खूब तालियां बटोरी दूरदर्शन के गायक ललित भट्ट जी द्वारा कजरी अवधि आदि लोकगीत की प्रस्तुति से तालियां बिटोरी रोहित कश्यप जी द्वारा कठपुतली नृत्य से उपस्थित जनता को खुश कर दिया। हरेंद्र बहादुर सिंह, विजय प्रताप सिंह आदि द्वारा अपना अपना विचार व्यक्त किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान वीर बहादुर सिंह जी एवं शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर के जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र बहादुर सिंह को संस्था सचिव विजय प्रताप सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जन समूह को सूक्ष्म जलपान कराया गया। कार्यक्रम का संचालन नारायण श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव विजय प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं जनसमूह के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश कुमार सिंह राजकुमार सिंह विकास देवेंद्र गुप्ता अभिषेक प्रिंस वीरू विक्की संतोष त्रिपाठी विजय बहादुर पप्पू शिवा संतोष आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### गायब युवक का गड्ढे में मिला शव, मचा कोहराम



**बांसी सिद्धार्थनगर।** एक सप्ताह से गायब युवक का शव सोमवार की सुबह घर के पास गड्ढे मे तैरती हुई मिली है। लोग हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांसी कोतवाली क्षेत्र के जीवा गांव निवासी 18 वर्षीय अमरेश पुत्र गजेंद्र प्रसाद 19 फरवरी से लापता था। काफी तलाश करने के बाद भी जब अमरेश का कुछ पता नही चला तब थक हराकर परिजनों ने कोतवाली बांसी मे 21 फरवरी को गुमशुदगी दर्ज कराया था। इस बीच परिजन व पुलिस युवक की तलाश मे थींपरंतु कुछ पता नही चल रहा था। आज सुबह कुछ लोगों ने अमरेश के घर के पास गड्ढे मे एक शव देखकर जब उसे बाहर निकाला तो वह कोई और नही अमरेश का शव निकला जिसे देखकर पूरे गांव के लोग आश्चर्यचकित हो गये और परिजन रोने बिलखने लगे। शव गड्ढे से निकालने के बाद गांव सहित परिवार के लोग हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। इस संबंध मे कोतवाल बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी ने कहा कि गुमशुदगी पहले से दर्ज है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही किया जायेगा।

### लोस चुनाव व होली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बैठक



**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी माह में पड़ने वाले लोक सभा चुनाव एवम होली के त्योहार के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए रूधौली अदाई प्राथमिक विद्यालय पर गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय ने कहा कि होली एक पवित्र त्यौहार है।लोग रंग गुलाल अबीर लगाकर एक दूसरे से गले मिलते है।इसकी पवित्रता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। लोकसभा चुनाव में अभी कुछ ही दिन शेष बचे है। मतदान करना सभी का अधिकार है। बगैर किसी जातीय दुश्मनी के सभी मतदाताओं से निष्पक्ष मतदान की अपील किया।इस दौरान ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार प्रजापति मनोज तिवारी, बांके लाल शर्मा, ब्रह्मदेव शर्मा, शंभू नाथ पांडेय, त्रिवेणी प्रसाद, लाला पाण्डेय समेत हल्का दरोगा, सिपाही और अन्य नागरिक मौजूद रहे।

### दलित युवक को जलाकर मारने के प्रयास में आरोपी गिरफ़्तार

**अम्बेडकरनगर।** बसखारी थाना अंतर्गत जहांगीरगंज रोड पर स्थित



दुकान पर अनुसूचित जाति के युवक के चेहरे पर गांव के ही मनबढ युवक द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जहांगीरगंज रोड पर स्थित अपनी दुकान पर सुनील कुमार पुत्र रामदास बैठा था कि उससे सामान मांगने पहुंचे जमऊपुर निवासी मंगलम त्रिपाठी पुत्र राकेश त्रिपाठी को युवक ने समान नहीं दिये जाने से नाराज हुए मंगलम त्रिपाठी ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर जला दिया। जिससे युवक सुनील कुमार पुत्र रामदास का चेहरा गंभीर रूप से झुलस गया। रात्रि लगभग 8:30 बजे हुई घटना से झुलसे युवक ने किसी तरह से आग पर काबू पाते हुए इसकी सूचना बसखारी थाने पर दी। आनन फानन में पहुंची बसखारी पुलिस ने आग से झुलसे युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी पहुंचाया। जहां पर युवक की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं इस संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जेपी यादव ने बताया कि ज्वलनशील पदार्थ फेकने वाले युवक मंगलम त्रिपाठी को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

# शिक्षक बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** एक आदर्श शिक्षक बच्चों के लिए एक सच्चा पथप्रदर्शक ही नहीं बल्कि एक प्रेरणास्रोत और रोल मॉडल भी होता है। शिक्षक यदि अपने अर्जित ज्ञान, अनुभव एवं अन्य विभिन्न कौशलों को अपने छात्रों में सहजता एवं सरलता से स्थानांतरित करने में सफल हो जाता है तो उसके छात्रों को विषयगत निपुणता के साथ ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है। सोमवार को देर शाम ब्लॉक संसाधन केंद्र नौगढ़ के सभागार में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार पाल ने व्यक्त किए। ज़िला व्यायाम शिक्षक उपेन्द्रनाथ उपाध्याय, शिक्षक एवं साहित्यकार नियाज़ कपिलवस्तुवी, ए आर पी एवं साहित्यकार डाक्टर विनयकांत मिश्र, आदर्श नवाचार के लिए शिक्षिका प्रार्थना मिश्रा, निपुण विद्यालय धौरीकुइयां से शशिप्रताप श्रीवास्तव, श्रेष्ठा प्रवेश परीक्षा में सर्वाधिक बच्चों के चयन हेतु पारा नानकार के उत्सव तिवारी, कुशल सांस्कृतिक टीम संयोजन हेतु दिव्या जायसवाल, शैक्षिक नवाचार एवं गुणवत्ता संवर्धन हेतु प्रीति चौहान तथा दीर्घकालिक सेवा हेतु जगदीश प्रसाद आदि को सम्मानित करते हुए बीईओ धर्मेन्द्र पाल ने शिक्षकों को अपनी अन्तर्निहित प्रतिभा एवं कौशल को निरंतर संवारने एवं बच्चों को एक सीखने का एक सकारात्मक वातावरण प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को शिक्षक नेता अरूण सिंह, विजयेन्द्र मिश्रा, सुभाष वरूण ने भी संबोधित किया। संचालन एआरपी डाक्टर विनयकांत मिश्र ने किया। कार्यक्रम में अर्चना यादव, सुनीता वर्मा, विजया यादव, शिखा श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, हुस्न आरा, साक्षी श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र चौधरी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पीएम ने किया रेलवे स्टेशनों का पुर्नविकास एवं रोड ओवर ब्रिज/अंडर पास का वर्चुअल उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सोमवार को 41 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं की सौगात अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 554 रेलवे स्टेशनों का पुर्नविकास एवं 1500 रोड ओवर ब्रिज/ अंडर पास का उद्घाटन/ शिलान्यास वर्चुवल रूप से किया गया। रेलवे स्टेशन सिद्धार्थनगर एवं रेलवे स्टेशन बढ़नी पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, अध्यक्ष नगर पालिका सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, दीपक मौर्य, हेमन्त जायसवाल, राम कुमार कुंवर, लाल जी त्रिपाठी, फतेबहादुर सिंह, राजेश मिश्रा, एडीएफएम दीपक कुमार सिंह, स्टेशन अधीक्षक सिद्धार्थनगर डीके उपाध्याय व अन्य की उपस्थिति में लाइव प्रसारण को देखा गया। स्टेशन अधीक्षक सिद्धार्थनगर डीके उपाध्याय द्वारा जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि हमारा देश विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया के सामने आये। प्रधानमंत्री जी देश के विकास के लिए बेहतर सोच रखते हैं, जिसके लिए प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत रेलवे स्टेशनों एवं ओवर ब्रिज/अंडर पास का शिलान्यास किया जा रहा है। यात्री कम समय में अच्छी सुविधा के साथ यात्रा कर सकें इसके लिए नई रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है सभी रेल लाइनों का विद्युतीकरण एवं दोहरीकरण भी किया जा रहा है। रेलवे क्रासिंग के समय जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी जिससे लोगों को निजात मिलेगी। लोगों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए वन्दे भारत ट्रेन एवं अमृत भारत ट्रेनो का शुभारम्भ किया गया है। विभिन्न रेलवे स्टेशनों को अतिरिक्त रेल लाइनों के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में अग्रसर है। इसके पश्चात विभिन्न स्कूलो के छात्र/छात्राओ को विभिन्न प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मेडल/प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# भाजपा ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर: हरीश

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भाजपा की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी प्रेक्षागृह के सभागार में समाजसेवी एनजीओ संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सांसद हरीश द्विवेदी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक रामचरन चौधरी ने किया। जिले के सैकड़ों सामाजिक संगठनों व एनजीओ ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सांसद हरीश द्विवेदी ने सभी सामाजिक संस्थाओं का हार्दिक वंदन व अभिनंदन किया।इस दौरान दस वर्षो में हुए बदलावों पर नौ मिनट की फिल्म भी दिखाई गई। उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक संस्थाएं एक बड़ी अहम भूमिका निभा रही है। अपने लिए तो सभी जीते हैं लेकिन सामाजिक संस्थाएं समाज के लिए जीती हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी एनजीओ संचालित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भाजपा नेताओ द्वारा उनका उत्साहवर्धन किया गया। सांसद हरीश द्विवेदी ने भारतीय जनता पार्टी की नीति और योजनाओं से महिलाओं को अवगत कराया और उन्हें सभी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगातार महिलाओं के हितों में प्रधानमन्त्री मोदी काम कर रहे हैं और आज भारत की बेटी ऊंचे मुकाम छू रही है। पीएम मोदी और सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार की बदौलत यूपी में तेजी से विकास हो रहा है। महिलाएं सशक्त हो रही हैं..आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं से अपील की, कि लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा को वोट देकर लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार फिर प्रधानमंत्री बनाएं। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहाँ हम महिलाओं के हितों के लिए काम करते रहेंगे और जो भी योजनाएं होंगी, वह महिलाओं तक बीजेपी सरकार जरूर पहुंचाती रहेगी। उन्होंने योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा महिला सम्मान बचत पत्र योजना, महिला समृद्धि योजना, ग्राम पंचायत में बैंकिंग सखी योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूह से स्वरोजगार योजना, महिलाओं को सम्मान बढ़ाया, उज्ज्वला योजना, वर्किंग वूमेन हॉस्टल स्कीम, स्वयं सहायता समूह को नमो ड्रोन दीदी, राशन दुकानों में महिला, महिला पीएसी बटालियन, महिला शक्ति केंद्र, महिलाओं को बंपर नौकरियां भाजपा सरकार में दी गई है।

# जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण में अवैध अस्पतालो का बिछा जाल

अवधनामा संवाददाता




**अम्बेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के कोने-कोने में अवैध अस्पतालों का मकड़जाल फैला हुआ है। वैसे तो एक अस्पताल खोलने के लिए कई मानकों को पूरा करना पड़ता है, बाकायदा बिल्डिंग का नक्शा पास करा कर अग्निशमन विभाग द्वारा एनओसी प्राप्त करने के बाद कई सारे दस्तावेजों को तैयार करना पड़ता है। लेकिन यहां तो मानकों के विपरीत एक छोटे से कमरे में तथाकथित कुछ डॉक्टर्स के नाम पर पूरे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। यह सब जिला प्रशासन की नाक के नीचे स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से साठगांठ बनाकर अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं।भियांव ब्लॉक के चैनपुर चौराहे पर अवैध रूप से कई हॉस्पिटल संचालित हो रहे है। जिनका रजिस्ट्रेशन विभाग से नही है।इन अस्पतालों में इलाज में सहयोग करने वाले मेडिकल स्टॉफ का भी चिकित्सा शिक्षा से कोई वास्ता नहीं है। अस्पतालों में डिलीवरी से लेकर मरीज भर्ती का कार्य किया जाता है। आपको बता दे कम पढ़े-लिखे नौजवान किसी अस्पताल में कुछ दिन वार्ड बॉय की नौकरी करने के बाद ऐसे अवैध अस्पतालों में फार्मासिस्ट के तौर पर काम करने लगते हैं। इनका भांडा तभी फूटता है जब किसी मरीज की इलाज के दौरान मौत हो जाती है। आनन-फानन में विभाग इन्हें सील कर मामले को दबा दिया जाता है।कई बार इस मुद्दे पर प्रशासन ने सख्ती का दावा किया है। भियांव ब्लाक के चैनपुर चौराहे पर आदर्श क्लिनिक आयुष मेडिकल एंड हेल्थ केयर सेंटर समेत कई अस्पताल संचालित हो रहे है। जिसमे चौबीस घंटे इमरजेंसी सेवाएं भी उपलब्ध रहती है।

## मैं आपका दोस्त अमीन सयानी

1952 और उसके बाद का सालों का अगर आप को याद हो तो आपको याद भी होगा उस समय रेडियो पर एक जादुई आवाज उभरती थी बहनों और भाइयों नमस्कार मैं आपका दोस्त अमीन सयानी फ़िर जादूभरी अवाज में मनमोहनक उतार चढ़ाव के साथ रेडियो कार्यक्रम का प्रसारण शुरू हो जाता था। अगर संगीत का कार्यक्रम होता तो संगीत से कम आकर्षक और मधुर आवाज नही होती थी। उतार चढ़ाव के साथ सन्दर्भित कहानियां आदि श्रोताओं के पत्र की प्रस्तुतियां लोगो को बांध लेती थी। उन दिनों रेडियो विलासिता थी सभी घरों में नहीं होते थे। लोग होटलों और दुकानों में प्रसारण के समय झुन्ड में खड़े हो जाते थे और कार्यक्रम को सुनते थे। मुझे याद है उनका विनाका गीतमाला का प्रोग्राम शाम को हर बुद्धवार के दिन आता था। लोग बुद्धवार का इन्तजार करते रहते थे। बुद्धवार को सारा काम काज निपटा कर बिनाका गीत माला सुनने के लिये तैयार हो जाते थे। यदि आपको उसका आनन्द लेना हो और मेरी बातों को जांचना हो तो कारवां का म्युजिक सेट ले आइये जिसमें पूरा बिनाका गीत माला का प्रोग्राम जब से शुरू हुआ उपलब्ध है। हमारे कथन की सत्ययता की परख हो जायेगी।

अमीन सपानी का जन्म बाम्बे में 10 दिसम्बर 1932 को हुआ था। मृत्यु 20 फ़रवरी 2004 को हो गई। आडियों के मनोरन्जन क्षेत्र में उनके समकक्ष कोई नहीं हुआ जिस पर उनकी अमिट छाप बरकार रही। मधुर स्वर त्रुटिहीन उच्चारण और आवाज के माडुलेशन से सभी का दिल जीत लिया था। अपने वार्ता में मनमोहक काहानियां पिरोते रहते थे। रेडियो प्रसारण के प्रति उनका जुनून बचपन से ही था। बड़े भाई पहले से ही प्रसारण में थे। 1952 में रेडियो के बिनाक गीतमाला का प्रसारण पहले रेडियो सीलोन से हुआ फ़िर विविध भारती से हुआ इस प्रसारण को होस्ट कर दुनियां के सबसे लोकप्रिय प्रसारक बन गये जिसने उन्हें अद्वितीय मुकाम दिया। फ़िर कई प्रोग्रामों के प्रस्तुतो बने एस कुमार मुकदमा, फ़िल्म मुलाकात, सरिडान के साथी, बार्न विटाक्विज प्रतियोगिता आदि कई रेडियो प्रोग्राम बनाये और संचालित किया सभी हिट प्रोग्राम साबित हुये उनकी प्रतिभा की वजह से।

उन्हें पहला ब्रेक ओवल्टीन फुलवारी के लिये मिला जब प्रस्तोता नही आया। जब रेडियो सीलोन हर इगंलिश हिट परेड धूम मचा रहा था। हिन्दी मार्केट हथियाने के लिये अमीन सयानी 25 रूपये हफ्ते पर रक्खा गया था। जिसमें उन्हें गाने सुनना और उनकी लिस्ट बनाना, स्क्रिप्ट लिखना और प्रस्तुत करना, चिट्ठियों को पढ़ना और जवाब देना रहता था। बताते थे उन दिनों वह कड़का थे इसलिये प्रस्ताव को तुरन्त हां कर दिया।

बिनाका गीतमाला सात गीतो के साथ क्विज शो के रूप में पहले शुरू हुआ फ़िल्मी हुआ। सिलोन से इसलिये शुरू हुआ कि उस समय के सूचना और प्रसारण मंत्री ने फ़िल्मी गानो का प्रसारण आकशवाणी पर बैन कर दिया था। पहले उन्हें इस सम्बन्ध में 50 पत्र मिले ब्राड कास्ट होते ही अगले हफ्ते 7000 पत्र पहुंच गये। उन्होंने फ़िल्मो की पबलिसिटी भी की गीतमाला की छांव में सितारो की महफ़िल प्रोग्राम भी किया। जो भी किया अद्वितीय साबित हुआ। प्रसारण की दुनियां की सेवाओं के लिये उन्हें पद्यम से नवाजा गया।

बिनाका गीतमाला क्विज प्रोग्राम से शुरू हुआ और हिट परडे बन गया जिसके लिये 60000 पत्र हफ्तेवार आने लगे। पहला शो 3 दिसम्बर 1952 को प्रस्तुत हुआ। 1986 में सिबाका गीतमाला बन गया। अप्रैल 1994 में प्रोग्राम खत्म कर दिया गया। अमीन सयानी किसी भी फ़िल्म स्टार से कम लोकप्रिय नहीं थे।

हमारे बाद महफ़िल में आफ़साने बयां होगे
बहारे हमको ढूढेगी नजाने हम कहा होगे।

## न्यायमूर्ति चन्द्रचूर्ण के अधीन, पूरे देश में व्याप्त न्यायिक तन्त्र का चरणबद्ध स्वरूप



मोहम्मद क़मर खाँ

भारतीय न्यायपालिका के स्तर पर चलायी जाने वाली गतिविधियां मुख्य रूप से तीन चरणों में जारी है। वर्तमान में इस व्यवस्था के अन्तर्गत न्याय चाहने वालों के लिये, न्यायालयों, उच्च न्यायालयों एवं सर्वोच्च न्यायालय के रूप में तीन प्रमुख स्त्रोत ऐसे है, जहाँ से जनस्तर पर, चरणबद्ध न्याय हासिल किया जा सकता है। देश के प्रत्येक जिला स्तर पर, स्थापित न्यायालयों द्वारा सवर्धसाधारण हेतु न्याय निर्गत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में कुल 25 पच्चीस हाईकोर्ट्स हैं। जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 214 से 231 तक में प्रदत्त व्यवस्था, के तहत इस देश में उच्च न्यायालयों के प्रावधानों से सम्बन्धित है। इस क्रम में भारतीय संविधान का अनुच्छेद 217, भारत में विभिन्न उच्च न्यायालयों में, न्यायाधीशों की नियुक्ति से सम्बन्धित है। उदाहरर्णाथ राजस्थान हाईकोर्ट जो पीठ के रूप में जयपुर में स्थापित है। गत 1976 के एक आदेश द्वारा, राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ को फ़िर से जयपुर में स्थापित किया गया, इस प्रकार 30 जनवरी 1977 से जयपुर पीठ ने काम करना शुरू कर दिया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान उच्च न्यायालय हेतु 50 पचास, माननीय न्यायाधीशों की संख्या अनुमोदित है। भारत में गोवा-अरूणाचल प्रदेश- मिजोरम-नागालैण्ड का अपना उच्च न्यायालय नहीं है।

उपरोक्त संदर्भ में, अन्तिम न्याय हेतु, देश की राजधानी दिल्ली में एक सर्वोच्च न्यायालय है, जो सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट में वर्तमान में 34 चौंतीस न्यायाधीश हैं। भारत के संविधान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को 65 वर्ष में सेवानिवृत्ति प्रदान की जाती है। अभिलेख न्यायालय के रूप में सर्वोच्च न्यायालय के पास दो शक्तियां हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय, कार्यवाही और कार्यशाश्वत स्मृति और गवाही के लिये दर्ज किये जाते हैं। इन अभिलेखों को साक्ष्य के तौर पर, मूल्यवान माना जाता है। किसी भी अदालत के समक्ष पेश किये जाने पर, इन पर सवाल नहीं उठाये जा सकते। भारत का मुख्य न्यायाधीश, भारतीय न्यायपालिका तथा सर्वोच्च न्यायालय का अध्यक्ष होता है। भारतीय न्याय पालिका के प्रमुख के रूप में, पद भार संभालने वाले जस्टिस वाई0वी0 चन्द्रचूर्ण के नेतृत्व में शीर्ष अदालत ने, निश्चित रूप से पारदर्शिता बढ़ाने का काम किया है। वह देश के पचासवें मुख्य न्यायाधीश हैं। आगामी नवम्बर 2024 तक वह मुख्य न्यायाधीश के पद पर बने रहेगें। उनका पूरा नाम धनन्जय यशवन्त चन्द्रचूर्ण है। देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश ने अपने कई फैसलों से देश के न्यायिक क्षेत्र में नई इबारत लिखी। चन्द्रचूर्ण जी भारत के एडिशनल सालिसिटर जनरल भी रह चुके हैं। आगामी नवम्बर 2024 के पश्चात् न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, उनका स्थान लेंगें। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल आगामी ''नवम्बर से 13 मई 2025 तक रहेगा। डी0वाई0 चन्द्रचूर्ण के चार बच्चे है, जिनमें दो पालक बेटियां माही (16) और प्रियंका (20) शामिल है।

दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा, राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, आगस्टीन जार्ज मसीह एवं गोहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता को सुप्रीम कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्त किया गया है। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों के फ़ैसले यदि गलत भी हों तो भी एफ़0आई0आर0 नहीं हो सकेगी। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों को पद से हटाने के लिये केवल महाभियोग लाया जा सकता है। ऐसा उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 61, 124(4)(5), 217 और 218 में मिलता है। महाभियोग प्रस्ताव केवल तब लाया जा सकता है जब संविधान का उल्लंघन, दुर्व्यवहार अथवा अक्षमता साबित हो गये हों। यहाँ अन्त में यह उल्लेख भी अनिवार्य प्रतीत होता है कि किसी कोर्ट के फ़ैसले को विधायिका द्वारा सीधे तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

केजरीवाल संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बनाकर ईडी और न्यायालय की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था।

# कानून के असम्मान की गलत परंपरा डालते केजरीवाल



आशीष वशिष्ठ



शराब नीति में हुए घोटाले के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी सात समन जारी कर चुका है। लेकिन केजरीवाल कोई न कोई बहाना बनाकर जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को गैर कानूनी बता रही है। अन्ना आंदोलन के समयअरविंद केजरीवाल बड़ी-बड़ी बातें करते थे। उस समय वह कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बात करते थे, आज उनकी पार्टी के नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। वो स्वयं भी संदेह के घेरे में हैं।

प्रश्न यह उठता है कि वह जांच से क्यों भाग रहे हैं? केजरीवाल संवैधानिक जांच एजेंसियों के सामने उपस्थित क्यों नहीं होते? क्या इनके समन को स्वीकार न करना असंवैधानिक नहीं है? क्या आम आदमी इन एजेंसियों के समन को लगातार खारिज कर सकता है? ईडी और सीबीआई सरीखी एजेंसियों को संवैधानिक, संघीय मान्यता हासिल है कि वे देश के प्रधानमंत्री को भी जांच के लिए तलब कर सकती हैं। न्यायालय का इस व्यवस्था पर एक स्पष्ट आदेश जरूर आना चाहिए।

यह शर्मनाक है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति जांच से भाग रहा है। एक राज्य का मुख्यमंत्री अगर कानून का उपहास उड़ाएगा, कानून के पालन में आना-कानी, चलाकियां और चालबाजियां करेगा तो आम व्यक्ति को क्या संदेश जाएगा? ईडी के समन की लगातार अनदेखी करके केजरीवाल कानून के असम्मान की गलत परंपरा के बीज बो रहे हैं? केजरीवाल की देखा देखी आने वाले समय में दूसरे व्यक्ति भी इसी तरह कानून के पालन में आनाकानी करें, तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए! ईडी ने केजरीवाल को पहला समन 2 नवंबर 2023 को भेजा था। इस समन पर वह पेश नहीं हुए। बीती 22 फरवरी को केजरीवाल को सातवां समन भेजकर 26 फरवरी को जांच के लिए बुलाया। लेकिन केजरीवाल इसे अवैध बताते हुए इसमें शामिल नहीं हुए। केजरीवाल ने हमेशा इन नोटिस को अवैध बताया है और पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने इन समन को राजनीति से प्रेरित बताया था। केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई के पीछे के मकसद पर भी सवाल उठाया था। उन्होंने बीजेपी पर गिरफ्तार कराने का आरोप लगाया। हालांकि 17 फरवरी को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंस से अदालत में पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया था कि वे दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद मार्च में शारीरिक रूप से पेश होंगे। इसके बाद अदालत ने आश्वासन को स्वीकार करते हुए सुनवाई 16 मार्च तय कर दी। अदालत ने उन्हें ईडी द्वारा उनके खिलाफ जारी समन का पालन न करने पर तलब किया था।

अभी अधिकतम समन पर जांच एजेंसी के समक्ष जो पेश नहीं हुए उनमें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अव्वल नंबर पर है। उन्होंने पिछले साथ दो नवंबर से पिछले हफ्ते तक कुल 7 समन स्किप किए है। केजरीवाल भी इस समन को स्किप करके हेमंत सोरेन की बराबरी पर आ गए हैं। हालांकि, हेमंत सोरेन को ईडी बीती 31 जनवरी को गिरफ्तार कर चुकी है। इन समन को छोड़ना केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ा सकता है. क्योंकि, लगातार समन को छोड़ना ईडी की धारा 19 के तहत असहयोग के लिए अभियोग की जमीन मजबूत कर रहा है। केजरीवाल संवैधानिक पद पर हैं और संविधान, लोकतंत्र बचाने के नारों पर राजनीति करते रहे हैं। फिर ईडी के समन को बार-बार 'अवैध' करार देना क्या संविधान-सम्मत है? केजरीवाल ने एक बार विधानसभा सत्र और विश्वास प्रस्ताव को बहाना बनाकर ईडी और न्यायालय की पेशी से राहत मांगी थी। राहत तो मिल गई, लेकिन यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण है कि केजरीवाल को 70 विधायकों के सदन में 62 विधायकों का प्रचंड बहुमत हासिल है, तो फिर सत्ता-पक्ष को विश्वास-मत का प्रस्ताव क्यों पेश करना पड़ा? विपक्ष ने तो अविश्वास व्यक्त नहीं किया था। इसी तरह केजरीवाल कभी राज्यसभा चुनाव, तो कभी चुनाव-प्रचार का बहाना बना कर ईडी के समन को अस्वीकार करते रहे हैं। एक राजनेता की दिनचर्या अममून व्यस्त ही रहती है, तो क्या जांच एजेंसी के संवैधाानिक दायित्वों को वो हवा में उड़ाता रहेगा? हर बार ईडी का समन मिलने के बाद केजरीवाल, उसकी सरकार के मंत्री और पार्टी के प्रवक्ता बड़ी बेषर्मी से पार्टी का पक्ष मीडिया के सामने रखते हैं तो उनके बयानों में कपटता और चालबाजियां साफ तौर पर झलकती है। केजरीवाल को ईडी के समन से लगातार बचना शराब घोटाले में उनकी भूमिका को लेकर संदेह पैदा करता है। केजरीवाल की शराब घोटाले में पूछताछ इसलिए अहम है, क्योंकि उनके उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया बीते एक साल से जेल में हैं, उन पर मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने भी उन्हें जमानत नहीं दी है। बल्कि इस मामले में मनी ट्रेल की आशंका जताई है। घोटाला करोड़ों रुपए का है, लेकिन 'आप' के प्रवक्ता दलीलें देते रहे हैं कि सिसोदिया और संजय सिंह से एक चवन्नी भी बरामद नहीं हुई, बावजूद उन्हें कारागार में रखा गया है। यह कुतर्क है। किसी भी ऐसे घोटाले में नकद बरामद नहीं हुआ करते, बल्कि लेन-देन का रहस्य उजागर होता है।

आम आदमी पार्टी के बड़बोले और हंगामेबाज राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी बीती अक्तूबर से जेल की रोटियां का स्वाद चख रहे हैं। न्यायालय ने उन्हें भी सिसोदिया की तरह जमानत नहीं दी है। ये दोनों नेता, 'आम आदमी पार्टी के भीतर, केजरीवाल सबसे करीबी और विष्वस्त हैं, इसी कारण से केजरीवाल को किसी सूचना या साक्ष्य के आधार पर गिरफ्तारी का अंदेशा और भय स्वाभाविक है। संभव है कि दोनों बंदी बनाए गए नेताओं से पूछताछ के दौरान ऐसा कोई साक्ष्य सामने आया हो, जो केजरीवाल की संलिप्तता की ओर संकेत करता हो, इसएिल जांच एजेंसी केजरीवाल से भी पूछताछ करना चाहेगी। इसमें असामान्य क्या है? आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर आरोप लगा रही है कि मोदी सरकार इस तरह दबाव ना बनाए। हम इंडिया गठबंधन नहीं छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी के इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, ये सब जानते हैं। इससे पहले केजरीवाल और उनके मंत्री भाजपा पर उनकी पार्टी के नेताओं को खरीदने के आरोप लगा चुके हैं। लेकिन जब पुलिस ने सुबूत मांगे तो तब वो जांच से भागते दिखाई दिए। आम आदमी पार्टी और केजरीवाल की राजनीति का यही तरीका है, आरोप लगाओं, जांच की बात हो तो भाग जाओ और अगर मामला अदालत पहुंच जाए तो कान पकड़कर माफी मांग लो। जब दिल्ली सरकार शराब की नई नीति बना रही थी, उस दौरान शराब के बड़े व्यापारियों को मुख्यमंत्री केजरीवाल से भी मिलने की बात सामने आई है। इसे भी अपराध न आंका जाए, तो दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने जो निर्णय लिए थे, उनसे केजरीवाल स्वयं को अलग कैसे रख सकते हैं? कैबिनेट के फैसले और दायित्व तो 'सामूहिक' होते हैं। केजरीवाल तो दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री हैं। निःसंदेह उन्होंने किसी भी फाइल या विवादित निर्णय पर हस्ताक्षर न किए हों, लेकिन कैबिनेट की प्रथम जिम्मेदारी उन्हीं की है।

# रद्द होती भर्ती परीक्षाएं, धूमिल होती सरकार की छवि!

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षो में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आयी थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है।



डॉ अजय कुमार मिश्रा



उत्तर प्रदेश पुलिस दुनियां की सबसे बड़ी संख्या बल वाली पुलिस है, जिसमें 2.25 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत है। विभाग में चल रही भर्ती को सरकार ने रद्द करके आगामी 6 माह में पुनः परीक्षा की घोषणा की है। निसंदेह पुनः परीक्षा में सजगता देखने को मिलेगी, जिससे पेपर लीक को रोका जा सकेगा। पर इस विषय पर कुछ अधिक कहने और लिखने से पहले कुछ मूल तत्त्वों को भी जानना जरुरी है। कुल 60244 पदों की भर्ती के लिए परीक्षा फरवरी 16 से 18 के मध्य उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में 2385 केंद्र बनाकर आयोजित हुयी थी। इस भर्ती के लिए दिसम्बर 2023 में विज्ञापन निकाला गया था। 48.17 लाख ऑनलाइन आवेदन 27 दिसम्बर 2023 से 16 जनवरी 2024 के मध्य प्राप्त हुए थे। इन प्राप्त आवेदनों में लगभग 2.5 लाख बिहार से, 43 लाख उत्तर प्रदेश से, 98,400 मध्य प्रदेश से, 74,769 हरयाणा से, 97,277 राजस्थान से, 42,259 दिल्ली से और 3404 आवेदक पंजाब से थे। किन्ही कारणों से लगभग 5.03 लाख आवेदक परीक्षा में शामिल नहीं हुए। इन सभी में महत्वपूर्ण यह भी है की इस भर्ती के लिए उम्र की बाध्यता 18 से 25 उम्र की थी। परीक्षा का निरस्त होना कई प्रश्नों को इक साथ जन्म देता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा में पहले दिन की परीक्षा से ही युवा पेपर लीक होने का आरोप लगा रहें थे परन्तु सरकारी तंत्र इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा था। 1500 से अधिक शिकायत साक्ष्यों के साथ अलग-अलग जगहों से भेजी गयी। भारी संख्या में युवाओं का दल लखनऊ में भी धरने पर रहा। अत्यधिक विरोध के पश्चात् सरकार ने परीक्षा को रद्द करने और पुनः परीक्षा कराने की घोषणा की। जिसके पश्चात् अभ्यर्थी उत्साहित भी दिखे, परन्तु यह सोचने और समझने का विषय है की जिस भर्ती में चयन के पश्चात् अवसर प्राप्त होता उसी भर्ती को रद्द कराने के लिए युवाओं को लड़ना पड़ा। क्या यह पूरे प्रदेश के भर्ती प्रणाली पर बड़ा प्रश्न नहीं है ? उत्तर प्रदेश में नई भर्ती होने की परीक्षा का पेपर लीक होना अब आम बात बन गया है। इसके पूर्व भी कई बार पेपर लीक हुआ है। सरकार कड़ी कार्यवाही करके या करने का भरोसा देकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। यह कितना अनुचित और अव्यवहारिक है की सरकार अपनी ही गलतियों से नही सीख रही और कड़े प्रबंधन करने में विफल है जिसका खामियाजा लाखों लोगों को उठाना पड़ रहा है। अनेकों लोगों का एक साथ सपना टूटना कितना भयावह है इसका अनुभव आर्थिक, सामाजिक, और परिवारिक दबाव झेल रहा बेरोजगार युवा ही समझ सकता है।

अव्यवस्था का आलम अक्सर देखने को मिलता रहता है। दो लाख से अधिक युवाओं का परीक्षा केंद्र लखनऊ बनाया गया था जिससे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सभी जगह अव्यवस्था देखने को मिली। अव्यवस्था का आलम यह था की अधिकांश युवाओं को अगले दिन वापस जाने का इंतेजार करना पड़ा। पिछले वर्ष सरकार ने दो करोड़ लोगों को आगामी वर्षों में रोजगार देने की बात कही थी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक घर में एक सरकारी नौकरी देने की भी बात सामने आयी थी। प्रदेश ही नहीं बल्कि देश की भी सबसे नाजुक नब्ज रोजगार की है जिसके लिए प्रतिदिन धरना प्रदर्शन हो रहा है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो कई अलग-अलग भर्तियों के अभ्यर्थी न केवल केस लड़ रहें है बल्कि कुछ के पक्ष में न्याय होने के बावजूद रोजगार नहीं प्राप्त कर सकें। निजी क्षेत्रों में अवसर की कमी और नौकरी की असुरक्षा, भुगतान कम होना, और बढ़ती ठेका प्रणाली लोगों को सरकारी नौकरी के प्रति प्रेरित करती है। हाल के वर्षों में आयी कोरोना आपदा ने इसमें आग में घी डालने जैसा कार्य किया है। उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2021-22 में रुपया 70,792 रही है जो महज बिहार राज्य से अधिक है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी फंड द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार राज्य युवा श्रम भागीदारी कोरोना के पहले 41.2 फीसदी थी जो की सितम्बर दिसम्बर 2022 में घट कर 22.4 फीसदी रह गयी।

राज्य सरकार को कई अन्य विकल्पों पर विचार करना चाहिए इसके लिए वह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित कर सकती है, क्योंकि अधिकांश युवा आज कंप्यूटर के बेसिक ज्ञान से पूर्ण है। प्रश्नों के एक दो नहीं कई सेट तैयार किये जाये और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (A.I.) का प्रयोग कर परीक्षा शुरू होने के कुछ सेकंड पहले प्रश्न पत्र लाइव किये जाये। राज्य सरकार भर्ती बोर्ड के सभी उच्च अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक करायी जा सकें। केंद्र सरकर की कई इकाई है जो बिना दाग के वर्षो से सफल परीक्षा करा रही है उनका सहयोग भी लिया जा सकता है। परीक्षा में भागीदारी कम हो और राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उत्पादन क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों को राज्य में अनुदान देकर आमंत्रित किया जाना चाहिए।


निजी क्षेत्र में कार्यरत लोगों के लिए रोजगार सुरक्षा और योग्यता अनुरूप न्यूनतम भुगतान नियमावली बनाने से सरकार को रोजगार के क्षेत्र में लाभ होगा। कई गंभीर मुद्दों में से रोजगार का मुद्दा अहम् है ऐसे में सरकार प्रत्येक घर के एक सदस्य को रोजगार देकर भी अपना प्रभाव कायम रख सकती है। सरकार यदि समग्र रूप से इस विषय पर नहीं सोचेगी तो आगामी चुनाव में ये युवा कई लोकसभा क्षेत्र में न केवल गणित बिगाड़ सकते है बल्कि एक ऐसी छवि का निर्माण भी कर सकतें है जो चल रहे विकास के पहियों को अवरुद्ध कर सकता है।

# मोदी के आत्मविष्वास के सामने विपक्ष की कमजोर रणनीति

2019 के लोकसभा चुनाव के पहले मध्य प्रदेष छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय ने मोदी सरकार की वापसी के प्रति आशंका उत्पन्न कर दी थी। लेकिन वह गलत साबित हो गई। उसके विपरीत साल 2023 में उक्त तीनों राज्यों में भाजपा ने धमाकेदार अंदाज में वापसी करते हुए कांग्रेस का मनोबल तोड़ने में कामयाबी हासिल कर ली है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ में तेलंगााना ही आ सका।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने चिर परिचित अंदाज में लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंक चुके हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से ही वो एक बदले अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। वो लगातार विपक्ष पर हमलावर हैं। उनके उत्साह और आक्रामक अंदाज के मुकाबले विपक्ष की रणनीति कमजोर दिखाई देती है। पीएम मोदी हर मंच से अबकी बार चार सौ पार का नारा देते हैं। अपनेषासनकाल की तमाम उपलब्धियां गिनाते हैं। वहीं विपक्ष अभी तक सीटों के बंटवारे से लेकर दूसरे मसलों में ही उलझा दिखाई देता है।

संसद के बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल लंबा भाषण देते हुए विपक्ष पर जोरदार हमले करते हैं। अपनी चिर-परिचित शैली में उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार में कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी और विपक्ष पर यहां तक ताना मारा कि अगले चुनाव में वह दर्शक दीर्घा में नजर आएगा। साल 2023 के स्वतंत्रता दिवस पर भी उन्होंने कहा था कि आगामी वर्ष भी वे ही लाल किले की प्राचीर पर ध्वजारोहण करेंगे। गत दिवस लोकसभा में उन्होंने वही आत्म विश्वास दोहराते हुए दावा किया कि 2024 में भाजपा 370 और एनडीए 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर भी निशाना साधा। परिवारवाद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से ही मुखर रहे हैं। लाल किले से दिए भाषण में भी उन्होंने इस पर हमला बोला था। वैसे भी प्रधानमंत्री काफी हौसले वाले इंसान हैं जो जय-पराजय में अपना संतुलन बनाए रखने के साथ ही अवसर को भुनाने में कभी पीछे नहीं रहते।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कारण कांग्रेस उसमें उलझी हुई है। वहीं दूसरी और नीतीश कुमार के अलग होने के अलावा ममता बैनर्जी के तेवरों से विपक्षी गठबंधन में बिखराव के आसार बढ़ रहे हैं। अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल ने भी अपनी सहूलियत और मर्जी के अनुसार यूपी और दिल्ली में कांग्रेस को सीटें दी हैं। कांग्रेस की हालत को इसी से समझा जा सकता है कि कांग्रेस को अपने से काफी छोटे दलों सपा और आप की बात माननी भी पड़ी। यूपी में तो समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेष यादव ने मध्य प्रदेष विधानसभा चुनाव में हुई अपनी बेइज्जती के बदले कांग्रेस से चुन चुनकर लिए। और उन्हें अपनी मर्जी से 17 सीटें लेने के लिए एक तरह से मजबूर कर दिया। 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले मध्य प्रदेष छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय ने मोदी सरकार की वापसी के प्रति आशंका उत्पन्न कर दी थी। लेकिन वह गलत साबित हो गई। उसके विपरीत साल 2023 में उक्त तीनों राज्यों में भाजपा ने धमाकेदार अंदाज में वापसी करते हुए कांग्रेस का मनोबल तोड़ने में कामयाबी हासिल कर ली है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ में तेलंगााना ही आ सका। बाकी के चार राज्यों में कांग्रेस की जो दुर्गति हुई, उसने कांग्रेस का मनोबल तोड़ने का काम किया है।

विधानसभा चुनाव में षानदार प्रदर्षन के अलावा इस बार प्रधानमंत्री के पास उपलब्धियों का लंबा ब्यौरा है। 2014 में सत्ता में आने के बाद उन्होंने जिन योजनाओं और कार्यक्रमों को प्रारंभ किया था उनके प्रति जनविश्वास बढ़ा है। मोदी की गारंटी नामक नया नारा उसी आत्मविश्वास का परिचायक है जिसके बल पर वे 370 और 400 सीटों का दावा कर पा रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में जिस तरह से हर्षोल्लास नजर आया वह भाजपा के पक्ष में वैसी ही लहर का संकेत दे रहा है जैसी 1984 में कांग्रेस के पक्ष में नजर आई थी।

विपक्ष के अधिकांश दल भी इस बात को समझ चुके हैं कि कांग्रेस ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की उपेक्षा कर बहुत बड़ी गलती कर डाली। और इसीलिए वे उससे छिटकने के संकेत दे रहे हैं। बदले हालात में उद्धव ठाकरे भी प्रधानमंत्री के विरुद्ध तीखी बयानबाजी से बचते हुए उनके साथ पुराने संबंधों का हवाला देते हुए सौजन्यता का प्रदर्शन करने लगे हैं। इन सबके कारण प्रधानमंत्री का मनोबल ऊंचा होना स्वाभाविक है। वहीं कोरोना काल में अर्थव्यवस्था को जो ग्रहण लगा था वह हट चुका है और भारत की विकास दर पूरी दुनिया को आकर्षित कर रही है। विदेशी मोर्चे पर भी हमारी स्थिति बेहद मजबूत है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक शासक के तौर पर स्थापित हो चुके हैं। दुनिया के बड़े देश तक भारत के महत्व को स्वीकारने लगे हैं। सही बात तो ये है कि विपक्ष अपनी धार खोता चला जा रहा है। इंडिया गठबंधन के हालत किसी से छिपी नहीं है। पष्चिम बंगाल में ममता ने सीटें देने से मना कर दिया है। तो वहीं बिहार में नीतीष कुमार एनडीए में षामिल हो चुके है। यूपी में सपा ने बड़ी मुष्किल से कांग्रेस को 17 सीटें तो दी, लेकिन इन सबके बीच जयंत चौधरी एनडीए के पाले में दिखाई देने लगे। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली मे तो सीटें कांग्रेस के साथ बांटी, लेकिन पंजाब में उसने कांग्रेस के साथ सीट बंटवारा नहीं किया। सीटों के बंटवारे को लेकर अन्य मुद्दों पर विभिन्न घटक दलों के बीच में जबरदस्त अविश्वास है। नीतीश कुमार के साथ छोड़ देने के बाद गठबंधन में कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो सभी को एकजुट रख सके। ऐसा नहीं है कि विपक्ष के पास हमले करने लायक मुद्दे न हों किंतु आपसी समन्वय का अभाव और दिशाहीनता के कारण वह उसका लाभ नहीं उठा पाता। होना तो ये चाहिए था कि राहुल गांधी न्याय यात्रा को विराम देकर घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे से लेकर अन्य मुद्दों पर बातचीत और समन्वय स्थापित करते। लेकिन उन्होंने इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि चुनावी मुद्दों को लेकर कांग्रेस के साथ ही विपक्षी दलों के हाथ तंग नजर आ रहे हैं। कोई भी चुनाव मुद्दों और उन मुद्दों के जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है। उसमें भी जब बात लोकसभा चुनाव की हो तो इस नजरिए से देशव्यापी चुनावी मुद्दों का महत्व बेहद बढ़ जाता है। ये वो बिन्दु है, जहां कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल फिलहाल बीजेपी से काफी पीछे नजर आ रहे हैं। बहरहाल विपक्ष में व्याप्त अव्यवस्था और अविष्वास के बीच प्रधानमंत्री ने अपने चुनाव अभियान को पूरे जोर-शोर से शुरू कर दिया है। वे लगातार राज्यों का दौरा करते हुए विकास की नई योजनाओं की शुरुआत के जरिए मोदी की गारंटी के प्रति भरोसा बढ़ा रहे हैं। वहीं कांग्रेस सहित बाकी विपक्ष अभी तक अपनी रणनीति ही नहीं बना सका। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी के पास एक और मुद्दा है, जिसकी काट खोजना विपक्ष के लिए नाकों चने चबाना जैसा साबित हो रहा है. बीजेपी के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा चेहरा है, जिससे पार्टी को पिछले दो लोकसभा चुनाव में भारी जीत हासिल हुई थी।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 27 फरवरी, 2024



# कड़ी मेहनत, पूर्ण निष्ठा एवं लगन से करें अपने दायित्वों का निर्वहन : स्वतंत्र देव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती और पदस्थापना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने अवर अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। आप सभी की नियुक्ति से लेकर पदस्थापन तक की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीक़े से हुई है सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर ग़रीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री ने यह बातें कल देर शाम यहाँ तेलीबाग स्थित डा0 राम मनोहर लोहिया



परिकल्प भवन के सभागार में आयोजित पदस्थपन कार्यक्रम में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से नवचयनित अवर अभियंताओं (सिविल) की ऐक्षिक विकल्प आधारित पारदर्शितापूर्ण पदस्थापन के अवसर पर कही।

जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सभी नवनियुक्त अवर अभियंता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए अन्नदाता किसानों को खुशहाल बनाएं, किसानो की आय बढ़ाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी। आप सभी देश एवं प्रदेश का भविष्य हैं, देश एवं प्रदेश को आगे ले जाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

पदस्थापन कार्यक्रम में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, उत्तर प्रदेश द्वारा नव चयनित अवर अभियन्ता (सिविल) की पारदर्शीपूर्ण व्यवस्थान्तर्गत अभियंताओं को उनके ऐच्छिक विकल्प के आधार पर पदस्थापना किया गया। ऐच्छिक विकल्प चयन पर आधारित प्रक्रिया द्वारा पदस्थापना पर नवनियुक्त अभियंताओं (सिविल) द्वारा प्रसन्नता भी व्यक्त की गयी।

■ निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से भर्ती एवं पदस्थापना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

इस अवसर पर जलशक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद, प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन श्री अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष श्री अनिल कुमार सिंह, प्रमुख अभियंता परियोजना श्री अखिलेश सचान सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।



राज्यसभा चुनाव को लेकर अपना दल (एस) विधायको की पार्टी के कैंप कार्यालय पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के साथ हुई बैठक

# शुक्रतीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए होंगे विकास कार्य : जयवीर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा जनपद मुजफ्फरनगर में स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल शुक्रतीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराने के लिए 33.34 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराये जाएंगे, इसके लिए तीन योजनाएं तैयार की गयी हैं। इस धनराशि में से 19.91



करोड़ रुपये से गंगा घाट का उच्चीकरण तथा सौंदर्यीकरण, 6.99 करोड़ रुपये से पार्किंग का जीर्णोद्धार और 6.44 करोड़ रुपये से मुख्यमार्ग पर कलाकृतियां, लैंडस्केपिंग सहित अन्य कार्य कराये जाएंगे।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लगभग 19.91 करोड़ रुपये की लागत से घाट का विकास और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां सेल्फी पॉइंट और आरती स्थल बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंगा किनारे बैठने के लिए भी स्थान विकसित किया जाएगा। लोगों की सुरक्षा के लिए चेन भी लगाई जाएगी। इसके साथ ही लैंडस्केपिंग सहित कई अन्य कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन मंत्री ने बताया कि लगभग 6.99 करोड़ रुपये से पार्किंग का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। वहीं वाहन पार्किंग में पैदल आवागमन के लिए रास्ता बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्रैश वैरियर सहित कई और कार्य कराए जाएंगे।

# सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक में जब संशोधन प्रस्ताव पर होगी चर्चा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 में 22 फरवरी 2024 को संशोधन किए जाने के उपरांत बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों सहित एकल बिंदु कनेक्सन के लिए नियमों में सरलीकरण करते हुए अब महानगरीय क्षेत्र में नया बिजली कनेक्शन 3 दिन में नगर महापालिका क्षेत्र में 7 दिन में और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिन में नया बिजली कनेक्शन देने का नियम बनाया गया है। उसके अनुरूप उसका लाभ उत्तर प्रदेश के 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को प्राप्त हो के लिए विद्युत वितरण संहिता -2005 में संशोधन करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग के चैयरमैन

■ उपभोक्ता संबंधी कानून में और शिथिलता लाने के लिए उपभोक्ता परिषद सोप का बदलाव प्रस्ताव

श्री अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर एक संशोधन प्रस्ताव सौंपते हुए विद्युत वितरण संहिता में संशोधन करने के लिए सप्लाई कोड रिव्यू पैनल सब कमेटी की बैठक बुलाने की मांग की जिससे वर्तमान उत्तर प्रदेश में लागू कानून में बदलाव कर महानगरों में 3 दिन में बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने का नया कानून पारित हो क्योंकि अभी तक उत्तर प्रदेश में लागू कानून के तहत 7 दिन का समय है।

उपभोक्ता परिषद ने आगे अपने प्रस्ताव में कहा बहुत से ऐसे उपभोक्ता संबंधी कानून उत्तर प्रदेश में पहले से ही सरल है तो उसमें सरल करने की कोई आवश्यकता नहीं है जहां आवश्यकता है वहां संशोधन किया जाना प्रदेश के उपभोक्ताओं के हित में होगा।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद स्तरों पर आयोजित जिला युवा उत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं (कविता पाठ, पेंटिंग फोटोग्राफी, भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता) के विजेताओं का 02 दिवसीय (25 एवं 26 फरवरी 2024) का राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में किया गया।कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधानमंत्री जी के अमृत काल के पंच प्रण थीम पर आधारित रहा। जिसमें अमृत काल के पंच मूल सिद्धांतों में भारत को विकसित करने का लक्ष्य, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को खत्म करना, हमारी जड़ों में सम्मान एंव गौरव, एकता का विकास एंव नागरिकों के बीच कर्तव्य की भावना शामिल है खासकर प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत @ 2047 की भावना



के तहत पंच प्रण पर जोर दिया गया है। और सभी कार्यक्रमों में विकसित भारत, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता एंव एक जुटता, नागरिकों का कर्तव्य बिषय प्रमुख रहा। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये प्रतिभागियों ने नृत्य प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं काव्य लेखन प्रतियोगिता में प्रशंसनीय प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में जिसमें नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम टीम बागपत द्वितीय टीम इटावा व तृतीय टीम गाजियाबाद विजयी रहे जिनको पुरस्कार के रूप क्रमशः प्रथम पुरस्कार. 40000/- द्वितीय पुरस्कार.25000/- व तृतीय पुरस्कार.15000/- रूपये, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम उत्कर्ष दुबे द्वितीय शिखा पांडे बलरामपुर व तृतीय ईला मिस्त्री सीतापुर विजयी रहे जिनको पुरस्कार के रूप क्रमशः प्रथम पुरस्कार.15000/- द्वितीय.7500/- व तृतीय पुरस्कार 5000/-, चित्रकला प्रतियोगिता में में प्रथम स्नेहा जैन फिरोजाबाद द्वितीय आवेश सिंह चित्रकूट व तृतीय आशियाना सिद्धिकी विजयी रहे जिनको पुरस्कार के रूप क्रमशःप्रथम पुरस्कार 15000/-, द्वितीय पुरस्कार. 7500/- व तृतीय पुरस्कार 5000/-, कविता पाठ में

■ पुरस्कार पाकर झूमे युवा

प्रथम नितिन कुमार हमीरपुर द्वितीय शक्ति पाण्डेय गोड्डा व तृतीय ममता दुबे विजयी रहे जिनको पुरस्कार के रूप क्रमशःप्रथम पुरस्कार 15000/- द्वितीय पुरस्कार 7500/- व तृतीय पुरस्कार 5000/- तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम ऋषभ श्रीवास्तव शाहजहांपुर द्वितीय ऋतु जैन फिरोजाबाद व तृतीय अक्षय सिंह मेरठ विजयी रहे जिनको पुरस्कार के रूप क्रमशः प्रथम पुरस्कार.15000/- द्वितीय पुरस्कार. 7500/- तृतीय पुरस्कार 5000/-और विकसित भारत@2047 भाषण प्रतियोगिता में प्रथम शिमरन कनौजिया लखीमपुरखीरी द्वितीय अभिजीत मिश्रा अमेठी व दो तृतीय जिसमें शिमरन कुरेशी बुलंदशहर, संगीता यादव विजयी रहे जिनको पुरस्कार के रूप क्रमशः प्रथम पुरस्कार.15000/-द्वितीय पुरस्कार. 7500/- तृतीय पुरस्कार 5000-5000/-रूपये व प्रशस्ति पत्र से मुख्य अतिथि अश्विनी कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

# 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' से सम्मानित हुए सीएमएस के तीन छात्र

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों दिव्यांश अग्रवाल, सूरज पांजा एवं मोहम्मद दानियल को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग द्वारा 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। देश भर के लगभग एक लाख छात्रों के बीच सी.एम.एस. के इन तीनों प्रतिभाशाली छात्रों को विज्ञान विषय में उनकी रूचि, उत्कृष्ट ज्ञान, लगन, अभूतपूर्व वैज्ञानिक व सृजनात्मक प्रतिभा हेतु इस सम्मान से नवाजा गया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अत्यन्त प्रतिष्ठित सम्मान हेतु देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग एक लाख छात्रों ने अपने मूल विज्ञान प्रोजेक्ट/प्रविष्टियों को प्रेषित किया था। इन एक लाख विज्ञान



प्रविष्टियों में से मात्र 60 प्रविष्टियों को 'इन्स्पायर-मानक अवार्ड' (मिलियन माइंड अगमेन्टिंग नेशनल एस्पिरेशन्स एण्ड नॉलेज अवार्ड) हेतु चयनित किया गया, जिनमें सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर प्रथम कैम्पस के ये तीन छात्र भी शामिल हैं। इस उपलब्धि हेतु सी.एम.एस. के तीनों छात्रों को दस-दस हजार रूपये अर्थात कुल 30,000 रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु विद्यालय के तीनों मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पटाखा फैक्टरी : विस्फोट से दहल उठा क्षेत्र, कई गम्भीर



■ फैक्टरी मालिक के पिता पर दर्ज हुआ गैर इरादतन हत्या का मामला

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका भरवारी के मोहल्ला खल्लाबद में रविवार को अचानक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया। विस्फोट से फैक्टरी मालिक सहित सात लोगों की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक मजदूर गम्भीर रूप से झुलस गये हैं। झुलसे लोगों का इलाज प्रयागराज में चल रहा है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज कई किलोमीटर तक सुनाई दी। इलाकाई लोगों में इस विस्फोट के चलते खौफ देखा जा रहा था। पुलिस और अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच कर आग की लपटों पर काबू पाया। मामले में फैक्टरी मालिक के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

भरवारी निवासी शाहिद अली ने खल्लाबद में आबादी से दूर पटाखा फैक्टरी खोल रखी है।इसमें करीब दो दर्जन मजदूर काम करते हैं। फैक्टरी में लगभग 12 बजे अचानक विस्फोट होने लगा। इस विस्फोट से फैक्टरी में भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया और फैक्टरी में फंसे लोगों को निकालने का काम शुरू किया। रेस्क्यू टीम में कौशाम्बी, फतेहपुर और प्रयागराज की दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जूझती रहीं। विस्फोट की जानकारी मिलते ही मजदूरों के परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। जहां उनकी पुलिस से नोक झोंक भी हुई। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंचे एडीजी जोन भानु भास्कर ने घटना की जांच के लिए एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है।

## जनप्रतिनिधियों का लगा जमावड़ा

पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद जहां आसपास के लोगों की भीड़ लग गई थी तो जिले के जनप्रतिनिधियों के भी आना जाना लगातार जारी रहा। इस बीच सबसे पहले कौशाम्बी से भाजपा सांसद विनोद सोनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने आला अधिकारियों से घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल भेजवाने की व्यवस्था करवाई और मृतकों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। चायल के पूर्व भाजपा विधायक संजय कुमार गुप्ता, पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार के अलावा कई क्षेत्रीय नेताओं ने भी घायलों और मृतक मजदूरों के परिजनों से मिलकर इस हृदय विदारक घटना पर दुःख जताया

## खेतों में पाये गये मजदूरों के कटे अंग

पटाखा फैक्टरी में विस्फोट इतना भयानक था कि फैक्टरी में काम करने वाले कई मजदूरों के तो चीथड़े उड़ गए जो पास की दीवारों पर चिपके हुये थे। वहीं फैक्टरी के नजदीक मौजूद खेतों में भी मजदूरों के अंग छत विछत देखे गये।

## दस फिट तक उछल कर गिरे मजदूर

भरवारी में हुये पटाखा विस्फोट में चश्मदीद ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तो चारों ओर धुवां ही धुंवा फैल गया था। चारों तरफ चीख पुकार मची थी मजदूर इस धमाके में दस फिट तक उछल कर गिर रहे थे। मरने वालों में फैक्टरी मालिक शाहिद अली पुत्र शराफत अली,निवासी खल्लाबद-शिवनारायण पटेल पुत्र भोला नाथ निवासी अंबहा-शिवा कांत पटेल पुत्र राम भवन निवासी अंबहा-अशोक कुमार पुत्र गया प्रसाद पुत्र अंबहा-जयचंद पुत्र पुनिलाल निवासी बैरिहा-हरिलाल पुत्र देवतादीन निवासी चमन्धा एक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

# अकबरनगर : गरीबों के आशियाने पर बुलडोजर चलाने का किया माले ने विरोध

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने राजधानी के महानगर स्थित अकबरनगर में सौंदर्यीकरण के नाम पर गरीबों के आशियाने पर बुलडोजर चलाने का विरोध किया है। पार्टी ने कहा है कि योगी का संवेदनहीन व निरंकुश बुलडोजर राज गरीबों के लिए आफत बन गया है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने आज जारी एक बयान में कहा कि जो गरीब अपनी फरियाद हाई कोर्ट तक नहीं पहुंचा पाए, उनके आशियाने जबरन उजाड़े आ रहे हैं। ये लोग विगत तीन पीढ़ियों से आबाद हैं। बिजली, पानी, सीवर का टैक्स भी भरते रहे हैं। अब अचानक से इनकी रिहायश को अवैध बता दिया गया। सोमवार को सुबह से ही बाबा के बुल्डोजरों ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरु कर दी। उजाड़े जा रहे



परिवारों में से कई परिवार सरकारी योजना में अन्य जगहों पर धनराशि के भुगतान पर घर लेने में सक्षम भी नहीं होंगे। इनकी आजीविका भी प्रभावित होगी।

कायदे से सरकार को सभी गरीबों को मुफ्त आवास व आजीविका का बंदोबस्त करना चाहिए। लेकिन सरकार की रुचि गरीबों की बेदखली में है, उचित पुनर्वास में नहीं। यह जनपक्षधरता नहीं, कारपोरेट परस्ती है। भाजपा गरीबों की मदद का ढोंग करती है। उसकी नीतियां गरीब-मजदूर-किसान विरोधी और कारपोरेट के हित में हैं। उसे आने वाले चुनाव में सबक सिखाना होगा।

# टीएमयू डेंटल में मना नेशनल ओरल पैथोलॉजी-डे

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के ओरल पैथोलॉजी विभाग की ओर से नेशनल ओरल पैथोलॉजी डे मनाया गया। यह देश के पहले ओरल पैथोलॉजिस्ट डॉ. हरनाथ मणिशंकर ढोलकिया के सम्मान में मनाया जाता है।

इस मौके पर डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन ने कहा, डेंटल कॉलेज में मरीजों के इलाज के लिए सभी विभाग कोलाबोरेशन कर रहे हैं, जिससे मरीजों को इलाज में ज्यादा लाभ मिल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई, टीएमयू का डेंटल कॉलेज मरीजों की सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले डीन डॉ. नीलिमा जैन, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, ओरल पैथोलॉजी के एचओडी डॉ. के.



विनोद कुमार आदि ने केक काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. शिल्पा दत्ता मलिक ने सभी का वेकलम किया। संचालन पीजी स्टुडेंट्स डॉ. अंजलि ने किया।

प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल बोले, कॉलेज के सभी डिपार्टमेंट जैसे- ओरल सर्जरी विभाग, पेरियोडोंटोलॉजी, ओरल डायग्नोसिस, ऑर्थोडोंटिंक्स आदि से मरीज ओरल पैथोलॉजी विभाग में डायग्नोसिस के लिए रेफर किए जा रहे है। इससे मरीज का इलाज सही दिशा में संभव होता है। एचओडी डॉ. के. विनोद कुमार ने डिपार्टमेंट में डायग्नोसिस किए गए जटिल केसों की केस स्टडी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. गीतान्शु डावर, डॉ. शिप्रा सक्सेना, डॉ. जेनुल, डॉ. शलभ कुमार, डॉ. शलभ मेहरोत्रा, डॉ. संदीप, डॉ. सिवान, डॉ. नन्दकिशोर, डॉ. अभिनय आदि के संग-संग इंटर्न्स, पीजी स्टुडेंट्स मौजूद रहे।

# उठा दो पर्दा दिखा दो जलवा कि लौ तुम्ही से लगी हुई है

## आखिरी इमाम मोहम्मद महदी अलैहिस्सलाम की वेलादत के मौके पर जिले भर मनाया गया जश्न

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** आखिरी इमाम हजरत मोहम्मद महदी अलैहिस्सलाम की वेलादत के मौके पर उनके चाहने वालों ने पूरी रात जश्न मनाया। जिले भर के इमामबाड़ों और मस्जिदों में महफिलें भी आयोजित की गई। जहां शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी तो मौलाना ने तकरीर कर इमाम महदी की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए रौशनी डाली।

रविवार को माहे शाबान की 14 तारीख थी। यह तारीख अपने आप मे एक इतिहास रखती है। यही वह इमाम महदी हैं कि जब आयेंगे तो दुनिया में अत्याचार का खात्मा होगा। इस मुनासिबत से जनपद के अधिकांश स्थानों पर।इमाम महदी अलैहिस्सलाम के चाहने वालों ने महफिलें भी आयोजित की। जिले के मंझनपुर,





करारी, कड़ा, दारानगर, सिराथू, चायल, मुस्तफाबाद सहित विभिन्न क्षेत्रों में। कार्यक्रम आयोजित किए गये। मंझनपुर के वार्ड हजरतगंज स्थित मीरन मियां के इमामबाडे में महफिल का आयोजन किया गया। जहां मौलाना कौसर अब्बास रिजवी ने तकरीर कर इमाम महदी अलैहिस्सलाम की जीवनी पर रौशनी डाली। इसी तरह नगर पंचायत करारी में भी आखिरी इमाम के चाहने वालों ने कार्यक्रम आयोजित कर अपनी मोहब्बत का इजहार किया। कस्बे के हजरतगंज वार्ड स्थित हुसैनिया शरीफाबाद में महफिल आयोजित की गई। महफिल में मुकामी शायरों ने शिरकत की। महफिल में तकरीर करते हुए मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने कहा कि हम और आप जो जश्न मना रहे हैं वह उस इमाम का है कि जब वह आयेंगे तो दुनिया में जुल्म(अत्याचार) करने वालों से चुन चुन कर हिसाब लिया जायेगा। कहा इमाम महदी अलैहिस्सलाम अभी परदा ए गैब में हैं। जब अल्लाह का हुक्म होगा तो जाहिर होंगे। तकरीर के बाद शिया धर्म गुरु आली जनाब मौलाना सैयद मोहम्मद जोहैर कैन रिजवी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह आप की जिम्मेदारी है कि आप अपने इमाम के बताये रास्ते पर चलें। दुनिया की खुराफात से अपने आप को महफूज करें। आज दुनिया की जालिम ताकतें नवजवानों को बरगलाने का काम कर रही हैं। आप सीधे रास्ते पर चलेंगे तो आप से अल्लाह भी खुश होगा और इमाम महदी अलैहिस्सलाम भी। आये शायरों ने अपने अपने कलाम सुनाकर वाह वाही बटोरी।

इस मौके पर साबिर सोनवी, जौहर करारवी, सैफ रिजवी, फुरकान रिजवी, अफरोज हैदर, अली सरदार रिजवी, शीराज और शोएब सलमान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजक सिब्ते मोहम्मद ने आये सभी इमाम के चाहने वालों का शुक्रिया अदा किया।

### अरीजा लिखकर मांगी गई इमाम से दुआ

**कौशाम्बी।** शबे बरात में जहां लोग इमाम की वेलादत का जश्न मना रहे थे तो वहीं अकीदतमंद अपनी मुरादें पूरी होने के लिए आखिरी इमाम हजरत मोहम्मद महदी अलैहिस्सलाम की खिदमत में अरीजा भेजते हैं। सुबह की नमाज के बाद अकीदतमंद अपने दिल की बात लिख कर आटे में लपेटकर तालाब में डाला जाता है।

### कब्रिस्तानों में रौशनी कर बुजुर्गों को किया गया याद



**कौशाम्बी।** शबे बरात के मौके पर जहां लोगों ने इमाम की वेलादत पर जश्न मनाया तो वहीं अपने बुजुर्गों को भी याद किया। कब्रिस्तान में रौशनी का भी एहतेमाम किया गया। कुरआन ख्वानी से मरहूमीन को याद किया। कर्बला को भी बहुत ही खूबसूरत अंदाज से सजाकर अपनी अकीदत का इजहार किया गया।

# बालामऊ रेलवे स्टेशन व सुठेना बाईपास अंडरपास का शिलान्यास

**अवधनामा संवाददाता**

**कछौना (हरदोई)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नहीं आधुनिक सुविधाओं से लैस विश्व स्तरीय बालामऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन एवं अंडरपास 257 का शिलान्यास किया। विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन व अंडरपास के निर्माण से बालामऊ क्षेत्र को एक नई पहचान मिलेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत, नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज शुक्ला, नवल माहेश्वरी व युवा नेता संचित अग्रवाल समेत जनप्रतिनिधि, सभासदगण, ग्राम प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, जिला पंचायत सदस्यगण, प्रबुद्धजन, व्यापारी बंधु, विभागीय अधिकारी, विद्यालयों के छात्र-छात्रा साक्षी बने। बालामऊ जंक्शन के नये रेलवे स्टेशन भवन व सुठेना बाईपास 257 अंडरपास का सोमवार को शिलान्यास किया गया। इस आधुनिक रेलवे स्टेशन हेतु 25 करोड़ व अंडरपास हेतु 4 करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। नया रेलवे स्टेशन भवन दक्षिण दिशा की तरफ स्थापित होगा। आधुनिक सुविधाएं, विश्व स्तरीय, अच्छे प्लेटफार्म,बेहतर पार्किंग सुविधा, रेल टिकट घर, पेयजल सुविधा, सुलभ शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए बेहतर आवागमन हेतु रैंप, बैठने की अच्छी बेंचें, वातानुकूलित प्रतीक्षालय, एक से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने की सुविधा, डिजिटल पुस्तकालय, अच्छे मनमोहक प्रवेश द्वार, फुट ओवरब्रिज, वाटरकूलर, स्वच्छता हेतु कूड़ेदान आदि बुनियादी सुविधाओं से लैस स्टेशन होगा। यह विकसित भारत की तरफ एक बढ़ता हुआ कदम है।



इस आधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेशन व अंडरपास से क्षेत्र के रेहड़ी, पटरी दुकानदार, व्यापारी, दैनिक यात्रियों, दूध व्यवसायी मछली व्यवसायी, युवाओं, विद्यार्थियों के जीवन में परिवर्तन होगा। यातायात सुगम के साथ ही उनके आर्थिक विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर युवा नेता संचित अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस पल को नई पीढ़ी हमेशा याद रखेगी। दक्षिण दिशा में रेलवे स्टेशन न होने के कारण आए दिन लोग रेलवे ट्रैक से गुजरते समय रन थ्रू ट्रेन की चपेट में आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेते थे। ऐसे हादसों पर विराम लगेगा। क्षेत्र के विकास की नई ईबारत बनेगी। कर्नल आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश के विकास को नई गति मिली है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज ने अपने उदबोधन में कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। अमृत स्टेशन योजना के तहत नई रेलवे स्टेशन का कायाकल्प व अंडरपास से नगर सहित क्षेत्र को विकास की नई दिशा मिलेगी। बालामऊ जंक्शन मॉडल स्टेशन के रूप में विश्व में नई पहचान के रूप में जाना जाएगा। विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस स्टेशन के कायाकल्प से लोगों का आवागमन सुगम होगा। इस कदम से लोगों की आवागमन हेतु कई नई ट्रेनों का ठहराव होगा। उन्होंने इस कछौना के व्यापारियों के लिए कछौना में अवंटित भूमि मंडी समिति पर मंडी बनवाने की मांग सांसद से की। जिस पर सांसद ने मंडी समिति बनवाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर सांसद अशोक रावत ने दोनों योजनाओं का शिलान्यास किया। अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे कार्यकाल में बालामऊ विधानसभा क्षेत्र में कोई यादगार विकास कार्य नहीं हो सका है। इसलिए हमने सतत प्रयास करके बालामऊ स्टेशन को नया निर्माण व अंडरपास की सौगात देकर लाभान्वित किया। मोदी जी के नेतृत्व में देश के विकास को एक नई दिशा मिल रही है। जिन सुविधाओं की हम कल्पना करते थे, वह आज जमीनी स्तर पर मिल रही है। पहले योजनाएं भ्रष्टाचार व घोटाले की भेंट चढ़ जाती थीं, लेकिन अब आपकी आंखों के सामने साकार हो रहीं हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था पर है, शीघ्र ही हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था पर पहुंचेंगे। इस कदम से नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। लोगों की जिंदगी में बदलाव आ रहे हैं। इस अवसर पर जिला मंत्री अजय शुक्ला ने उदबोधन किया।

# दिव्यांग बुजुर्ग मां को बाबू राजीव ने घर पहुंचाने की व्यवस्था की

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** एक बुजुर्ग दादी मां जिनका नाम सोंन देवी पत्नी श्याम लाल, गंगनी दरवाजा फरिया निवासी उम्र लगभग 75 वर्ष दबरई पर किसी कार्य हेतु अकेले फरिया से चलकर आई थी। पुनः अपने घर पर वापस न पहुंचने की दशा में दबरई में सेल्फी पॉइंट के पास कुर्सी पर परेशांन सी अकेले बैठी थीं। वहाँ उन पर दिव्यांग कल्याण विभाग के बाबू राजीव की नजर पड़ गई, पास जाकर उन्होंने दादी से उनका हाल जाना जिसमें दादी ने बताया गया कि उनके पति की मृत्यु बहुत पहले हो चुकी है, वह अपनी बेटी के साथ फरिहा में रहती हैं अब दामाद भी दुनिया में नहीं रहे है, मेरा कोई नहीं है, बोली यहाँ तक आ तो गई पर अब घर नहीं पहुँच पाऊँगी। राजीव बाबू ने सारा हाल जान कर पुलिस से उनको सकुशल उनके घर पहुंचाने की अपील की जिस पर थाना मटसेना के द्वारा तुरंत संज्ञान लेकर पुलिस की कार द्वारा सुरक्षित तरीके से बुजुर्ग दादी को दबरई से फरिया स्थित उनके निवास स्थान पर ले जाने हेतु तत्काल व्यवस्था की गई।

# आगामी लोक सभा निर्वाचन मे मतदान जरूर करे: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**




**हरदोई।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 मे स्वीप योजनान्तर्गत मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन आज आईटीआई परिसर मे किया गया। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा सभी दिव्यांगजनो से अपील की गई कि जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष हो चुकी है वह अपना मतदाता पहचार पत्र अवश्य बनवा ले। उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिये यह जरूरी है कि सभी लोग आगामी लोक सभा निर्वाचन मे मतदान जरूर करे। दिव्यांगजनो के लिये मतदान केन्द्रो पर मतदान के लिये किसी भी प्रकार का इन्तजार नहीं करना पड़ेगा। गोष्ठी मे नगर मजिस्ट्रेट हरदोई ने फार्म-6, 7, 8 के बारे मे बताया गया और निर्वाचन कार्य मे प्रयुक्त होने वाले सभी ऐप, बेवसाइट एवं क्यू आर कोड के उपयोग की जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक स्वीप नोडल ने बताया गया कि चुनाव का पर्व देश का गर्व मे बढ चढ कर दिव्यांगजन व उनके सहयोगी भागीदारी करे जिससे देश की समृद्धि के लिये लोकतांत्रिक तरीके से जन प्रतिनिधियो का चयन सरकार का गठन हो सके। उन्होने बताया हर किसी के वोट का बहुत अधिक महत्व है। जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी रिचा गुप्ता ने दिव्यांगजनो को उनके खुशहाली के लिये चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे जानकारी दी गई।

# बिजली चोरी : हरि किशोर तिवारी ने शुरू की भूख हड़ताल

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** विजय नगर मोहल्ले में विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा बिजली चोरी पकड़े जाने वाले मामले में महिलाओं समेत निर्दोष लोगों के विरुद्ध अनुचित और मनमानी पूर्ण धाराओं में एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरि किशोर तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ एसडी फील्ड स्थित विद्युत अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है, जिसमें समर्थकों की लगातार भारी भीड़ जुटने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है। कर्मचारी नेता हरि किशोर तिवारी ने बताया कि उक्त मामले में



विद्युत विभाग के कर्मचारी सुशील दिवाकर द्वारा विभागीय अधिकारियों के सहयोग से लिखाई गई रिपोर्ट में सुहेल और इरफान के अलावा अतुल शुक्ला, हरि योगेंद्र शुक्ला, गौतम शुक्ला, इनकी पत्नियों और पुत्री दीप्ति शुक्ला के विरुद्ध मीटर टेंपरिंग गैंग और एससी एक्ट की धाराओं समेत अन्य गंभीर धाराएं लगाई गई हैं, जो नितांत झूठी और फर्जी हैं ताकि इन्हें दबाव में लेकर इनसे अवैध वसूली की जा सके। यह एकदम अनुचित और अन्याय पूर्ण है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और जब तक ये झूठी एफ आई आर और धाराएं वापस नहीं ली जायेगी, हम और हमारे साथी अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल करेंगे। मामले के समाधान हेतु सिटी मजिस्ट्रेट एवं कोतवाल भी वहां आए, लेकिन बात नहीं बनी। भूख हड़ताल में उनके साथ सभासद पंकज पचौरी, भाजपा नेता और सभासद शरद वाजपेई, अशोक द्विवेदी, देवेंद्र शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा और देवेश भदौरिया भी बैठे हैं। उधर हरि किशोर तिवारी के धरने पर बैठने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों की भारी भीड़ अनशन स्थल पर पहुंचने लगी है।

## किसानों के समर्थन में प्रदर्शन, किसानों की मांग माने सरकार

**मथुरा।** किसान संयुक्त मोर्चा और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्देश पर दिल्ली की तरफ जाने वाले हाईवे पर ट्रैक्टर खड़े करके शांति प्रिय एक दिवसीय धरना प्रदर्शन महानगर मथुरा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारी ने दिल्ली आगरा हाईवे पर निकट महेश्वरी हॉस्पिटल मथुरा पर अपने ट्रैक्टर खड़े कर अपना सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया महानगर अध्यक्ष सलीम खान वरिष्ठ किसान नेता व समाजसेवी लोकेश कुमार रही ने अपने संयुक्त रूप से कहा यह सरकार तानाशाहों की सरकार है किसानों के हित की बात नहीं करती है किसान अपनी मांगों को लेकर अगर सरकार के दरवाजे पर जाता है तो किसान के ऊपर लाठियां बरसाने का काम करती है टियर गैस के गोले छोड़ने का काम करती है किसान के रास्ते में किले बिछाती है बेरी कटिंग लगती है इस सरकार को किसानों के हित में किसने की मांगों को पूरा करना पड़ेगा एम एस पी पर कानून डॉ स्वामी नाथन की रिपोर्ट लागू जो किसान आंदोलन में शहीद हुए हैं उनको मुआवजा लखीमपुर खीरी वाले किसानों को न्याय की मांग जब तक किसानों की मांगे पूरी नहीं होगी जब तक किसान अपनी मांगों को लेकर यूं ही धरना प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को जगाने का काम करेगा इस मौके पर प्रमुख रूप से निजाम नेताजी चित्रसेन मौर्य महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशिक अली महानगर सचिव जितेंद्र झा महानगर महामंत्री असगर अली महानगर महामंत्री आलमगीर रमेश सैनी नगर सचिव मोहन पहलवान देवपुरा महानगर सचिव कृष्ण वीर सोलंकी, चांद कुरैशी, हकीम अली, संजय प्रताप, सलीम कुरैशी, राजकुमार, अशोक कुमार, छोटेलाल, सिद्धू चौधरी नौगांव, केशव देव , प्रताप चौधरी सलेमपुर वाले आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर ओबीसी समाज के हितों की रक्षा की: संजीव

**वहाज अली निहाल**




**इटावा।** 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। उत्तर प्रदेश में बीजेपी 80 में से 80 सीट हासिल करने और विपक्ष के तथाकथित पीडीए के दांव को फेल करने के लिए प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में भाजपा जनपद कार्यालय पर बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में एवं ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल के अध्यक्षता में युवा संवाद सम्मलेन का आयोजन किया गया। युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने जहां एक तरफ युवाओं से संवाद किया तो वहीं दूसरी तरफ आगामी चुनाव की रणनीतियों पर भी चर्चा की। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि ओबीसी समाज से आने वाले युवाओं को पीएम नरेंद्र मोदी का एक बार फिर से पुरजोर समर्थन करने की आवश्यकता है क्योंकि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली यह डबल इंजन वाली भाजपा सरकारें ही थीं जिन्होंने पिछड़ों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। भाजपा ही वह सरकार है जिसने ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया और समुदायों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को कैबिनेट का दर्जा दिया। पिछड़ा वर्ग के हित में तमाम कार्य किए जा रहे हैं। भाजपा पिछड़े वर्ग के युवाओं को पार्टी से जोड़कर सत्ता में भागीदारी देना चाहती है। भाजपा युवा शक्ति के बल पर तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी। बीते दिनों बीजेपी ने 7 राज्यसभा सीटों के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं। 7 राज्यसभा सीटों में से 4 पर ओबीसी नेताओं की घोषणा से भाजपा ने ओबीसी के प्रति अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। बीजेपी सबका साथ सबका विकास करने वाली पार्टी है और हमारा संकल्प 2047 तक विकसित भारत बनाना है। युवा संवाद कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा अनिल राजपूत ने किया। युवा संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मुकेश यादव, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित, विस्तारक जॉनी राघव, जिला मंत्री सतीश शाक्य, क्षेत्रीय मंत्री अंगूरी पाल, होम सिंह बंजारा, शत्रुघ्न निषाद, मुकेश राजपूत, जय सिंह बघेल, होती लाल, सहदेव पाल, विवेक बघेल, नन्द किशोर राजपूत सहित ओबीसी मोर्चा के जिला, मण्डल पदाधिकारी एवं ओबीसी समाज के युवा साथी उपस्थित रहे।

# पेपर लीक मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने दिया ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश आह्वान पर पुलिस भर्ती में पर्चा लीक मामले को लेकर सोमवार को राज्यपाल महोदया को संबोधित ज्ञापन प्रशानिक अधिकारी को दिया। निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष इक़रार अहमद ने कहा कि यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं है, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तीओं के परीक्षाओं के पेपर भी लीक हो जाते हैं, साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हो जाते हैं। ताज़ा मामला यूपी पुलिस भर्ती का है। 17 और 18 फ़रवरी को हुए भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हों गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों



परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर गया है। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में युवाओं के जोरदार विरोध-प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद्द करती हैं। सवाल उठना वाज़िब हैं कि सरकार के लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण लगातार पेपर लीक हो रहें हैं और प्रतिभाओं के साथ अन्याय हो रहा हैं। इस प्रकार के आपराधिक कृत्य की जिम्मेदारी ठहराया जाना नितांत आवश्यक हैं। माँग करने वालों में इक़रार अहमद निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष इक़रार अहमद, पूर्व सचिव दीपक राज, पूर्व प्रवक्ता विनोद सिंह चौहान, गिरजेश कुमार, अंकुर कुमार, हेमंत कुमार, सौरभ दुबे, दीपक, विकास, महेश चौहान, अश्वनी राठौर, मनोज यादव, अमित तिवारी, राजेन्द्र सिंह, शाहरुख, वी के कुलश्रेष्ठ, स्वतंत्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# जेल वाले सैय्यद बाबा का सालाना उर्स आज से

■ उर्स की तैयारियां हुई पूरी

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** मरहूम बशीर अहमद नियाज़ी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा का सालाना 52 वां उर्स मुबारक इस वर्ष भी आज 27 व 28 फरवरी दिन मंगल व बुधवार को अपनी पूरी शानो शौकत और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। उर्स की तैयारियां पूरी हो गई है। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेक्रेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर ने जानकारी देते हुए बताया कि सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में आयोजित होगा। उर्स में सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, अल्ताफ हसन कव्वाल झांसी, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद महफिले सिमा में कलाम पेश करेंगे। दरगाह कमेटी की तरफ से गागर व चादर पेश की जाएंगी। उर्स के लिए दरगाह को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। उर्स के दौरान लंगर की भी व्यवस्था रहेगी। उर्स में इटावा सहित बाहरी जनपदों के श्रद्धालु भाग लेंगे। दरगाह हज़रत नूर अली जेल वाले सैयद बाबा कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेकेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर ने जनपद वासियों व श्रद्धालुओं से उर्स में भाग लेने की अपील की है।

# बीएसए: आयुर्वेदिक की परीक्षा के दौरान दो नकलची पकड़े

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बीएएमएस की परीक्षा में तलाशी अभियान में दो नकलची पकड़े गए महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर द्वारा बीएएमएस की सत्र 2021-22 की पूरक परीक्षाएं बीएसए कॉलेज मथुरा नोडल केंद्र पर 26 फरवरी से 06 मार्च तक संचालित हो रही है । जिसमें एसकेएस आयुर्वेदिक और धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज छाता मथुरा के छात्र-छात्राए परीक्षा दे रहें है। परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के आंतरिक उड़न दस्ते के द्वारा सघन तलाशी ली गई। सघन तलाशी का अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा, केंद्र अधीक्षक डॉ एसके सिंह ,डॉ. रवीश शर्मा ,डॉ. बी के गोस्वामी,डॉ. यू के त्रिपाठी, डॉ बी पी राय एवं डॉ चंचल शर्मा, कक्ष निरीक्षक डॉ चंद्रेश अग्रवाल एवं डॉ सोनू जाना के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। सघन तलाशी के दौरान छात्र-छात्राओं के एडमिट कार्ड,जूते- मोजे, ज्योमेट्री बॉक्स आदि की तलाशी की गई। उक्त तलाशी अभियान में एसकेएस आयुर्वेदिक कॉलेज के दो छात्र पर्ची से नकल करते हुए पकड़े गए जिनके विरूद्ध यूएफएम की कार्यवाही करते हुए विश्वविद्यालय को सूचित किया गया।

# विशाल 38 वॉ फ्लावर शो हुआ संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

■ ब्रह्माकुमारी संस्था ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य विषय पर लगाई प्रदर्शनी

**मथुरा।** जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक उपक्रम मथुरा रिफाइनरी में 38 वें फ्लावर शो महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 600 से भी अधिक प्रजातिओं के पुष्प और 250 से भी अधिक सजावटी पेड़ों की प्रजातियां प्रदर्शित की गई. फ्लावर शो में फूलों से सजे हाथी, मोर ,तितलियाँ, हैंगिंग झूला,फैंसी हट, सेल्फी प्वाइंट आदि दर्शकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इंडियन ऑइल नें इस वर्ष कर्मचारियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए फोर आर फॉर यू प्रोग्राम की लॉन्चिंग की है। इसी अभियान के अंतर्गत ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए एक ज्ञानवर्धक और अत्यंत मनमोहक प्रदर्शनी लगाई गई,जिसमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के विविध पहलुओं, समस्याओं और उनके समाधान के विविध तरीकों को बैनर और पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके कृष्णा दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्था विगत 88 वर्षो से राजयोग के प्रयोग द्वारा विभिन्न शारीरिक और मानसिक रोगों के उपचार के कारगर प्रयोग कर रही है। प्रदर्शनी का शुभारंभ मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक अजय तिवारी और वृंदा क्लब अध्यक्षा श्रीमती मीना तिवारी ने फीता काटकर किया. इस मौके पर ब्रह्मकुमारी रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र प्रभारी बी के कृष्णा दीदी ,रिफाइनरी में सी जी एम सुधांशु कुमार, भास्कर हजारिका, गोपीनाथ ,ऑफिसर एसोसिएशन के सचिव रविंद्र यादव,मथुरा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, सचिव मुकेश शर्मा, संयोजक आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# डॉक्टर्स क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण टूनार्मेंट फाइनल मैच में केएम का शानदार प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

■ केएम सुपरकिंग्स ने तीन विकेट से जीती फाइनल ट्रॉफी

■ केएमयू के चांसलर ने दी डॉक्टर्स टीम को बधाई

**मथुरा।** डॉक्टर्स क्रिकेट लीग का दूसरा संस्करण टूनार्मेंट का फाइनल मैच केएम सुपरकिंग्स और मथुरा स्पार्टन्स 11 के बीच अलंकार क्रिकेट स्टेडिम में खेला गया। जिसमें केएम सुपरकिंग्स ने मथुरा स्पार्टन्स को करारी शिकस्त देते हुए तीन विकेट से फाइनल ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने डाक्टर्स टीम को बधाई देते हुए कहा है कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि जहां डाक्टर मरीजों का इलाज कर उन्हें नया जीवन प्रदान करते है वहीं क्रिकेट में भी उन्होंने अपने हाथ दिखाकर केएमयू का नाम रोशन किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी केएम सुपरकिंग्स टीम ने 18.5 ओवर में सात विकेट खोकर महज 134 रन बनाये। केएम सुपरकिंग्स और मथुरा स्पार्टन्स के बीच टॉस हुआ जिसमें केएम सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए केएम ने 7 विकेट खोकर 134 रन का लक्ष्य मथुरा स्पार्टन्स 11 के सामने रखा। मथुरा स्पार्टन्स टीम ने शुरू से ही रनों की बढ़त बनाकर चले लेकिन केएम सुपरकिंग की गेंदबाजी के सामने कोई भी खिलाड़ी ज्यादा देर नहीं खेल सका। लिहाजा मथुरा स्पार्टन्स 11 टीम 133 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। फाइनल मैच में डा. मनी कुमार ने सर्वाधिक रन बनाकर केएम की झोली में शानदार जीत दे दी। जिससे अस्पताल के डाक्टरों ने खुशी जताई है, वहीं केएमयू के कुलाधिपति किशन चौधरी सहित वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वीसी डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, एडीशनल मेडीकल सुपरिडेंट डा. आरपी गुप्ता ने केएम सुपरकिंग्स के डाक्टर संतोष, डा. शिव कुमार, डा. रोहिताश, डा. दुष्यंत, डा. शियान पॉल, डा. मरिनल, डा. मनीष, डा. आकाश, डा. अलोक पांडेय, डा. ललित, डा. शशांक तिवारी, डा. निश्चत, डा.मनप्रीत, डा. अभिषेक, डा. अर्जुन आवा, डा. गगन सैनी, ध्रुव, डा. मनी कुमार को जीत की बधाई दी है।

# माया के सर्वजन से बहुजन आन्दोलन का सत्यानाश!

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** यह कहना गलत नहीं होगा कि मायावती के सर्वजन से बहुजन आन्दोलन का उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सत्यानाश होकर रह गया है। देश में वैचारिक जंग सदियों पुरानी है। एक तरफ काल्पनिक तथ्यों के आधार पर अपनी सांस्कृतिक विरासत को स्थापित किए हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ समाज में छोटे-बड़े और ऊँच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने की मुहिम चली हुई है। हजारों वर्ष पुरानी समाज विरोधी व्यवस्था को सन्तों, गुरुओं, महापुरुषों और समाजसेवियों ने नकारते हुए समाज में समता और समानता का माहौल कानून और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्थापित करने की, जो पहल अनवरत जारी है, जिसमें तथागत गौतम बुद्ध जिस कार्य को अधूरा छोड़ गए, उस कारवां को विश्व रतन 'सिम्बल ऑफ नॉलेज' डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आगे बढ़ाने का कार्य किया और वह जिस प्रकार गौतम बुद्ध ने अध्यात्म के अंधेरे से लोगों को धम्म के माध्यम से उजाले में लाने का काम किया, ठीक उसी प्रकार डॉ. आंबेडकर सामाजिक क्रान्ति की ज्वाला को ज्वालामुखी बनाते हुए कानूनी अधिकार और संविधान के माध्यम से समता और समानता की बात को दुनिया के पटल पर रखने में कामयाब रहे। हालांकि इस कार्य को अंजाम देने में उन्हें सामाजिक, पारिवारिक और तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। डॉ. आंबेडकर के अनुकरणीय कार्यों की वजह से देश के दबे-कुचले, अछूत और अशिक्षित समाज एवं महिलाओं को नारकीय जीवन से निजात तो मिला ही पशुओं से बदतर जीवन जीने वाले लोगों को इंसानी जिन्दगी जीने का भी मौका मिला। डॉ. आंबेडकर के प्रयासों से गरीब का बेटा शिक्षा प्राप्त करने लगा। वकील और कलेक्टर बनने लगा। राजनीति में भी अपना योगदान देने लगा। इस करवा को चिंगारी देने का काम मान्यवर कांशीराम ने किया। उन्होंने विभिन्न संगठनों के माध्यम से देश के दलित-पिछडे वर्ग के सरकारी पदों पर बैठे लोगों को संगठित करके संसाधनहीन होने के बावजूद देश में बहुत बड़ा मंच तैयार किया। इसके बाद उन्होंने महसूस किया, बिना राजनीतिक मंच के सामाजिक क्रान्ति अधूरी है। उन्होंने बामसेफ के बाद डी.एस-4 के अलावा बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। यह अलग बात है, उस वक्त उनके साथ मुट्ठीभर लोग थे। उन्होंने अपने सहयोगियों को आश्वस्त किया। आज हमने नेता बनाने की फैक्ट्री बना दी है और हमारी फैक्ट्री का तैयार किया हुआ पुरजा(कार्यकर्ता) किसी दूसरी जगह पर फिट नहीं हो सकता और हमारे यहाँ आने वाला हर व्यक्ति हमारे माहौल में मिल सकता है। मान्यवर काशीराम ने अपने साथियों के साथ पैदल और साइकिल से गाँव-गाँव, मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों में राजनीतिक चेतना को जागृत किया।

उनकी और उनके सहयोगियों की मेहनत सफल हुई। बहुजन समाज पार्टी ने जहाँ सत्ता का स्वाद चखने के साथ ही देश के सबसे बड़े राज्य पर चार बार मायावती ने मुख्यमंत्री के तौर पर शासन किया।

कांशीराम के द्वारा जगाई गई राजनीतिक चेतना चिंगारी से ज्वालामुखी बन गई बड़े-बड़े राजनीतिक पंडित कांशीराम के नेतृत्व में देशभर में गरीब-मजदूर और दलितों के लामबंद होने से चिन्तित दिखाई देने लगे। कांशीराम के अस्वस्थ होने के बाद मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी का कायाकल्प हुआ। उन्होंने संगठन और नीतिगत फैसलों में ऐसे लोगों को शामिल कर लिया, जिनका उद्देश्य राजनीतिक लाभ लेना तो था, वहीं उन्हें बसपा के बढ़ते कद को भी कमजोर करने की चिन्ता सताने लगी। ऐसे ही तत्वों के कहने में आकर बहुजन समाज पार्टी के 'बहुजन' आन्दोलन का नाम बदलकर 'सर्वजन' कर दिया। यह कहना गलत नहीं होगा कि मायावती के सर्वजन से बहुजन आन्दोलन का उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सत्यानाश होकर रह गया है। आखिर क्या कारण है कि कांशीराम के समय में संसाधन न होते हुए भी पार्टी ने अपना परचम लहराया था। अब बहुजन समाज पार्टी के जिम्मेदार लोग जो करोड़ों की कोठी-बंगलों में अपना जीवन-यापन कर रहे हैं और लग्जरी कारों में घूम रहे हैं।

अवधनामा



# इंग्लैंड को हराने में ध्रुव जुरेल ने निभाई अहम भूमिका, प्लेयर ऑफ द मैच से गया नवाजा

भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई है। इसके साथ ही भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भी अपने टेस्ट करियर की बेहतरीन शुरुआत की है। उन्हें बतौर विकेटकीपर प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं जुरेल ने ये उपलब्धि निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए हासिल की है।

रांची टेस्ट जीतने के बाद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई है। इसके साथ ही भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भी अपने टेस्ट करियर की बेहतरीन शुरुआत की है। उन्हें बतौर विकेटकीपर प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड से नवाजा गया। वहीं जुरेल ने ये उपलब्धि निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए हासिल की है। इस मामले में ध्रुव ने धोनी को भी







पीछे छोड़ दिया। क्योंकि, एमएस धोनी ने अपने टेस्ट करियर के सिर्फ दो मैचों में ये उपलब्धि हासिल की थी। लेकिन दो मैचों के करियर में ध्रुव ने एमएस धोनी के ही शहर रांची में पहली बार प्लेयर ऑफ द मैच बने हैं।

ध्रुव ने कुल मिलाकर 129 रन रांची में खेले गए टेस्ट मैच में बनाए। उन्होंने पहली पारी में 90 और दूसरी पारी में 39 रन बनाए। पहली पारी में 90 रन शतक से कम नहीं थे, जबकि दूसरी पारी में नाबाद 39 रन किसी बड़े अर्धशतक से कम नहीं थे। क्योंकि पहली पारी में टीम 177/7 थी और दूसरी पारी में 120 रन पर ही 5 विकेट गिर गए थे। जुरेल ने इस मैच में 3 कैच भी लपके। इस कारण से उनको प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। उन्होंने अपने साथियों को भी क्रेडिट दिया और कहा कि इन साझेदारियों में उनका भी योगदान था। वहीं जुरेल ने पुरस्कार मिलने के बाद कहा कि, मैं सिचुएशन की डिमांड के मुताबिक खेलता हूं। पहली पारी में भी हमें रन बनाने की जरूरत थी, हम जानते थे कि हमें आखिरी में बल्लेबाजी करनी है और इसलिए हर एक रन अहम होगा। मैं कुछ साझेदारियों में शामिल था। इसलिए इसका क्रेडिट उस सभी बल्लेबाजों को जाता है जो मेरे साथ टिके रहे और रन जोड़े। मैंने बस गेंद देखी और फिर उस पर प्रतिक्रिया दी। बहुत आगे के बारे में नहीं सोचा।

## यशस्वी जायसवाल का कमाल, द्रविड़-मांजरेकर को पछाड़ कर की विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी

भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की बराबरी कर ली है। जबकि उन्होंने राहुल द्रविड़ और विजय मांजरेकर को पीछे छोड़ दिया है। रांची में भारत और इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं भारतीय टीम इस मैच में जीत की ओर बढ़ रही है। ऐसे में टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने राहुल द्रविड़ और विजय मांजरेकर को पछाड़ते हुए विराट कोहली के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच जब भी टेस्ट सीरीज खेली जाती है तो दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलती है। टीम के बल्लेबाज गेंदबाजों के खिलाफ जमकर रन भी बनाते हैं। अब इसी बीच भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की बराबरी कर ली है।

# 17वीं टेस्ट सीरीज जीतकर भारत ने बनाए कई रिकॉर्ड्स, रोहित ने द्रविड़ को छोड़ा पीछे

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम को रांची के मैदान पर 192 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने चौथे दिन हासिल किया। रोहित ब्रिगेड एक समय मुश्किल में थी लेकिन शुबमन गिल (52 नाबाद) और ध्रुव जुरेल (39 नाबाद) ने 72 रन की अटूट साझेदारी कर अंग्रेजों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इसके साथ टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड्स भी अपने नाम किए हैं।

सोमवार को भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट में पांच विकेट से मात देकर सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम को रांची के मैदान पर 192 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने चौथे दिन हासिल किया। रोहित ब्रिगेड एक समय मुश्किल में थी लेकिन शुबमन गिल (52 नाबाद) और ध्रुव जुरेल (39 नाबाद) ने 72 रन की अटूट साझेदारी कर अंग्रेजों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। इसके साथ टीम इंडिया ने कई रिकॉर्ड्स भी अपने




नाम किए हैं।

भारत ने घर पर लगातार 17वीं टेस्ट सीरीज जीती है। भारत ने घर पर आखिरी सीरीज 2012-13 में गंवाई थी। जब इंग्लैंड ने 2-1 से बाजी मारी थी। भारत के बाद घर पर लगातार सबसे ज्यादा सीरीज जीतने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया का है। कंगारू टीम ने 1994 से 2001 तक लगातार 10 टेस्ट जीते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2004 और 2008 के दौरान एक बार फिर ये उपलब्धि दोहराई। बता दें कि, इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में भारत को 28 रन से मात दी थी। ये आठवां मौका है, जब भारत ने 0-1 से पिछड़ने के बाद सीरीज पर अपने नाम की है।

साल 2013 के बाद भारत में पहली बार सफलतापूर्वक 150 प्लस टारगेट चेज किया गया है। आखिरी बार मार्च 2013 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा हुआ था। भारत ने तब दिल्ली में 6 विकेट से विजयी पहचम फहराया था। भारतीय टीम को घरेलू मैदान पर कभी 200 रन से कम के टारगेट का पीछा करते हुए हार का मुंह नहीं देखना पड़ा। ऐसे में 33 मौके आए, जिसमें भारत ने 30 बार जीत दर्ज की और 3 मैच ड्रॉ पर छूटे।

इसके साथ ही रोहित शर्मा ने बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने के मामले में राहुल द्रविड़ को पछाड़ दिया है। जहां रोहित ने 9 टेस्ट जीत के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं द्रविड़ 8 टेस्ट जीत के साथ छठे नंबर पर हैं।

# भारत की जीत पर विराट कोहली ने किया ट्वीट, हमारी युवा टीम की अद्भुत...

भारतीय टीम ने इंग्लैंड को रांची टेस्ट में मात देकर सीरीज में 3-1 से बढ़त बना ली है। जिसके बाद भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम को बधाई दी। इसी कड़ी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने भी युवा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की है। रांची टेस्ट में भारतीय टीम ने इंग्लैंड को मात देकर सीरीज में 3-1 से बढ़त बना ली है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने इंग्लैंड के बैजबॉल का तिलिस्म भी तोड़ दिया है। इस सीरीज में युवा टीम ने जिस तरह से इंग्लिश टीम को अपने धैर्यपूर्व और दृढ़ संकल्प से धूल चटाई उसकी हर तरफ तारीफ हो रही है। इसी कड़ी में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने



भी युवा खिलाड़ियों की जमकर तारीफ की है।

विराट कोहली ने अपने एक्स पर लिखा कि, हां, हमारी युवा टीम द्वारा अभूतपूर्व सीरीज जीत। धौर्य, दृढ़ संकल्प और लचीलापन दिखाया। फिलहाल, विराट कोहली इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। वह मौजूदा समय में लंदन में है, जहां हाल ही में उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने बेटे को जन्म दिया है। इसकी जानकारी इस कपल ने सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया को दी। दरअसल, कोहली शुरुआत में इस सीरीज का हिस्सा थे, लेकिन बाद में उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया था।

बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के इंग्लिश टीम की कमान संभालने के बाद बैजबॉल क्रिकेट की पहली सीरीज हार है और इस जीत के साथ ही भारत को डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फायदा मिला है। इसके साथ ही अब दोनों टीमों के बीच पांचवां और आखिरी मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा।

# अंक तालिका में भारत को बड़ा फायदा, इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज में दी पटखनी

सोमवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेटों में माद देकर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 अजेय बढ़त बनाई है। बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के इंग्लिश टीम की कमान संभालने के बाद बैजबॉल क्रिकेट की पहली सीरीज हार है और इस जीत के साथ ही भारत को डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फायदा मिला है।

टीम इंडिया ने सोमवार को रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में चौथे टेस्ट में इंग्लैंड को पांच विकेटों में माद देकर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 अजेय बढ़त बनाई है। बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम के इंग्लिश टीम की कमान संभालने के बाद बैजबॉल क्रिकेट की पहली सीरीज हार है और इस जीत के साथ ही भारत को डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फायदा मिला है।

इस जीत ने भारत को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर मजबूत किया है। भारत पांच टेस्ट के बाद 64.58 के अंक प्रतिशत के साथ चार्ट में दूसरे पायदान पर है। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 10 मैचों के बाद 55 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि न्यूजीलैंड टॉप 75 के अंक प्रतिशत के साथ टॉप पर है। भारत की इस चक्र में ये 8 टेस्ट में पांचवीं जीत है। इस बीच, इंग्लैंड अपनी पांचवीं हार के बाद आठवें स्थान पर है। अब तक धीमी ओवर गति के अपराध के कारण उन्हें 19 अंक का नुकसान हुआ है। श्रीलंका दो मैचों में हार के बाद अंक तालिका में सबसे नीचले पायदान पर है।

घरेलू मैदान पर भारत का शानदार रिकॉर्ड बरकरार है और यहां तक कि इंग्लैंड भी अपनी पूरी आक्रामक ताकत के बावजूद भारतीय टीम के किले को फतेह करने में नाकामयाब रहा है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी मैच 7 मार्च को धर्मशाला में ब्रेक के बाद शुरू होगा।

# मां बनने के बाद दीपिका की बेहतरीन वापसी, 2 गोल्ड मेडल पर साधा निशाना

दीपिका कुमारी ने एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता के पहले चरण में रविवार को यहां दो स्वर्ण पदक जीतकर मां बनने के 14 महीने बाद जीत की राह पकड़ी। भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कुल 14 पदक जीते जिनमें 10 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने एशिया कप तीरंदाजी प्रतियोगिता के पहले चरण में रविवार को यहां दो स्वर्ण पदक जीतकर मां बनने के 14 महीने बाद जीत की राह पकड़ी। भारतीय खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कुल 14 पदक जीते जिनमें 10 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।



भारत ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन सभी सात फाइनल्स में जीत दर्ज की। उसने इसके अलावा तीन रजत पदक भी हासिल किये। तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने सिमरनजीत कौर को 6-2 से हराकर रिकर्व महिला खिताब जीता, जो जून 2022 के बाद उनका पहला खिताब है। उन्होंने आखिरी बार विश्व कप चरण 3 में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता था। दीपिका की अगुवाई में भारतीय महिला टीम ने शूट ऑफ फिनिश में उज्बेकिस्तान को 5-4 से पराजित करके स्वर्ण पदक हासिल किया। भारत की रिकर्व पुरुष टीम और मिश्रित टीम ने एकतरफा फाइनल में बांग्लादेश को हराकर दो और स्वर्ण जीते। इसके अलावा धीरज बोम्मदेवरा ने तरुणदीप राय को 7-3 से हराकर रिकर्व पुरुष वर्ग का जबकि प्रथमेश जावकर ने कुशल दलाल को 146-144 से हराकर कंपाउंड व्यक्तिगत खिताब जीता। परनीत कौर ने ईरान की फतेमेह हेममती को 138-135 से हराकर कंपाउंड महिला खिताब हासिल किया।

# पंकज उधास का लंबी बीमारी के बाद 73 साल की उम्र में निधन, बेटी नायाब ने पुष्टि की

घटनाओं के एक दुखद मोड़ में, अनुभवी शास्त्रीय गायक पंकज उधास का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। लंबी बीमारी के बाद गायक ने 26 फरवरी को अंतिम सांस ली, जिसकी पुष्टि उनकी बेटी नायाब उधास ने की। घटनाओं के एक दुखद मोड़ में, अनुभवी शास्त्रीय गायक पंकज उधास का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। लंबी बीमारी के बाद गायक ने 26 फरवरी को अंतिम सांस ली, जिसकी पुष्टि उनकी बेटी नायाब उधास ने की। नायाब उधास ने एक आधिकारिक बयान के माध्यम से इस खबर की पुष्टि की, जिसमें लिखा था, बहुत भारी मन से, हम आपको लंबी बीमारी के कारण 26 फरवरी 2024 को पद्मश्री पंकज उधास के दुखद निधन के बारे में सूचित करते हुए दुखी हैं।

पंकज उधास जन्म 17 मई 1951 को हुआ था। वह एक भारतीय ग़ज़ल और पार्श्व गायक थे जो हिंदी सिनेमा और भारतीय पॉप में



अपने काम के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1980 में आहट नामक एक ग़ज़ल एल्बम के रिलीज़ के साथ की और बाद में 1981 में मुकरार, 1982 में तरन्नुम, 1983 में महफ़िल, 1984 में रॉयल अल्बर्ट हॉल में पंकज उधास लाइव, 1985 में नायाब और 1986 में आफरीन जैसी कई हिट फ़िल्में रिकॉर्ड कीं।

ग़ज़ल गायक के रूप में उनकी सफलता के बाद, उन्हें महेश भट्ट की एक फिल्म, नाम में अभिनय करने और गाने के लिए आमंत्रित किया गया। उधास को 1986 की फ़िल्म नाम में गाने से प्रसिद्धि मिली, जिसमें उनका गाना चिट्ठी आई है (पत्र आ गया है) तुरंत हिट हो गया। इसके बाद उन्होंने कई हिंदी फिल्मों के लिए पार्श्वगायन किया। दुनिया भर में एल्बम और लाइव कॉन्सर्ट ने उन्हें एक गायक के रूप में प्रसिद्धि दिलाई। 2006 में, पंकज उधास को भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

# रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी लेने जा रही है थाईलैंड के एक्सपर्ट से एक्शन की ट्रेनिंग, बॉलीवुड में लगेगा हॉलीवुड तड़का

रणवीर सिंह और फरहान अख्तर अगस्त 2024 तक डॉन की तीसरी किस्त को फ्लोर पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। एक हफ्ते पहले, कियारा आडवाणी को आधिकारिक तौर पर डॉन 3 की प्रमुख महिला के रूप में घोषित किया गया था, जो संभवतः रोमा की भूमिका निभा रही थीं।

रणवीर सिंह और फरहान अख्तर अगस्त 2024 तक डॉन की तीसरी किस्त को फ्लोर पर ले जाने की योजना बना रहे हैं। एक हफ्ते पहले, कियारा आडवाणी को आधिकारिक तौर पर डॉन 3 की प्रमुख महिला के रूप में घोषित किया गया था, जो संभवतः रोमा की भूमिका निभा रही थीं। अब, निर्माता थाईलैंड के विशेषज्ञों के साथ एक्शन ट्रेनिंग के साथ अगले महीने तक प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने की योजना बना रहे हैं।

मिड-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने खुलासा किया, रणवीर और कियारा मार्च के अंत से चपलता प्रशिक्षण के साथ अपनी शारीरिक तैयारी शुरू करेंगे। थाईलैंड से मार्शल आर्ट के विशेषज्ञों को इसमें शामिल





किया गया है। फरहान अख्तर फिल्म में एक्शन का स्तर बढ़ाना चाहते हैं। सूत्र ने आगे कहा, पिछले कुछ वर्षों में, हिंदी सिनेमा ने हर प्रकार का स्टाइलयुक्त एक्शन देखा है वॉर [2019] से लेकर पठान [2023] और फाइटर तक। इसलिए फरहान एक्शन सिंटैक्स को नया बनाना चाहते हैं। संभावनाओं पर चर्चा के लिए उन्होंने भारत और अन्य देशों के एक्शन कोरियोग्राफरों के साथ कई बैठकें की हैं। वह चाहते हैं कि हाल के वर्षों में टेंटपोल फिल्मों ने जो कुछ भी पेश किया है, उसका पैलेट अलग हो।

इससे पहले फरवरी 2024 में एक सूत्र ने बॉलीवुड हंगामा को बताया था, फिल्म फिलहाल कास्टिंग स्टेज में है। यह 100त्न सच है कि डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने शुरू होगा। इसके बाद टीम इस साल अगस्त से फिल्म की शूटिंग शुरू करेगी। पहली दो डॉन फिल्मों में आश्चर्यजनक मोड़ थे। इसी तरह, कहा जा रहा है कि डॉन 3 में भी दर्शकों के लिए कुछ सरप्राइज होंगे।

कुछ दिन पहले ही हमने फिल्म के भारी भरकम बजट की भी खबर दी थी। प्रोजेक्ट से जुड़े एक करीबी सूत्र के मुताबिक, डॉन 3 सबसे महंगी डॉन फिल्म होगी। सूत्र ने कहा शाहरुख खान के साथ डॉन 1 और डॉन 2 अच्छे बजट पर बनाई गई थीं, लेकिन डॉन 3 के साथ, फरहान अख्तर का लक्ष्य एक वैश्विक फिल्म बनाना है। डॉन 3 का उद्देश्य सिर्फ भारत की एक्शन फिल्मों के साथ प्रतिस्पर्धा करना नहीं है, बल्कि पैमाने के मोर्चे पर वैश्विक स्तर पर जाना भी है। डॉन 3 एक वैश्विक एक्शन थ्रिलर बनाने का फरहान का प्रयास है और नए युग में इस फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए रणवीर सिंह से बेहतर कोई नहीं हो सकता।

डॉन फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म, जो 2006 में रिलीज़ हुई थी और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित थी, निर्देशक चंद्र बरोट की क्लासिक डॉन की रीमेक थी, जिसमें अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया था और 1978 में रिलीज़ हुई थी। डॉन 2 2006 की फिल्म की अगली कड़ी थी और यह खूंखार डॉन की कहानी को आगे बढ़ाया।

# हर किसी को विरोध करने का अधिकार है लेकिन अनुपम खेर ने चल रहे किसानों के विरोध पर प्रतिक्रिया दी

खेर ने एक साक्षात्कार में बताया अभिनेताओं और मनोरंजनकर्ताओं को योद्धा नहीं माना जाता है। व्यक्तिगत क्षमता में, मैंने उस चीज़ के बारे में आवाज़ उठाई है जिसने मुझे परेशान किया है और उसके परिणाम भी भुगते हैं। मैं कई लोगों के बीच अलोकप्रिय हो गया लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर का मानना है कि कलाकारों को कार्यकर्ता के रूप में काम नहीं करना चाहिए। प्रदर्शनों और रैलियों का नकारात्मक प्रभाव उनकी अगली फिल्म कागज़ 2 का विषय है। वीके प्रकाश द्वारा निर्देशित, यह फिल्म विरोध प्रदर्शनों और रैलियों के कारण आम व्यक्तियों की कठिनाइयों को उजागर करती है।

खेर ने एक साक्षात्कार में बताया अभिनेताओं और मनोरंजनकर्ताओं को योद्धा नहीं माना जाता है। व्यक्तिगत क्षमता में, मैंने उस चीज़ के बारे में आवाज़ उठाई है जिसने मुझे



परेशान किया है और उसके परिणाम भी भुगते हैं। मैं कई लोगों के बीच अलोकप्रिय हो गया लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दिन के अंत में, मुझे अपने विचारों के साथ शांति से सोना है।

2011 में इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन में भाग लेने वाले अभिनेता ने कहा कि मुद्दों को हल करने का आदर्श तरीका बातचीत है। उन्होंने कहा हम एक स्वतंत्र देश में हैं, (महात्मा) गांधी जी द्वारा किए गए आंदोलन के लिए धन्यवाद। हम भारत छोड़ो आंदोलन, असहयोग आंदोलन का परिणाम हैं, लेकिन भारत के लोग एक साथ थे, यह कुछ ऐसा नहीं था जो सिर्फ हो आपकी (कुछ लोगों की) मदद कर रहा हूं, दूसरों की नहीं।

दिल्ली एनसीआर की सीमा पर चल रहे किसानों के विरोध प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए, अभिनेता ने कहा, हर किसी को घूमने की स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, लेकिन अन्य लोगों की असुविधा का नहीं। यह हमारे देश में वर्तमान परिदृश्य है, विरोध, सिर्फ इसलिए कि इसे किसान विरोध कहा जाता है, मुझे नहीं लगता कि पूरे देश के किसानों को ऐसा लगता है, किसान अन्नदाता हैं। हमें यह कहकर रक्षात्मक महसूस कराया जाता है कि हम अन्नदाता के बारे में बात कर रहे हैं...मुझे लगता है कि जो लोग कर चुकाते हैं वे भी देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। मुझे लगता है कि आम लोगों की जिंदगी को दयनीय बनाना ठीक नहीं है। 2021 के किसानों के विरोध का जिक्र करते हुए, खेर ने प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले पर धावा बोलने के बाद सामने आई घटनाओं की श्रृंखला पर अपना असंतोष व्यक्त किया। अभिनेता ने कहा वह दृश्य मुझे हमेशा परेशान करेगा जब प्रदर्शनकारी लाल किले पर पहुंचे और उन्होंने मेरे देश का झंडा निकाल लिया और कोई अन्य झंडा लगा दिया, मैं ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति नहीं रखूंगा, भले ही यह कुछ लोगों के बीच अलोकप्रिय होने की कीमत पर हो।


# स्विगी बॉय पर आगबबूला हुए एक्टर रोनित रॉय 4, कहा मैंने ऑलमोस्ट उसे मार ही डाला था

अभिनेता रोनित रॉय को एक खाना डिलीवरी करने वाले व्यक्ति द्वारा गुस्सा आ गया, जो सड़क के गलत तरफ गाड़ी चला रहा था, और कहा कि मैंने उसे लगभग मार डाला।

अभिनेता रोनित रॉय को एक खाना डिलीवरी करने वाले व्यक्ति द्वारा गुस्सा आ गया, जो सड़क के गलत तरफ गाड़ी चला रहा था, और कहा कि मैंने उसे लगभग मार डाला। रोनित एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर गए, जहां उन्होंने साझा किया कि ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म को सवारी पर निर्देश की आवश्यकता है और स्विगी से पूछा, क्या उन्हें अपने ड्राइवरों के जीवन की परवाह है।

अभिनेता ने अपने पोस्ट में अभिनेता ने जमकर गुस्सा निकाला है। उन्होंने पोस्ट साझा कर लिखा, स्विगी मैंने लगभग आपको एक स्विगी राइडर को मार ही दिया था। उन छोटे इलेक्ट्रिक मोपेड चलाने का मतलब ये नहीं कि वो सामने से आने वाले ट्रैफिक के बीच गलत साइड पर चलें। मगर क्या आपको उनकी जान की परवाह है या फिर ये बिजनस है और हमेशा की तरह चलता रहेगा?

जिस पर, प्लेटफ़ॉर्म ने उत्तर दिया कि वे अपने डिलीवरी पार्टनर से सभी ट्रैफ़िक नियमों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं और उन्होंने इस पर ध्यान दिया है, आवश्यक कार्रवाई के लिए यदि



उपलब्ध हो तो कोई भी विवरण साझा करें।

रोनित ने 1992 में जान तेरे नाम से डेब्यू किया था। उन्हें टीवी शो कसौटी जिंदगी की से सुर्खियां मिलीं, जहां उन्होंने एक मध्यम आयु वर्ग के बिजनेस टाइकून ऋषभ बजाज की भूमिका निभाई। 2010 की फिल्म उड़ान में उनके काम की सराहना की गई, जिससे वह फिल्मों में वापस आ गए। उन्होंने अर्जुन कपूर-आलिया भट्ट की टू स्टेट्स, अक्षय कुमार-स्टारर बॉस, जूनियर एनटीआर की जय लव कुश, आयुष शर्मा-स्टारर लवयात्री और विजय देवरकोंडा की लाइगर जैसी कुछ लोकप्रिय फिल्मों में काम किया है। उन्हें आखिरी बार स्क्रीन पर फरे में देखा गया था, जो पिछले साल रिलीज़ हुई थी।

उन्होंने कहने को हमसफर हैं, होस्टेजेस, 7 कदम और कैंडी समेत कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी काम किया है। अभिनेता हाल ही में अपनी 20वीं शादी की सालगिरह के अवसर पर अपनी पत्नी नीलम के साथ शादी की शपथ लेने के लिए चर्चा में थे।

# पुलिस और छात्र आमने सामने, दर्जन भर छात्र लिए गए हिरासत में

अवधनामा संवाददाता






**प्रयागराज।** समीक्षा अधिकारी सहायक समीक्षा अधिकारी पेपर लीक मामले में सोमवार को छात्रों द्वारा छात्र महाकुंभ के आयोजन पर प्रयागराज पहुंचे छात्र और पुलिस प्रशासन आमने सामने आ गए है। सोशल मीडिया में बड़ी तादाद में कोचिंग संस्थानों और एजुकेशनल मोटीवेटर की तरफ से आज छात्र महाकुंभ के लिए छात्रों को लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के गेट के बाहर जमा होने की अपील की गई थी। जिसके बाद प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी दिखाते हुए लोक सेवा आयोग के आसपास के इलाकों को छावनी में तब्दील कर दिया है। लोक सेवा आयोग की बेरिकेटिंग करने के बाद बड़ी तादाद में सियासी दलों से जुड़े छात्र संगठन और छात्र संघ के छात्र भी लोक सेवा आयोग पहुंचना चाह रहे थे। जिसके बाद रास्ते में ही पुलिस प्रशासन और उनके बीच झड़प हो गयी। करीब दर्जन भर छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छात्रों में एक जुट होकर विरोध करते हुए सिविल लाइंस धरना स्थल पहुंचे और जमकर हंगामा शुरू कर दिया। उस दौरान मजके पर भारी पुलिस फोर्स और एसीपी सत्येंद्र तिवारी पहुंचे और छात्रों को शान्त कराना शुरू किया। छात्रों की मांग थी कि परीक्षा को दोबारा कराया जाए। प्रतियोगी छात्र रविंद्र ने बताया आज आरओ और एआर ओ की परीक्षा 11 फ़रवरी को कराई गयी। जिसका पेपर लीक हो गया। वहीं 17 फ़रवरी को हुए पुलिस भरती परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद उसे सरकार ने निरस्त कर दिया। जबकि इससे पहले हुए सहायक समीक्षा अधिकारी और समीक्षा अधिकारी के पेपर लीक के मामले में सरकार ने कोई कदम नही उठाया। न ही पेपर को निरस्त कराया। फिलहाल छात्री का आंदोलन लगातार जारी है। इस आंदोलन में छात्र संगठन और पुलिस बीच अभी वार्ता चल रही है। समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक मामले में सोमवार आंदोलन करने वाले छात्रों के समर्थन में आम आदमी पार्टी भी कूद गई है। समर्थन करते हुए आम आदमी पार्टी केकार्यकर्ताओं ने धरना स्थल पत्थर गिरजाघर पर पहुंचकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। आप के जिला अध्यक्ष सर्वेश यादव ने कहा कि सरकार छात्रों के साथएंड्रेखा व्यवहारकर रही है। यह बीजेपी सरकार की चाल है। जो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर छात्रों की मांग पर परीक्षा दोबारा नहीं कराई गई तो छात्रों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी भी सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

# त्रिजटा स्नान कर सभी कल्पवासी अपने गन्तव्य को वापस

- मेला पुलिस मुस्तैद, सभी साधु- संतों और कल्पवासियों का मेला पुलिस को आभार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयाग की नगरी में संगम के तट पर आस्था व पुण्य के लिये तम्बुओं के शहर मे माघ मास महीने में लाखों साधु सन्त व कल्पवासी पूजन-भजन के साथ मां गंगा की गोद में कल्पवास करते हैं। आज त्रिजटा स्नान पर्व, जो साधु-संतों, कल्पवासियों के लिये महत्वपूर्ण होता है, पर हजारों कल्पवासियों और साधु-संतों ने आस्था की डुबकी लगाई। जो साधु सन्त व कल्पवासी माघी पूर्णिमा स्नान के बाद दिशा शूल मानते है और कल्पवास के लिये रुके रहते है वह आज के दिन त्रिजटा स्नान कर मेला क्षेत्र से अपने गन्तव्य को वापस लौटते है।

त्रिजटा स्नान के अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र के द्वारा मेला क्षेत्र मे सुगम आवागमन, सुरक्षित स्नान एवं साधु-संतों, कल्पवासियों के वापसी हेतु समुचित पुलिस प्रबन्ध किये गये। मेला क्षेत्र के आने जाने वाले मार्गो, चौराहे, तिराहे, पाण्टून पुलों तथा कल्पवासी क्षेत्रों मे पुलिस के जवानो द्वारा विशेष सतर्कता बरती गई।

कल्पवासियों के मेला क्षेत्र से वापसी हेतु पूर्व से जारी यातायात प्रबन्ध के अनुसार ही समस्त पुलिस बल द्वारा अनुपालन सुनिश्चित कराया गया। अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुये अपनें गंतव्य को वापस जा रहे साधु-सन्तों, कल्पवासियों का कुशलक्षेम लेते हुये उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस दौरान साधु-सन्तों, कल्पवासियों ने मेला पुलिस के कार्यों की प्रशंसा करते हुये आभार व्यक्त किया।

# बस और टैक्टर में टक्कर, छः मजदूरों की मौत



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** ज़िले के सिकरारा थाना क्षेत्र के समाधगंज बाजार में बीती रात तेज़ रफ़्तार रोडवेज बस कहर देखने को मिला। प्रयागराज से गोरखपुर जा रही बस ने टैक्टर टाली में ढलाई करके के लौट रहे 7 मजदूरों को मारी टक्कर में 5 मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। एक का अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया ।

कुल मृतकों की संख्या 6 हो गई है । मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शवो पोस्टमार्टम के लिए भेज,पूरे मामले की जाँच पड़ताल में जुटी है।

सड़क दुर्घटना में मृतक मजदूरों के नाम (1)अतुल सरोज पुत्र रामशंकर 30 वर्षीय निवासी बीरभानपुर थाना बक्सा (2) राजेश सरोज पुत्र तेज बहादुर 45 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा (3)संग्राम विश्वकर्मा पुत्र राजेश 25 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा (4)गोविन्दा बिंद पुत्र रामचंदर बिंद 30 वर्षीय निवासी बटाऊवार थाना सिकरारा (5)छाई मुसहर पुत्र अज्ञात 20 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा (6) नीरज सरोज पुत्र पुन्नीलाल 27 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा जिला जौनपुर। वही घायल मजदूर पंकज सरोज पुत्र उजागीर 31 वर्षीय निवासी अलिशाहपुर थाना सिकरारा की स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई हैं।

# दिलों को छू गई काबुलीवाला और मंजूर की कहानी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** बुनियाद फाउंडेशन की ओर से रविवार की शाम को दो कहानी रबीन्द्रनाथ टैगोर कृत काबुलीवाला और सआदत हसन मंटो द्वारा लिखित ÷मंजूर÷ का मंचन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कला भवन प्रेक्षाग्रह में किया गया। नाटक का निर्देशन एनएसडी से प्रशिक्षित व शहर के युवा रंग निर्देशक असगर अली ने किया। सहयोगी निर्देशन महिला रंगकर्मी रुचि गुप्ता किया। पहला मंचन हुआ काबुलीवाला का जिसमें एक फेरीवाले रहमत और छोटी बच्ची मिनी के भावनात्मक संबंधों की कहानी दिखाई गई कि कैसे एक शरारत के चलते मिनी काबुलीवाले को बुलाती है और जब वह अंदर आता है तो वह उससे डरती है। पिता के समझाने और काबुलीवाले का उसके प्रति स्नेह देखकर दोनों में बहुत ही भावनात्मक रिश्ता बन जाता है। फिर एक दिन रहमत से अनजाने में एक अपराध हो जाता है जिसके चलते उसे सजा हो जाती है और कई सालों बाद जब रहमत छूटकर आता है तो मिनी बड़ी हो गई होती है और उसे भूल चुकी होती है। तभी रहमत को एहसास होता है कि उसकी अपनी बेटी भी इसी तरह इतने सालों में बड़ी हो गई होगी। वही दूसरा मंचन हुआ कहानी मंजूर का। मंटो द्वारा लिखित यह कहानी उम्मीद और मायूसी के विषय पर दो मरीजों को केंद्रित करके लिखी गई है, जिसकी शुरुआत होती है अस्पताल से जहां दो मरीज मंजूर और अख्तर भरती रहते हैं। मंजूर एक 14 साल का लड़का है जिसका निचला धड़ फ़ालिज के कारण अपंग है। फिर भी वह हसता और खिलखिलाता रहता है जैसे उसे कुछ हुआ ही नहीं। वहीं दूसरी ओर अख्तर जिसे कई बार दिल के दौरे पड़ चुके हैं और उसके जिंदा रहने की उम्मीद लगभग कम है पर मंजूर की खुशी और मुस्कुराहट को देखते हुए उसे जीने की उम्मीद हो जाती है और वह सही हो जाता है। परंतु अंत में कुछ ऐसा होता है कि मंजूर मायूस हो जाता है और अचानक उसकी मृत्यु हो जाती है। इस बात से अख्तर को गहरा सदमा लगता है। इस कहानी से यह साबित होता है कि अगर उम्मीद पैदा हो जाए तो मारता हुआ व्यक्ति भी बच सकता है वही एक मायूसी जिंदा व्यक्ति को भी मौत की ओर ले जा सकती है। नाटक के निर्देशक श्री अली ने बताया कि पिछ्ले कई दिनों से एक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसके बाद प्रतिभागियों को चयनित करके उन्हें रंगमंच की बारीकियां से परिचित कराते हुए कहानी के रंगमंच को आधारित बनाकर प्रस्तुति तैयार की गई। नाटक में अभिनय किया प्रियांशु अमन, वैभव त्रिपाठी, अमरनाथ, अनिल कुमार, कोमल श्रीवास्तव, ममता, शिवम दीक्षित आदि ने वही संगीत संचालन रुचि गुप्ता, वस्त्र खुशबू गुप्ता, मंच व्यवस्था आसिफ अली, फोटोग्राफी आदर्श मिश्रा, वीडियोग्राफी मंगलम कुमार, अमरनाथ श्रीवास्तव, सहयोग द कलर्स फाउंडेशन का रहा तथा प्रस्तुति नियंत्रक अंकित सिंह यादव रहे।

## नुक्कड़ नाटक आम जन मानस में डायल-112 के प्रति किया जागरुकता

**आजमगढ़।** अपर पुलिस महानिदेशक, यू.पी.-112 लखनऊ के निर्देशन एवं यू.पी.-112 क्षेत्राधिकारी सदर आजमगढ़ सुभम अग्रवाल की उपस्थिती में यू.पी.-112 के प्रचार प्रसार हेतु यू.पी.-112 एवं उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदान की जा रही आकस्मिक सेवाओं जैसे- पुलिस, फायर सर्विस, मेडिकल सर्विस, महिला पीआरवी, नाइट स्कार्ट एवं सवेरा योजना से आम -जनध्जनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से विशेष जागरुकता अभियान के तहत सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा जनपद में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पुलिस एवं पीआरवी के सहयोग से आम-जन को जागरुक किया जाएगा । 26. फ़रवरी से 5 मार्च तक कुल .9 दिवस में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों के कुल 27 स्थानों पर नुक्कड नाटक का आयोजन किया जायेगा। जिससे डायल 112 के प्रति लोगों में विश्वास की भावना जागृत हो सके तथा डायल यू.पी.-112 का सही समय पर प्रयोग कर डायल 112 के माध्यम से पुलिस के सहयोग से किसी भी समय सभी व्यक्तियों चाहे वह वारिष्ट नागरिक हो, दिव्यांग हो या महिला हो सुरक्षा का एहसास दिलाया जा सके और उनको पूर्ण रूप से सुरक्षा एवं संरक्षा के लिए त्वरित एकीकृत आपातकालीन सेवाएं प्रदान किया जा सकें। नुक्कड़ नाटक आयोजन के क्रम में थाना कोतवाली, के अन्तर्गत पहाड़पुर चौराहा से नुक्कड़ नाटक का शुभारम्भ सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल (आई.पी.एस.) के नेतृत्व में किया गया। नुक्कड़ नाटक में प्रतिभाग करने वाली टीम- नुक्कड़ नाटक टीम के व्यवस्थापक -शिव प्रकाश वर्मा-लखनऊ .प्रभारी निरीक्षक अभय राज मिश्रा प्रभारी यू.पी.-मु.आ. धनोदय पाण्डेय यू.पी.- 12, मु.आ. पीयूष कुमार सिंह यू.पी.-112 -आरक्षी अरविन्द यादव यू.पी.-112,आरक्षी प्रदीप कुमार शाह यू.पी.-112- म.का सुदक्षिणा पाण्डेय, यू.पी.-112,म.का. रोहिणी मिश्रा यू.पी.-112।

# जिला उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक मे जिलाधिकारी द्वारा सभी उपस्थित उद्यमियों से वार्ता की गई सभी उद्यमीगण की समस्याओ के निस्तारण हेतु किसी भी कार्य दिवस में संपर्क करने का आश्वासन दिया गया। व्यापार बंधु से भी वार्ता की गई तथा उनकी समस्या के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारीगण को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। व्यापार बंधु की तरफ से सिटी स्टेशन से मडियाहू जाने वाले रास्ते पर गड्ढे के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा एनएचएआई को आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, आवास विकास द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सीडा में आवास विकास द्वारा किये गए कार्यों को पूर्ण कर लिया गया। प्रतिनिधि मेसर्स रामा पालीमरस द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि अधिशासी अभियन्ता सिविल/अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत द्वारा पास नाली के कार्यों को पूर्ण कराने के पश्चात जल रिसाव बना हुआ है। जिस पर अपर मुख्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुनः टेंडर के माध्यम से उक्त कार्य को पूर्ण करा लिया जाएगा जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा उपायुक्त उद्योग को अधिशासी अभियंता जिला पंचायत विभाग तथा अधिशासी अभियंता सी एन डी एस की कमेटी बनाकर एक दिन में स्थलीय निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

सीडा उद्यमी अरविंद मौर्य को अपनी ईकाई की अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र के उपलब्ध कराने के संबंध में दिनांक 25 फरवरी 2024 को प्राप्त हो गई है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा जिला अग्निशमन अधिकारी को किसी भी अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी न कर पाने की दशा में पोर्टल पर स्पष्ट कारण बताते हुए निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। उद्यमियों की अन्य समस्याएं जैसे परिवहन की बसें बस अड्डे पर रूकने हेतु सहायक क्षेत्रीय परिवहन जौनपुर को आवश्यक निर्देश दिए गए। सीडा ओद्योगिक विकास प्राधिकरण में उद्यमियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों जैसे जर्जर पोल , रोड नाले की मरम्मत एवं माडल शौचालय आदि हेतु अनुरोध पर अध्यक्ष महोदय द्वारा सीडा प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सीडा की विद्युत समस्या पर एस डी ओ मछ्लीशहर को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक का संचालन हर्ष प्रताप सिंह उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट सहित सहायक श्रमायुक्त, जय प्रकाश सहायक प्रबंधक एवं अन्य उद्यमीगण एवम अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डा.भास्कर शर्मा को हरिद्वार में मिला डा. गिरेंद्र पाल मैमोरियल इंटरनेशनल अवॉर्ड

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** विश्व प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक व गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सहित सैकड़ों वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी व सैकड़ों पुस्तकों के लेखक सिद्धार्थनगर उत्तर प्रदेश के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर भास्कर शर्मा को हरिद्वार में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिनेश चंद्र शास्त्री ने डॉक्टर गिरेंद्र पाल मेमोरियल इंटरनेशनल अवॉर्ड, मोमेंटो, साल देकर सम्मानित किया। यह पुरस्कार उनके द्वारा होम्योपैथी में किए गए शोध कार्यों व उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया है।

अभी हाल ही में यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन अमेरिका द्वारा भी डॉक्टर भास्कर शर्मा को प्रशंसा पत्र के साथ एक लाख का पुरस्कार भी दिया गया है। बैक पीपुल काउंसिल महाराष्ट्र ने भी एक लाख का पुरस्कार दे चुके हैं। डॉ शर्मा को पूर्व राष्ट्रपति अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रेसीडेंशियल एक्टिव लाइफ स्टाइल अवार्ड तथा प्रेसीडेंशियल यूथ फिटनेस अवॉर्ड विथ गोल्ड मेडल से भी नवाजा जा चुका है। पूर्व राज्यपाल उत्तर प्रदेश राम नायक ने होम्यो एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा था। इसके अलावा डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन इंटरनेशनल अवॉर्ड लंदन, वरिष्ठ होम्योपैथिक इंटरनेशनल अवॉर्ड सिंगापुर, डॉ एलेन इंटरनेशनल अवॉर्ड थाईलैंड, डॉक्टर कैंट इंटरनेशनल अवॉर्ड मलेशिया, ग्लोबल आइकॉन पर्सनैलिटी ऑफ होम्योपैथी दुबई, होम्योपैथी शिरोमणि इंटरनेशनल अवॉर्ड मस्कट, स्टार आफ होम्योपैथी अवॉर्ड लंदन, ग्लोबल एनवायरमेंटल अवार्ड फिलीपींस, साहित्य रत्न अवॉर्ड कनाडा, बेस्ट होम्योपैथी अवार्ड नाइजीरिया, ग्लोबल आईकॉन पर्सनालिटी अवार्ड अफ्रीका, इंटरनेशनल पीस अवॉर्ड इंडोनेशिया, डॉक्टरेट अवॉर्ड अल्जीरिया, होम्यो भूषण काठमांडू, होम्योपैथी श्री गोवा, होम्योपैथी रत्न, चिकित्सा रत्न सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।

सम्मान पाने की खुशी में डॉ राजीव रतन राय डॉ एस एन त्रिपाठी डॉक्टर नसीम अख्तर, डॉ सी एल यादव, डॉ.संजय सिंह डॉ चंद्रशेखर वर्मा डॉक्टर मनोज शर्मा डॉक्टर ओपी श्रीवास्तव डॉ अरुण कुमार गौतम डॉक्टर एमपी सिंह आदि लोगों ने बधाइयां दी।

# जनहित में आईपीआर के कई मामलों में सरकार ने दी है छूटः डॉ. रजनीश

अवधनामा संवाददाता

- इनोवेशन के साथ विधिक संरक्षण भी जरूरीः प्रो. खालिद शमीम
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुई कार्यशाला



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को रज्जू भइया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। समारोह के उद्घाटन अवसर पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय विधि विभाग के प्रोफेसर रजनीश सिंह ने पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क को विस्तार से परिभाषित किया। कहा कि पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क व्यावसायिक संपत्ति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पेटेंट विशेष रूप से नई, अभिनव विचारों और उत्पादों का संरक्षण करता है। कॉपीराइट आंतरिक और बाह्य स्तर पर कला, साहित्य और संगीत के स्वरूपों की सुरक्षा करता है और ट्रेडमार्क व्यापारिक खण्डों और ब्रांडिंग की पहचान को सुनिश्चित करता है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों को जागरूक किया कि वह अपने नवाचारों और विशेषताओं को कैसे संरक्षित करें साथ ही साथ अपने व्यवसाय को कैसे सुरक्षित रखें उन्होंने कहा कि पेटेंट में रजिस्ट्रेशन जरूरी है जबकि कॉपीराइट बिना रजिस्ट्रेशन के भी हो सकता है। सरकार की मंशा है कि अधिक से अधिक पेटेंट फाइल किया जाए। उन्होंने कहा कि जनरुचि और जनहित में आईपीआर के बहुत से मामलों में सरकार ने फीस में छूट दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों के ज्यादातर पेटेंट मार्केट तक नहीं पहुंच रहे हैं वह सिर्फ एपीआई बढ़ाने के काम आ रहे हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि मैं आशा करतीं हूं कि आईपीआर पर आधारित कार्यशाला से नए विचार आएंगे जो हमारे शिक्षक और विद्यार्थियों को लाभान्वित करेंगे। उन्होंने शिक्षण संस्थानों में आईपीआर के महत्व पर प्रकाश डाला। शिब्ली नेशनल कॉलेज के प्रो. खालिद शमीम ने पेटेंट और कॉपीराइट के अंतर को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि इनोवेशन के साथ उसका विधिक संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग के कारण पेटेंट फाइलिंग के मामले में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने शेक्सपियर के नाम में क्या रखा है कि अवधारणा चर्चा करते हुए कहा कि नाम में ही सब कुछ रखा है इसलिए आईपीआर की जरूरत पड़ रही है। कार्यशाला में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता तथा एसएस इंटरनेशनल सर्विसेज, नई दिल्ली के आईपी अटार्नी अभिनव सक्सेना ने कॉपीराइट और पेटेंट के अंतर को उदाहरण के साथ समझाया। इसके पूर्व कांउसिल आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी उत्तर प्रदेश की संयुक्त निदेशक डॉ. पूजा यादव ने अपनी संस्था के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार को हम कैसे अपनी आय से जोड़ सकते हैं। साथ ही अपनी संपदा को सुरक्षित और संरक्षित कैसे रख सकें। इसके पूर्व कार्यशाला की स्मारिका का विमोचन किया गया। स्वागत प्रो. मानस पांडेय ने कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में प्रो. देवराज सिंह और प्रो. प्रमोद यादव ने बताया। कार्यशाला का संचालन प्रो. गिरधर मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धीरेंद्र चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. राजकुमार, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. पुनीत धवन, डॉ.काजल डे, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रामांशु सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. मंगला प्रसाद, डॉ. राजित राम सोनकर, डॉ. राहुल राय, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे फ्री होल्ड डीड का आखिरी पन्ना जिसमें पृष्ठ संख्याए बही संख्या और दिनांक लिखा रहता है, यह इन्द्रा भवन, सिविल लाइन में फोटो कॉपी कराते समय कहीं खो गया है। फ्री होल्ड डीड का विवरण निम्न प्रकार है।

भू खण्ड संख्या- एस.बी.- 4 सेक्टर स्थित त्रिवेणीपुरम् आवास योजना, इलाहाबाद, क्षेत्रफल 200.00 वर्ग मीटर, जिसकी चौहद्दी निम्न प्रकार है।

उत्तर- 12.00 मी. चौड़ी सड़क

दक्षिण - भू खण्ड संख्या- एस.डी.-211, 210

पूरब भू खण्ड संख्या एस.बी. - 5

पश्चिम - भू खण्ड संख्या- एस.वी. - 3

जो दिनाक 28/03/2003 को इलाहाबाद विकास प्रधिकरण के जोनल अधिकारी श्री ए.के. ओझा द्वारा श्री रविन्द्र नाथ मिश्र पुत्र श्री संकठा प्रसाद मिश्र निवासी कुल्हनमउ पो. कलीचाबाद जिला जौनपुर जरिये वैध रजिस्टर्ड मुख्तारेआम श्री सुनिल कुमार मिश्र पुत्र श्री रविन्द नाथ मिश्र निवासी बलरामपुर हाउस इलाहाबाद जो कि रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बाँदा के कार्यालय में दिनांक 25-03-03 को पुस्तक संख्या 4खण्ड 24 के पृष्ठ 123 से 128 पर क्रम स. 12 के रुप में रजिस्टर्ड है के मध्य निष्पादित किया गया है।

# टेंडर को लेकर भाजपा नेता ने की कर्मचारियों को लात, घूसों से मारा पीड़ित ने लगाई गुहार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** महराजगंज ब्लाक में वरिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को मंडलायुक्त से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। मंडलायुक्त के निर्देश पर कर्मचारियों ने शहर कोतवाली में तहरीर दिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुकदमा अभी नहीं दर्ज हो सका है। वरिष्ठ लिपिक पंचायत महराजगंज मनोज कुमार सिंह की तरफ से दी गयी तहरीर के मुताबिक जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता सोमवार को कलेक्ट्रेट भवन के कक्ष संख्या 54 में बैठे हुए थे। तभी भाजपा नेता सत्येन्द्र राय सिविल लाइन आजमगढ़ अपने लोगों के साथ कक्ष संख्या 54 में घूस गये। उनके साथ छह लोग अन्य थे। कर्मचारी का आरोप है कि भाजपा नेता और उनके लोग सरकारी कमरे का दरवाजा बंद करके एक सरकारी टेंडर को लेकर उसे लात, घूसों से मारपीटकर घायल कर दिए। साथ ही अभिलेख आदि भी फाड़ दिए। मनोज को कारबाइन और पिस्टल दिखाते हुए धमकी दिए कि जलनिकासी, अंत्येष्ठी स्थल, पोखरा, तालाब सुंदरीकरण आदि काम मैं ही कराऊंगा। इसमें जो भी दखल देगा उससे सख्ती से निपटा जाएगा। कर्मचारी मनोज के मुताबिक जिस समय घटना घटित हुई। उस समय मौके पर प्रदीप एवं जर्नादन मौजूद रहे। वही दोनों बीच बचाव किए। इस संबंध में शहर कोतवाल शशिमौली पांडेय का कहना है कि तहरीर मिल चुकी है। रिपोर्ट नहीं दर्ज है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। तहरीर के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

# आजमगढ़ विकास प्राधिकरण के 21वीं बोर्ड बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान की अध्यक्षता में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की 21वीं बोर्ड बैठक सोमवार को आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि विकास प्राधिकरण के क्षेत्रान्तर्गत निरन्तर सर्वे किया जाय कोई भी अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए तथा जिनके द्वारा बिना नक्शा पास कराये निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं उसके सम्बन्ध में तत्काल नोटिस जारी किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने विकास प्राधिकरण की आय बढ़ाने पर भी जोर दिया। मण्डलायुक्त चौहान ने कहा कि सड़कों के किनारे निर्माण कार्यो का पहले सर्वे करायें, यदि सड़क की चौड़ाई कम पड़ रही है तो अध्यासियों से दोनों तरफ वांछित जगह छोड़ने के लिए तैयार करें, तद्नुसार उनका नक्शा पास करें। बैठक में जिलाधिकारीध्उपाध्यक्ष, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण विशाल भारद्वाज ने विकास प्राधिकरण का वर्ष 2024-25 का प्रस्तावित आय रू0 655.50 लाख तथा व्यय रू0 585.80 लाख का बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसका अनुमोदन किया गया। उन्होने बताया कि वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित आय 790.50 लाख के सापेक्ष अब तक 751.43 लाख आय प्राप्त हो चुकी है। बैठक में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में हुए संशोधन के उपरान्त संशोधित उपविधि के अंगीकरण, विकास प्राधिकरण में विकास कार्य हेतु पीएमयू अधिष्ठापन, वर्ष 2012-13 से 2022-23 तक की तैयार कराई गयी बैलेन्सशीट सहित गई अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सचिव, आजमगढ़ विकास प्राधिकरण आजाद भगत सिंह, संयुक्त निदेशक, कोषागार जेएन झा, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/ अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद आजमगढ़ रोहित यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज क्रिटिकल केयर ब्लॉक का पीएम द्वारा शिलान्यास

**आजमगढ़।** पीएम अभीम योजना के अंतर्गत क्रिटिकल केयर ब्लॉक राजकीय मेडिकल कॉलेज जनपद आजमगढ़ का शिलान्यास नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार के द्वारा राजकोट गुजरात से वर्चुअल उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण राजकीय मेडिकल कॉलेज चक्रपानपुर पीजीआई में देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी माननीय विजय बहादुर पाठक, एमएलसी विक्रांत सिंह उर्फ रिशु एवं जिला अधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# टूकॉलर ने भारत में लॉन्च किया एआई-इनेबल्ड कॉल रिकॉर्डिंग फीचर, ट्रांसक्रिप्शन और कॉल समरी के साथ

**लखनऊ।** कॉन्टैक्ट्स को सत्यापित करने और अनचाहे कम्युनिकेशन्स को ब्लॉक करने में अग्रणी ग्लोबल प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने भारत में आईओएस और एंड्रोइड




प्लेटफॉर्म्स के लिए एआई-पावर्ड कॉल रिकॉर्डिंग्स का लॉन्च किया है। इस नए फीचर के साथ यूज़र सीधे टूकॉलर ऐप में इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकेंगे और ज़रूरी बातचीत को आसानी से रिकॉर्ड और प्रबन्धित कर सकेंगे। आधुनिक आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स टेक्नोलॉजी का उपयोग कर टूकॉलर यूज़र को लाईव बातचीत को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा, इस तरह उन्हें फोन पर बात करते समय नोट्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और उनकी उत्पादकता बढ़ेगी। नए लॉन्च किए गए कॉल रिकॉर्डिंग फीचर में एआई को शामिल करना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स की मदद से पूरे फोन कॉल को रिकॉर्ड करने में मदद करेगा।

आईफोन के लिए:

कॉल करने या कॉल का जवाब देने के बाद ट्रूकॉलर ऐप खोलें, सर्च टैब पर जाएं और 'रिकॉर्ड अ कॉल' पर टैप करें। इससे सीधे रिकॉर्डिंग लाईन पर कॉल लग जाएगा ,जो टूकॉलर द्वारा उपलब्ध कराया गया विशेष नंबर है। इसके बाद कॉल स्क्रीन पर कॉल्स को मर्ज करने का विकल्प आएगा। जब रिकॉर्डिंग तैयार हो, एक नोटिफिकेशन आपको एलर्ट करेगा। पहले से रिकॉर्ड किए कॉल्स भी टूकॉलर में एक्सेस किए जा सकते हैं। आईफोन पर रिकॉर्ड किए गए सभी कॉल्स डिवाइस पर स्टोर रहते हैं, इस तरह यूज़र का इन पर पूरा नियन्त्रण होता है। इसके अलावा यूज़र के पास आईक्लाउड पर बैकअप लेने का विकल्प भी होता है, इस तरह उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मिलती है।

**एंड्रोइड के लिए:**

टूकॉलरडायलर में एक निर्धारित रिकॉर्डिंग बटन होता है, जो सिर्फ एक टैप के साथ रिकॉर्डिंग शुरू या बंद कर सकता है। अन्य डायलर्स की बात करें तो 'फ्लोटिंग' बटन' के द्वारा रिकॉर्डिंग शुरू या बंद की जा सकती है। कॉल खत्म होने के बाद यूज़र को पुश नोटिफिकेशन मिलता है, जब रिकॉर्डिंग तैयार हो जाए। यूज़र आसानी से रिकॉर्डिंग सुन सकता है, इसका नाम बदल सकता है, अनचाही रिकॉर्डिंग को डिलीट कर सकता है और इन्हें अन्य ऐप्स पर शेयर भी कर सकता है।

# केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देवगढ़ में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किया

**देवगढ़ सेन्टर भारत को ग्लोबल स्किल हब में बदलने के लिए मोदी गारंटी के साथ जुड़कर युवा पीढी की क्षमता को अनलॉक करेगा**

**ओडिशा।** केन्द्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनएसडीसी एकेडमी युवा प्रतिभाओं को टूलकिट से लैस करके फ्यूचर स्किल्स में उनकी क्षमता का उपयोग करने में एक सहायक के रूप में कार्य करती है जो उन्हें रियल वर्ल्ड सिनेरियो में थियोरेटिकल कांसेप्ट को लागू करने, प्रसिद्ध संगठनों के साथ साझेदारी करने और जॉब प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान करने में सक्षम बनाती है। आज देवगढ़ में स्किल इंडिया सेन्टर का उद्घाटन करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, ÷माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न को प्राप्त करने के लिए युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें नए भारत के लिए तैयार करने के उद्देश्य से देवगढ़ में स्किल इंडिया सेन्टर का उद्घाटन करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है। सरकार ओडिशा सहित भारत के युवाओं को कार्यबल में सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किलिंग, रीस्किलिंग और अप-स्किलिंग के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, विशेष कोर्सेज़ में प्रशिक्षण से उन स्नातकों को अत्यधिक लाभ होगा जो ग्लोबल मार्केट में अपने चुने हुए प्रोफेशन में एक संपन्न और रिवार्डिंग करियर की सुविधा के लिए खुद को मांग और फ्यूचरिस्टिक स्किल से लैस करने की कल्पना करते हैं। स्किल इंडिया सेंटर (एसआईसी) भारत को ग्लोबल स्किल हब में बदलने के लिए मोदी गारंटी के साथ जुड़कर, व्यापक कौशल प्रशिक्षण पहल के माध्यम से युवा पीढ़ी की क्षमता को अनलॉक करता है।

स्किल इंडिया सेन्टर्स की स्थापना विभिन्न उद्योगों की डायनामिक डिमांड के साथ तालमेल बिठाने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है क्योंकि ये सेन्टर इन डिमांड ड्रिवेन सेक्टर जैसे मीडिया, लेदर, टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी और आईटी-आईटीईएस में प्रैक्टिकल नॉलेज के पिलर के रूप में कार्य करेंगे। 3237 वर्ग फुट क्षेत्र में निर्मित, यह सेन्टर अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अच्छी तरह से सुसज्जित क्लासरूम, एडवांस लेबोरेटरी और विशेष स्थानों से सुसज्जित है जो मॉर्डन शिक्षा और कौशल विकास की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है।

यह सेन्टर स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, ग्राफिक डिजाइनर, स्टिचर्स - गुड्स एंड गारमेंट्स, कटर - गुड्स एंड गारमेंट्स, हेल्पर, बरिस्ता एक्जीक्यूटिव, एफ एंड बी सर्विस एसोसिएट और आईटी हेल्पडेस्क असिस्टेंट सहित दस कोर्सेज़ में प्रैक्टिकल, व्यावहारिक अनुभव के साथ एकेडमिक नॉलेज को समेकित रूप से एकीकृत करके छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

## बोल्ट ने लॉन्च किया एस्ट्रा नियो, ब्लूटुथ™ 5.4 और 40



**लखनऊ।** भारत के सबसे तेज़ी से विकसित होते वियरेबल ब्राण्ड बोल्ट ने आज मेड-इन-इंडिया एस्ट्रा नियो के लॉन्च की घोषणा की, जो ट्रू वायरलैस स्टीरियो (टीडब्ल्यूएस) गेमिंग ईयरबड्स में नया इनोवेशन है। खासतौर पर गेमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया एस्ट्रा नियो, लो लेटेंसी के साथ गेमिंग का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। 70 घण्टे के प्लेटाईम, आरामदायम ग्रिप, ज़ेन™ क्वैड माइक इनवायरनमेन्टल नॉइस कैंसिलेशन के साथ यह गेमिंग को नए स्तर तक ले जाता है। आईपीएक्स5 वॉटर रेज़िस्टेन्स, ड्यूल डिवाइस कनेक्टिविटी और फास्ट चार्जिंग के साथ यह गेमिंग प्रेमियों को पैसा वसूल सेवाएं देता है। इसके अलावा लाइटिंग बोल्ट≅ टाईप-सी फास्ट चार्जिंग मात्र 10 मिनट की चार्जिंग पर 100 मिनट का प्लेटाईम देती है। लॉन्च के अवसर पर वरूण गुप्ता, सह-संस्थापक, बोल्ट ने कहा, ''बोल्ट में हम उपभोक्ताओं को ऑडियो का शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। एस्ट्रा नियो को खासतौर पर गेमर्स के लिए डिज़ाइन किया गया है; यह आधुनिक टेक्नोलॉजी पसंद करने वाले युवा और ऑडियोफाइल्स के लिए सच्चा साथी है। भारत में निर्मित एस्ट्रा नियो ऑडियो, स्टाइल एवं गेमिंग क्षमता के प्रति हमारी विशेषज्ञता की पुष्टि करता है। यह इनोवेशन के साथ उपभोक्ताओं को सर्वोच्च गुणवत्ता प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।''बोल्ट एस्ट्रा नियो टीडब्लयूएस अब रु 1099 के स्पेशल लॉन्च कीमत (लिमिटेड पीरियड ऑफर) www.boultaudio.com एवं फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। इसके बाद यह रु 3499 की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध होगा।

## निप्पॉन पेंट इंडिया ने प्रगति व्हील स्कूल के साथ परिवर्तनकारी साझीदारी की



**नई दिल्ली।** अग्रणी ऑटोमोटिव कोटिंग्स कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया उन समुदायों में सकारात्मक और टिकाऊ परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां वह परिचालन करती है। यह प्रतिबद्धता शिक्षा, कार्य और सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए उसके समग्र सीएसआर के दृष्टिकोण से परिलक्षित होती है। आज, निप्पॉन पेंट इंडिया को नई दिल्ली में प्रगति व्हील स्कूल के साथ साझीदारी की घोषणा करते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है। इस साझीदारी के जरिए कंपनी का लक्ष्य जूनियर विंग से विद्यार्थियों को सशक्त करना और एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनका पथ प्रदर्शन करना है। यह पहल महज एक प्रायोजक कार्यक्रम से कहीं आगे की है। इसमें निप्पॉन इंडिया का÷बिल्डिंग एंड एनेब्लिंग लोकल कम्युनिटीज़÷स्तंभ समाहित है जहां कंपनी विद्यार्थियों सहित विविध समूहों की जरूरतें पूरी करने के लिए साझीदारों के साथ सक्रिय रूप से गठबंधन करती है। अगले तीन वर्षों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच उपलब्ध कराकर निप्पॉन पेंट इंडिया आगे बढ़ने के लिए इन युवा मस्तिष्क को आवश्यक ज्ञान और कौशल से युक्त करती है। निप्पॉन पेंट इंडिया सामाजिक परिवर्तन के लिए शिक्षा को एक शक्तिशाली टूल मानती है।

# एडलवाइस टोकियो लाइफ ने एक अभिनव पारिवारिक प्रस्ताव, लिगेसी प्लस लॉन्च किया



**मुंबई।** एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस ने, ग्राहकों के लिए एक व्यापक पारिवारिक प्रस्ताव की जरूरतों से प्रेरित होकर, लिगेसी प्लस लॉन्च किया है। यह भाग लेने वाला ऐसा अभिनव उत्पाद है, जो एक ही उत्पाद के माध्यम से 2 लोगों के लिए लाइफ कवर और 3 पीढ़ियों तक मिलने वाली आय प्रदान करता है।यह उत्पाद अपने कार्यकाल के दौरान बच्चों के लिए वित्तीय प्लानिंग, लिगेसी प्लानिंग और किसी भी आकस्मिक जरूरत सहित ग्राहकों की अनेक जरूरतें पूरी करने का एक कारगर तरीका उपलब्ध कराता है। लचीलापन और तरलता प्रदान करने की दृष्टि से, इस उत्पाद में एक्रुअल ऑफ सर्वाइवल बेनिफिट (वैकल्पिक) फीचर और प्रारंभिक आय शामिल की गई है।नए उत्पाद पर टिप्पणी करते हुए, एडलवाइस टोकियो लाइफ इंश्योरेंस के कार्यकारी निदेशक सुभ्रजीत मुखोपाध्याय ने कहा, आम तौर पर एक औसत व्यक्ति की 3-4 बुनियादी चिंताएं होती हैं बच्चे का भविष्य, सेवानिवृत्ति, विरासत (लिगेसी), कोई संभावित आकस्मिकता आदि। ऐसे लोग इन सारी जरूरतों को पूरा करने वाला एक सरल और लचीला वित्तीय समाधान चाहते हैं। लिगेसी प्लस के माध्यम से, ग्राहक को एक ऐसा समाधान प्रदान करना हमारा उद्देश्य था, जिसमें उन्हें अपनी कई तमन्नाओं को कारगर ढंग से पूरा करने के साधन मिल सकें, और पूरे परिवार को इस बात की मानसिक शांति दे सके कि एक ही उत्पाद के माध्यम से उनकी तमाम वित्तीय जरूरतों का खयाल रखा गया है।

लिगेसी प्लस अपने वैकल्पिक फीचर एक्रुअल ऑफ सर्वाइवल बेनिफिट के माध्यम से संपूर्ण परिवारिक इकाई को वैयक्तीकरण प्रदान करता है, जिसमें कोई पॉलिसीधारक अपनी जरूरतों के मुताबिक या तो आय को निकाल सकता है या उसका संचय कर सकता है। यह उत्पाद पॉलिसीधारक या परिवार की वित्तीय जरूरतों के अनुसार संचित राशि को आंशिक रूप से निकालने की अनुमति भी देता है।

यह उत्पाद प्रारंभिक आय वाले विकल्प के जरिए तरलता का दावा करता है, जो पॉलिसीधारक को पॉलिसी के पहले वर्ष की समाप्ति से ही प्रदान करने लगता है।

यह उत्पाद 100 वर्ष की आयु तक आय प्रदान करने वाले लाभ के माध्यम से सही मायने में लिगेसी का दावा करता है। यह प्लान पॉलिसी की अवधि के अंत तक आय प्रदान करता है, यहां तक कि प्राथमिक या द्वितीयक बीमाधारक की मृत्यु हो जाने के मामले में भी। इससे यह गारंटी मिलती है कि किसी परिवार की कम से कम 3 पीढ़ियां इस प्लान की आय के भुगतान से लाभान्वित हो सकती हैं।

हमारे पास बाजार में अभिनव और प्रासंगिक उत्पाद उतारने का एक आजमाया हुआ इतिहास मौजूद है, जो ग्राहकों को अच्छी तरह से समझ में आ गया है। निवेश में हमारी गहरी विशेषज्ञता इन उत्पादों के पीछे पूरी ताकत से खड़ी है, जो लगातार पिछले 10 वर्षों से बोनस का भुगतान करने के हमारे ठोस रिकॉर्ड के जरिए परिलक्षित होती है,÷ ङ्क यह कहना है श्री मुखोपाध्याय का।

## हेयर केयर ब्रांड इलुविया को फायरसाईड वेंचर्स और मल्टिप्लाई वेंचर्स से सीरीज ए की फंडिंग मिली

**लखनऊ।** रेनौरा वैलनेस प्राईवेट लिमिटेड के अंतर्गत प्रोफेशनल हेयर केयर ब्रांड, इलुविया को फायरसाईड वेंचर्स और मल्टिप्लाई वेंचर्स से सीरीज ए की फंडिंग मिली है। यह निवेश इस संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन प्रदर्शित करता है क्योंकि यह उच्च कौशल की टीम एकत्रित करने और अपने ब्रांड के विस्तार कार्यों में तेजी लाने के कंपनी के प्रयासों में मुख्य भूमिका निभाएगा लखनऊ के निशांत गुप्ता, और पलाश पांडे जो दोनों वेलोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से पढ़े हैं, द्वारा स्थापित, इलुविया का निर्माण स्वस्थ् सेल्फ-केयर की उत्कृष्टता प्रदान करने के उद्देश्य से हुआ।ब्रांड का रिसर्च एवं डेवलपमेंट विभाग प्रोफेशनल हेयर केयर की जरूरतों के अनुरूप एक विविध उत्पाद पोर्टफोलियो बनाने निर्माण करने पर केंद्रित है, जिसमें भारत के पहले हार्ड वाटर शैंपू का विकास भी शामिल है। रेनौरा वैलनेस को वीआईटी में इन्क्यूबेट किया गया था, जिसे स्टार्टअप क्लब इन्क्योरेटर



नेटवर्क से फंडिंग मिली थी। अपनी इस उपलब्धि के बारे में रेनौरा वैलनेस प्राईवेट लिमिटेड के को-फाउंडर्स, निशांत गुप्ता और पलाश पांडे ने कहा इस निवेश से हमारा उद्देश्य प्रमाणित होता है, और प्रोफेशनल हेयर केयर उद्योग में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के हमारे मिशन में मदद मिली है। इस फंडिंग की मदद से हम अपने आरएंडडी को मजबूत बना सकेंगे और प्रोफेशनल्स एवं उपभोक्ताओं के लिए अभिनव एवं अद्वितीय समाधानों के साथ अपने उत्पादों का विस्तार कर सकेंगे। सीरीज ए की फंडिंग द्वारा हम अपने प्रतिभाशाली कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएंगे और कुशल प्रोफेशनल्स की नियुक्ति कर अपनी टीम का विस्तार करेंगे।''

# अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज है मजबूती की नई परिभाषा

## अपोलो टायर्स की अनूठी पहल, नेट्रैक्स इंदौर में अतिथियों ने लिया ड्राइव का अनुभव

**पीथमपुर।** देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है, और सरकार द्वारा साल-दर-साल बढ़ते खर्च के कारण इसे और भी अधिक बढ़ावा मिल रहा है। प्रमुख टायर निर्माता कंपनी अपोलो टायर्स ने इंफ्रास्ट्रक्चर में इस वृद्धि का लाभ उठाते हुए इंदौर में नेट्रैक्स फैसिलिटी में विशेष रूप से बनाए गए ट्रैक पर ट्रक बस रेडियल सेगमेंट में विशेष तकनीकी क्षमता को जांचने के लिए वाहन मालिकों, बिज़नस पार्टनर और मीडिया ने ड्राइव का अनुभव लिया। अपोलो टायर्स लिमिटेड के एशिया पेसेफिक, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका (एपीएमईए) के अध्यक्ष, सतीश शर्मा ने कहा, ÷प्रौद्योगिकी और उत्पादन के मामले में ट्रक-बस रेडियल सेगमेंट में अग्रणी होने के नाते हमनें इस अनुभवात्मक ड्राइव का आयोजन किया था, ताकि ग्राहक के विश्वास और भरोसे को और मजबूत बनाया जा सके, साथ ही हमारे उत्पादों के



बेहतरीन प्रदर्शन और क्षमता का प्रदर्शन भी किया जा सके। हमें खुशी है कि हम इस अनुभव लेने वाले सभी अतिथियों का विश्वास जीतने में सफल रहे हैं। अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज रेडियल टायर क्षेत्र में हमारी इंजीनियरिंग क्षमता का प्रमाण है साथ ही सरकार की पहल से तेजी से बढ़ते इन्फ्रा सेगमेंट में इसमें अपार संभावनाएं मौजूद है।

देश में कमर्शियल वाहन टायरों के लिए यह इस तरह का पहला ड्राइव अनुभव था। यह इंदौर के नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नेट्रैक्स) में आफ्टरमार्केट ग्राहकों और मीडिया के लिए आयोजित किया गया था। ड्राइव का उद्देश्य अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज की मजबूती का प्रदर्शन करना था, जिसे ग्राहकों के सुझावों के साथ नए सिरे से विकसित किया गया है। विशेष रूप से तैयार ट्रैक में कीचड़/गड्ढे, गंदगी का ढलान, उबड़-खाबड़, पत्थर और बजरी शामिल थी, इसमें टायरों की अधिकतम टिकाऊपन, उच्च अपटाइम और ग्रिप का परीक्षण किया गया और प्रतिभागियों को एक रोमांचकारी अनुभव दिया।

कंपनी को गर्व है कि टिपर सेगमेंट में अग्रणी वाणिज्यिक वाहन ओईएम (ह्वश्वरू) के वे पसंदीदा पार्टनर है और समग्र आधार पर भी इस सेगमेंट में उसकी बाजार हिस्सेदारी सबसे अधिक है। अपोलो टायर्स की एंडुट्रैक्स रेंज में एंडुट्रैक्स एमडी+, एंडुट्रैक्स एमडी और एंडुट्रैक्स एमए शामिल हैं। बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में ऑफ-रोड और ऑन-रोड उपयोगों और कंस्ट्रक्शन मटेरियल के खनन के लिए टिपर ट्रकों में इनका उपयोग किया जाता है।

अपोलो एंडुट्रैक्स रेंज के टायरों को नवीनतम तकनीकों का उपयोग करके टिकाऊपन, माइलेज और कट एवं चिप रेजिस्टेंस के लिए विकसित किया गया है। अपोलो टायर्स की एसीटीओ केसिंग की गारंटी को लोड पर भी बेजोड़ टिकाऊपन के लिए यूनीक बीड एरिया रिइन्फोर्समेंट मटेरियल द्वारा और बढ़ाया गया है।

## एयर इंडिया ने पेश किया नया इनफ्लाइट सेफ्टी वीडियो, भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य शैलियों से यात्रियों को समझाए उड़ान में सुरक्षा संबंधी निर्देश

भारत की प्रमुख वैश्विक एयरलाइन एयर इंडिया ने अपने नए इनफ्लाइट सेफ्टी वीडियो सेफ्टी मुद्रा को पेश किया है। मैककैन वर्ल्ड ग्रुप के प्रसून जोशी, संगीतकार शंकर महादेवन और निर्देशक भरतबाला की दूरदर्शी तिकड़ी के सहयोग से तैयार भारत की जीवंत संस्कृति के दर्शन के साथ सुरक्षा निर्देशों का सहजता से मेल करवाता यह वीडियो यात्रियों को आवश्यक सुरक्षा जानकारी प्रदान करते हुए भारतीय संस्कृति की विविधता और गहराई का भी अहसास करवाता है।

भारत में कहानियों के जरिए सीख देने के माध्यम के रूप में भारतीय शास्त्रीय नृत्य और लोक-कलाएं सदियों से प्रचलित रहीं हैं। एयर इंडिया का नया इनफ्लाइट सेफ्टी वीडियो देश भर के आठ विविध नृत्य शैलियों- भरतनाट्यम, बिहू, कथक, कथकली, मोहिनीअट्टम, ओडिसी, घूमर और गिद्धा की मुद्राओं या नृत्य अभिव्यक्तियों के साथ सुरक्षा निर्देशों को एकाकार करता है। हर विशेष नृत्य शैली एक खास सुरक्षा निर्देश प्रस्तुत करती है, जिससे उड़ान के दौरान बरती जाने वाले बहुत महत्वपूर्ण सुरक्षा दिशानिर्देशों की जानकारी बहुत आकर्षक और सांस्कृतिक रूप से मिलती है।

एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने कहा~ देश के ध्वजवाहक और भारतीय कला और संस्कृति के लंबे समय से संरक्षक के रूप में एयर इंडिया को कला का यह नमूना पेश करने में खुशी हो रही है। इसे दुनिया भर में यात्रियों के लिए भारत की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हुए आवश्यक सुरक्षा निर्देश देने के लिए डिजाइन किया गया है। हमारे मेहमानों को यह इनफ्लाइट सेफ्टी वीडियो अधिक बहुत रोचक तरीके से जानकारी देगा और विमान पर कदम रखने के साथ ऐसा लगेगा, जैसे भारत उनका गर्मजोशी से स्वागत कर रहा है।%

ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार और गायक शंकर महादेवन के म्यूजिक वाला यह वीडियो यात्रियों को सुरक्षा और संस्कृति के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को महसूस करने का न्यौता देता है। लगभग छह महीने में तैयार हुए इस प्रोजेक्ट में क्रिएटर्स ने देशभर में यात्राएं करते हुए मंत्रमुग्ध कर देने वाले स्थानों के माध्यम से भारत की आत्मा को चित्रित करने का प्रयास किया है।

अपनी शुरुआत में यह इनफ्लाइट सेफ्टी वीडियो एयर इंडिया के हाल में पेश किए गए ए350 विमान पर उपलब्ध होगा, जो अत्याधुनिक इनफ्लाइट मनोरंजन स्क्रीन से सुसज्जित है। फिर धीरे-धीरे एयर इंडिया के बेड़े में शामिल अन्य विमानों पर भी इसे प्रस्तुत किया जाएगा।

**एडिटर्स के लिए कुछ नोट्स कलाकारों की बात**

प्रसिद्ध लेखक एवं गीतकार प्रसून जोशी, चेयरमैन मैककैन वर्ल्ड ग्रुप एशिया पैसिफिक, सीईओ और सीसीओ मैककैन वर्ल्ड ग्रुप इंडिया

## सोना 100 रुपये फिसला, चांदी 400 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 400 रुपये की गिरावट के साथ 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई थी, जबकि पिछले बंद भाव में यह 75,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिसमें) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 100 रुपये की गिरावट के साथ 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव चार डॉलर की गिरावट के साथ 2,031 डॉलर प्रति औंस रह गया। गांधी ने कहा कि यूरोपीय कारोबारी सत्र में सोमवार को सोने की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई।

## बड़े मियां छोटे मियां के सितारे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने लखनऊ के बीचोबीच अपने हैरतअंगेज एक्शन स्टंट से लखनऊ पर कब्ज़ा कर लिया



**लखनऊ।** एक्शन सुपरस्टार अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन से भरपूर मास एंटरटेनर बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज से पहले लखनऊ पर कब्जा कर लिया है।

पृष्ठभूमि में चल रहे फिल्म के चार्टबस्टर टाइटल ट्रैक के साथ प्रशंसकों के समुद्र के बीच एक लाइव स्टंट में धमाकेदार एंट्री करते हुए, अभिनेताओं ने लखनऊ में दर्शकों के लिए एक दृश्य दृश्य पेश किया। यह लार्जर देन लाइफ स्टंट अपनी तरह का अनूठा है और पहली बार हमने किसी फिल्म के प्रमोशन के दौरान इतनी भव्यता देखी। प्रशंसक इस मनोरंजक गतिविधि में अत्यधिक व्यस्त थे और उन्हें अपने बड़े मियां और छोटे मियां के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिला।

फिल्म में कुछ रोमांचक और दिल दहला देने वाले एक्शन सीक्वेंस होने का वादा किया गया है और ऐसा लग रहा है कि फिल्म का प्रमोशन भी बड़े और छोटे मियां उर्फ अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ द्वारा किए गए ऐसे रोमांचक स्टंट से भरा होगा। फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन एक दिलचस्प एंटी-हीरो भूमिका में हैं, साथ ही प्रतिभाशाली कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# टीसीआई का स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्यक्रम

## अब हर सफर, सुरक्षित सफर! सुरक्षित सफर, सुरक्षित समर्थनः टीसीआई का सेफ सफर रोड सुरक्षा माह में

**नई दिल्ली।** टीसीआई ग्रुप, भारत की प्रमुख एकीकृत आपूर्ति श्रृंखला और लॉजिस्टिक्स समाधान



प्रदाता, अपने टीसीआई सेफ सफर सड़क सुरक्षा माह का सफल समापन घोषित करता है, जो 15 जनवरी से 14 फरवरी, 2024 तक था।

इस व्यापक पहल को राष्ट्रीय स्तर पर अयोजित किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों पर उच्च दुर्घटना क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना था। भारत भर में 10 लाख व्यक्तियों तक पहुंचकर, सड़क सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने एवं परिवहन और लॉजिस्टिक्स उद्योगों में ड्राइवर्स के पद को ऊंचा करने का लक्ष्य पूरा किया। मार्ग परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट से प्रेरित होकर, टीसीआई सेफ सफर ने राष्ट्रीय राजमार्गों के दो उच्च जोखिम क्षेत्रों को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान शुरू किया । बैंगलोर से चेन्नई (बैंगलोर चेन्नई हाईवे के माध्यम से) और चेन्नई से सलेम (NH32 के माध्यम से) हैं।

इस मार्ग पर होते हुए हमने, होसूर, कृष्णागिरी, वेल्लोर, कांचीपुरम, श्रीपेरंबदुर, चेन्नई में माधवाराम / एनोर पोर्ट, डबासपेट और दोड्डबल्लापुर तथा ग्रेटर नोएडा से आगरा (यमुना एक्सप्रेसवे के माध्यम से) और आगरा से लखनऊ (आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माध्यम से) इस मार्ग से होते हुए हमने , नोएडा, फरीदाबाद, रुद्रपुर, पंटनगर, बाजपुर, बदायूं, खातिमा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी में इस अभियान का सम्पादन किया।

2019 में अपनी शुरुआत से ही, टीसीआई सेफ सफर एक माननीय कार्यक्रम बन गया है जो ड्राइवर समुदाय और उपयोगकर्ता उद्योग दोनों को प्राथमिकता देता है। सिर्फ जागरूकता अभियान से ज्यादा, इसका उद्देश्य विश्वभर के उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ को बनाने वाले ड्राइवरों के महत्व को उच्च करना है। टीसीआई सभी पाठकों से अनुरोध करता है कि http://www.tcisafesafar.com/ पर सुरक्षा का वादा लें और सड़क सुरक्षा आंदोलन का हिस्सा बनें। हम मिलकर विश्वास करते हैं कि हम कुछ अलग कर सकते हैं। #MakeTheDifference

# ऑल-न्यू सैमसंग गैलेक्सी फिट3 के साथ अपनी सेहत का रखें पूरा ध्यान

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज अपने नए फिटनेस ट्रैकर गैलेक्सी फिट3 को लॉन्च किया। यह सैमसंग की उन्नत स्वास्थ्य-निगरानी तकनीक को सबके लिए सुलभ बनाता है, जो हर किसी को अपना सर्वश्रेष्ठ महसूस करने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। गैलेक्सी फिट3 सैमसंग का सबसे लेटेस्ट वियरेबल डिवाइस है और इसमें व्यापक डिस्प्ले के साथ एक एल्यूमीनियम बॉडी है, जो यूजर्स को अपने स्वास्थ्य और सेहत से संबंधित डेटा पर नजर रखने की सुविधा देती है, जिसमें रोजाना की कसरत से लेकर शांतिपूर्ण नींद तक की चौबीसों घंटों की निगरानी शामिल है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के सीनियर डायरेक्टर, आदित्य बब्बर ने कहा, सेहत के इस नए युग में यूजर अपने स्वास्थ्य के बारे में अधिक व्यापक जानकारी चाहते हैं और सैमसंग यूजर्स को उनकी सेहत यात्रा में मदद करने




के लिए उन्नत स्वास्थ्य निगरानी उपकरण मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारे नए फिटनेस ट्रैकर के रूप में, गैलेक्सी फिट3 आसान संसाधन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को जाहिर करता है जो रोजमर्रा की सेहत को प्रोत्साहित करते हुए हर किसी को अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए प्रेरित करता है। गैलेक्सी फिट3 को एल्यूमीनियम बॉडी और 1.6-इंच डिस्प्ले के साथ डिजाइन किया गया है, जो पिछले मॉडल की तुलना में 45% चौड़ा है। इससे यूजर्स के लिए एक नजर में विस्तृत जानकारियां मिलना आसान हो जाता है। गैलेक्सी फिट3 आरामदायक फिट के साथ हल्का और स्लीक भी है, जो इसे चौबीसों घंटे रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिहाज से आदर्श बनाता है।

अवधनामा



## पांच के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र नौसढ नबहिया निवासी बस के परिचालक को घर जाते समय करीब आधा दर्जन की संख्या में मनबढ घर में घुसकर मारपीट करने के साथ तोड़फोड़ किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के अरुण निवासी नौसढ नबहिया जो बस का परिचालक है। शनिवार को रात्रि में 9 टिकट का हिसाब कर बाइक से घर आ रहा था। नौसढ चौराहे पर कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहा थे। जिसे देखकर रूप गया। रुकते देखकर मनबढ गाली गलौज करने लगे जिसका विरोध किया तो मारा पीटा। अगले दिन सभी आरोपी घर पर आ गए और घर में घुसकर मारा पीटा, टिनशेड तोड़ दिया। और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बबलू पांडेय,गभोदर,मंटू निषाद,लौकुश,कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,बलवा,तोड़फोड़,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है

## सड़क पर पानी गिराने का विरोध करने पीटा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के जालहेपार में सड़क पर गिरा रहे पानी का विरोध करने पर आरोपी घर में घुसकर पीट दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के जालहेपार निवासी कवि कुमार सिंह पुत्र राजदेव सिंह रविवार शाम को करीब 4 बजे घर जा रहे थे। आ व्यक्ति के घर का पानी लगातार सड़क पर गिर रहा था। उसी रास्ते जाते समय कीचड़ में गिर गया। जिसका विरोध किया तो आरोपी दरवाजे पर चढ़ आए और घर में घुसकर पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने की तैयारी कर रही है। इस संदर्भ में एसओ मदन मोहन मिश्र ने कहा की पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज किया जायेगा।

## ईश्वर के चरणों में ही मनुष्य को होती है परमानंद की प्राप्ति

**अमेठी।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव में साहित्यकार रामेश्वर सिंह निराश के यहां चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस कथा व्यास शिवेश शास्त्री जी महाराज ने श्रोताओं को भगवान की बाल लीला सहित कई मार्मिक प्रसंग सुनाए। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का बालरूप अति मनमोहक था। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए जिसको भी भेजा वो एक बार तो उनके मनोहारी रूप का वशीभूत हो गया। अपने बालरूप में ही भगवान ने अनेकों राक्षसों का वध करके संसार में धर्म की स्थापना की। पूतना वध और कालिया का मान मर्दन की कथा सुन श्रद्धालु अपनी भावुकता को नहीं रोक पाए। बाल लीलाओं के बाद व्यास ने श्रीकृष्ण की रास लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का नाम ही रास है। भगवान की अद्भुत लीलाओं से गोकुल और ब्रज वासी अचंभित थे। व्यास ने कहा कि मनुष्य को परम आनन्द की प्राप्ति ईश्वर के चरणों मे ही मिल सकती है।

# केला रेशा से समृद्ध हो रही समूह की महिलाएं

अवधनामा संवाददाता



**गौरीगंज (अमेठी)।** केला रेशा से समूह की महिलाएं समृद्ध हो रही हैं।उन्हें आजीविका का एक साधन मिल गया है।सोमवार को नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अभिनव द्विवेदी ने प्रशिक्षण के उपरांत स्थापित प्रदर्शन इकाई का अवलोकन किया तथा महिलाओं की आर्थिक प्रगति का भी आकलन किया।

समूह की महिलाएं प्रतिमाह लगभग चार से पांच हजार रुपए कमा रही है जिससे उनकी रोजी रोटी पक्की हो रही है। प्रशिक्षण के समन्वयक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जो महिला बिलकुल बेकार थी आज वही महिलाएं समाज में सम्मानित हो रही है तथा अपने घर का सहारा भी बनी है उन्हे अब बच्चो की पढ़ाई और दवाई के लिए किसी के सामने हाथ नही फैलाना है।आठ व नौ फरवरी को भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर में आयोजित कृषक उद्योग तथा वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में उपरोक्त प्रशिक्षण प्राप्त दो महिलाओं को भारत सरकार के कृषि आयुक्त डॉक्टर पी के सिंह तथा भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान कानपुर के निदेशक डॉक्टर जी पी दीक्षित के द्वारा जय हनुमान स्वयं सहायता समूह कि नारायण देवी तथा नीलू को सम्मानित भी किया गया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सौजन्य से जनपद के सिंहपुर विकास खंड में स्वयं सहायता समूह की नब्बे महिलाओं को ओंकार सेवा संस्थान द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया था। उसके पश्चात महिलाएं केला के रेशा से कपड़ा बनाकर उससे विभिन्न प्रकार के उत्पाद बना रही।

डी डी एम नाबार्ड ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही उन्हें ऑनलाइन सामान बेचने से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा उनके लिए अलग से दुकान की भी व्यवस्था की जाएगी।निरंतर आमदनी होने से महिलाएं बहुत खुशी के साथ अपना काम कर रही है तथा आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही है।

## लकड़ी माफिया ने काट डाला सात हरे महुआ के पेड़



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील में लकड़ी माफियाओं का बोलबाला है। देखा जाय तो क्षेत्र में विभाग की मिली भगत से प्रतिबंधित हरे पेड़ो की कटान जारी है। वही वन विभाग के लोग पूछने पर हरकत में आते है की कही मामला उच्चाधिकारियों के पास न जाय और कारवाई के नाम खानापूर्ति कर एक परमिट की जगह दर्जनों पेड़ की कटान करा देते है। इसकी वजह वन विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों और लकड़ी माफिया की साठगांठ है। वर्तमान समय में तहसील क्षेत्र के जगदीशपुर सिवान में हरे महुआ पेड़ो की कटान जारी है। वही विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना था की केवल एक पेड़ के कटान के लिए परमिट जारी की गई है। लेकिन मौके पर जाकर देखा जाय तो सात हरे पेड़ो की कटान की गई है। इस संदर्भ में डीएफओ विशाल यादव ने कहा की कटे पेड़ो की जांच कर कारवाई कराई जाएगी।

## परिणय सूत्र में बंधे 328 जोड़े



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को जनपद में पीयूष उत्सव वाटिका निकट राजीव गांधी साइंस कालेज गौरीगंज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 328 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि आज 07 विकास खंडों क्रमशः भेटुआ अमेठी भादर संग्रामपुर गौरीगंज जामों व शाहगढ़ 328 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें 293 हिंदू तथा 35 जोड़ों का मुस्लिम रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत राजेश अग्रहरि पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश मिश्र जिला पंचायत सदस्य बब्लू सिंह मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) उपजिलाधिकारी गौरीगंज क्षेत्राधिकारी गौरीगंज खण्ड विकास अधिकारी अमेठी भेटुआ भादर संग्रामपुर व गौरीगंज तथा प्रबन्धक पीयूष उत्सव वाटिका अनूप पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिधि उपस्थित रहे।

# आपूर्ति निरीक्षक मुंडेरा पहुंच बच्चों का लिया क्लास



अवधनामा संवाददाता

**बोदरवार, कुशीनगर।** शत् प्रतिशत निपुण लक्ष्य प्राप्त करने की सरकारी मंशा के मद्देनजर उन्नीस पैरामीटर बिन्दुओं पर जांच करने कंपोजिट विद्यालय मुंडेरा पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक बैजनाथ सिंह ने विद्यालय के जांच के साथ साथ बच्चों को पाठ पढ़ाकर एक संदेश भी दिया। सोमवार को कप्तानगंज बीआरसी के पेमली न्याय पंचायत अंतर्गत संचालित कंपोजिट विद्यालय मुंडेरा में उन्नीस पैरामीटर बिन्दुओं की कप्तानगंज खाद्य एवं रसद विभाग के आपूर्ति निरीक्षक बैजनाथ सिंह ने बहुत ही गहनता से जांच की। इस दौरान विद्यालय के रख रखाव, साफ सफाई, डेस्क ब्रेंच, शौचालय, दिव्यांग शौचालय, मीड डे मील, मीनू आदि बिन्दुओं के साथ साथ कक्षावार बच्चों की दक्षता को परखा। हर कक्षा के अंदर आपूर्ति निरीक्षक ने बच्चों की क्लास ली। उन्होंने ने छ्, सात और आठ के बच्चों को बोर्ड पर लिखकर सवाल समझाया तो पांच, चार, तीन, दो और एक के बच्चों को एक अनुभवी शिक्षक की तरह गतिविधि कराई। बच्चों की क्लासवाईज दक्षता से आपूर्ति निरीक्षक काफी संतुष्ट नजर आए। इस दौरान प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगेश्वर त्रिपाठी, सहायक अध्यापक मनोज कुमार मद्धेशिया, शिक्षा मित्र अनीता सिंह, यगवेन्द्र मिश्र, रसोइया सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# हरका में बनेगी क्रिटिकल केयर यूनिट पीएम ने किया वर्चुअल शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



- दो करोड़ की लागत से एक एकड़ में होगा निर्माण
- दो सौ बेड का बनेगा क्रिटिकल केयर यूनिट

**कुशीनगर।** पडरौना क्षेत्र के हरका में करीब दो करोड़ की लागत से बनने वाले क्रिटिकल केयर यूनिट का पीएम ने वर्चुअल शिलान्यास किया। इसके निर्माण से जिले के करीब 40 लाख आबादी को गंभीर बीमारियों के इलाज में सहुलियत मिलेगी।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम के जन प्रतिनिधि और अफसर साक्षी बने। बजट मिलते ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जिले में गंभीर रोगियों को इलाज के लिए गोरखपुर और लखनऊ जाना पड़ता है। समय से इलाज नहीं मिलने की वजह से कई लोग अपनी जान गवा देते हैं। हरका में बन रहे मेडिकल कॉलेज भवन के पास दो सौ बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट करीब दो सौ करोड़ की लागत से बनाई जाएगी। काफी प्रयास के बाद हरका में इसके लिए जमीन चिह्नित किया जा सका है। राजकोट से प्रधानमंत्री ने वर्चुअल शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी है। मेडिकल कॉलेज के अफसरों के अनुसार दो साल के भीतर क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण पूरा करा लिया जाएगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों के अलावा उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा भी लोगों को आसानी से मिल सकेगी। जिले के अलावा पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। **जिले को नई जिंदगी देगा क्रिटिकल केयर यूनिट:-** जिला पंचायत सभागार में आयोजित वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के अलावा सांसद और विधायक भी मौजूद रहे। सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि यह क्रिटिकल केयर यूनिट गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को नई जिंदगी देगा। आम लोगों तक पहुंचने वाली यह सुविधाएं भाजपा सरकार में ही संभव है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जिले के लिए यह बड़ी सौगात है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में धरईमाफी टीम का दबदबा



**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से सोमवार को खेल मैदान धरई माफी में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में धरईमाफी टीम का दबदबा कायम रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में धरई माफी टीम ने पश्चिमद्वारा टीम को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। वालीवाल बालक वर्ग में धरई माफी टीम ने शिवगंज टीम को पराजित कर जीत दर्ज की। रस्साकसी बालक वर्ग में धरई माफी टीम ने शिवगंज टीम को पराजित कर बाजी मारी। प्रत्येक खेल में धरई माफी टीम का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में लालमणि कश्यप ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। रेफरी के रूप एसपी सिंह आईटी सी एफ चन्द्र पाल यादव ने खेल सुचारू से कराया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रतिमा राकेश यादव ने व्यवस्था में योगदान दिया।

# कुशीनगर में लव जिहाद : आर्यन बनकर शादी रचाने पहुंचा तबरेज, पुलिस ने दबोचा

ज्ञानेन्द्र कुमार पांडेय



- अहिरौली थाना क्षेत्र का मामला, मथौली कस्बे का निवासी है युवक

**अहिरौली, कुशीनगर।** जिले के एक गांव में लव जिहाद का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक साल तक शारीरिक संबंध के बाद मामला शादी तक पहुंच गया। जब दरवाजे पर बारात पहुंची तो युवक द्वारा बोले गए सभी झूठ का पर्दाफाश हो गया, जिसे जानकर सभी लोग दंग रह गए।

अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव में हिंदू दलित युवती को लव जिहाद का शिकार बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी तबरेज आलम आर्यन प्रसाद बनकर युवती को अपने प्यार के झांसे में फंसा कर एक साल तक शारीरिक शोषण करता रहा। उसने स्वयं को उत्तर प्रदेश पुलिस का दरोगा बनकर अपनी पोस्टिंग बस्ती में बताता था। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मथौली नगर पंचायत के रहने वाले इस युवक का झूठ सामने आ गया तो सबके पैरों तले जमीन खिसक गई। पहले तो युवती के परिवार वालो को दोनों के प्रेम संबंध का पता चला तो लड़की के परिजनों ने अपनी ही जाति का समझकर लड़के से अपनी लड़की की शादी करने को राजी हो गए। लड़का शादी करने को तैयार हो गया शादी की तारीख 25 फरवरी तय हुई। रिश्तेदारों में शादी के कार्ड तक भी बंट गए थे। बारात के स्वागत के लिए तमाम तैयारियां पूरी की गई। भोजन से लेकर मिठाई की व्यवस्था बारात के स्वागत के लिए तैयार थी, लेकिन बारात नही आई। लड़के का फोन आया तो वह बताया कि मेरी मां को दिल का दौरा पड़ गया है। बारात नहीं आयेगी कुछ समय बाद लड़का दूल्हे के कपड़े में सजी हुई कार से अकेले पहुंचा और शादी की रस्में शुरू हुई। जय माला हुआ फिर शादी की अगली रस्म के लिए मंडप में दूल्हा जेवर और कपड़े के साथ पहुंचा। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि मामला संज्ञान में है मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

### गहने में मिली गड़बड़ी पर खुला झूठ का पर्दाफाश

लड़की के घर वालो को गहने में कुछ गड़बड़ी लगी जिसके बाद जब आभूषण की जांच हुई तो नकली निकले। इसके बाद विवाद बढ़ा तो धीरे धीरे लड़के द्वारा बोला गया झूठ का सच सामने आ गया। लड़का खुद को इंस्पेक्टर बताता था, जिसके दम पर उसने लड़की को झांसे में लिया था। उसका सच भी सामने आ गया। न तो लड़का इंस्पेक्टर था न ही हिन्दू। बल्कि, तबरेज आर्यन प्रसाद बनकर युवती से शादी कर रहा था। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने दूल्हे तबरेज को गिरफ्तार कर लिया है। कार्ड सहित अन्य सामान बरामद कर आगे की जांच कर रही है।

# कृषक हितों के प्रति समर्पित है सरकार : कृषि मंत्री




अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की अध्यक्षता में आज विकास भवन स्थित गांधी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कृषि मंत्री ने शासन की मंशा अनुरूप उच्च गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री ने कहा कि आगामी 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी पीएम किसान सम्मान निधि की 16वीं किश्त किसानों के खातों में हस्तांतरित करेंगे। उक्त कार्यक्रम का समस्त ब्लॉकों में एलईडी एवं टीवी स्क्रीन के माध्यम से सजीव प्रसारण सुनिश्चित करते हुए लोगों को इससे जोड़ा जाए। इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन, पीएम किसान सम्मान निधि, निराश्रित महिला पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न पेंशनों के लाभार्थियों की केवाईसी करने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन भी किया जाए। पीएम कुसुम योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे अधिक से अधिक किसान सोलर पंप का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कृषक हितों के प्रति समर्पित है। कृषि मंत्री ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी कृष्णकांत राय से मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की।

## खेत की पत्तियां जलाते समय बीस एकड़ गन्ने की फसल जली

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** रामकोला थाना क्षेत्र के गांव रोआरी-बंधवा चंवर में सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे खाली खेत की पत्तियां जलाते समय बगल के गन्ने के खेत में आग लग गई। पछुआ हवाओं ने आग में घी का काम किया और देखते बीस एकड़ गन्ने की फसल जल गई। सूचना पर एसएचओ रामकोला राजू सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर 12 बजे रोआरी बंधवा चंवर में बंधवा निवासी एक व्यक्ति अपने खाली खेत की पत्तियां जला रहा था कि आग बगल के गन्ने के खेत को पकड़ लिया। पछुआ हवा ने आग में घी का काम किया और देखते ही देखते अहमद अली, संपत्ति, हमीद, हनीफ, हबीबुल्लाह, लतीफ़, नारायन, रसूल सहित दर्जनों लोगों की लगभग बीस एकड़ गन्ने की फसल जल गई। सूचना पाकर एस एच ओ रामकोला राजू सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।



## गरीबी हटाओ के नाम पर विपक्ष ने की केवल राजनीति



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन पर लाभार्थी दुकानदारों से सम्पर्क किया। इस दौरान भाजपा राष्ट्रीय सदस्यता अभियान विभाग के क्षेत्रीय संयोजक धनुषधारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा से भाजपा सरकार ने 10 सालों में निरंतर ऐसी योजनाएं लागू की, जिससे गरीब की मुश्किलें कम हो और उनका जीवन आसान बने। हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे तो लगते रहे, लेकिन इन नारों के बावजूद गरीबी नहीं हटी। गरीबी हटाओ के नाम पर विपक्षी दल राजनीति तो करते थे, मगर इसके लिए कोई प्रभावी कार्य नीति नहीं बनाई पर भाजपा की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीबों के लिये अनेक काम किये।

# सभी वर्ग को समान लाभ मिल रहे है : गिरीश चंद्र तिवारी



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर जंक्शन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सलेमपुर रेलवे स्टेशन को पुनर्विकास कार्यों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल के माध्यम से शिलान्यास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने केंद्र एवम प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग को समान लाभ मिल रहे है। उन्होंने कहा कि यहां की सलेमपुर में 15.12 करोंड रुपये से स्टेशन का पुनर्विकास का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके पहले भी यहां साढे 12 करोड़ की लागत से स्टेशन का सुंदरीकरण किया गया है। रेल विभाग ने सलेमपुर के यात्रियों के लिए बहुत ही बडा कार्य किया है। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में रेलवे से जुडी 2000 से ज्यादा परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया गया है। सलेमपुर में कभी एक दो ट्रेनों के ठहराव के लिए धरना प्रदर्शन होता था आज 18 ट्रेनों का इस स्टेशन पर ठहराव है। सभी लोगों को रेलवे की सुविधाएं मिल रही है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने मानव स्थलीग जीएम एकेडमी के एक दर्जन से अधिक बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल आने पर प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से अमित सिंह बबलू, अमरेश सिंह बबलू, अशोक पांडेय, बलबीर सिंह दादा, त्रिपुणायक विश्वकर्मा, सुधाकर गुप्ता, बृजेश तिवारी, ओम प्रकाश यादव, बृजेश उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष अमर दत्त यादव,अजय दूबे वत्स, रविन्द्र श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।

# यात्रियों को मिलेगा उच्च स्तरीय सुविधा का लाभ: सांसद

## देवरिया, भटनी और सलेमपुर रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली उद्घाटन अवसर पर बोले सांसद

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल जिले के देवरिया सदर, भटनी और सलेमपुर रेलवे स्टेशन का सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण किया। तीनों रेलवे स्टेशनों के विकास पर लगभग 87 करोड़ रुपये खर्च किया गया है। इन स्टेशनों को एयरपोर्ट और सिटी सेंटर के रुप में विकसित किया जा रहा है।

उक्त अवसर पर भटनी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन को सुना तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अब इन तीनो रेलवे स्टेशनों पर एयरपोर्ट स्तर की सुविधा यात्रियों को मिलेगी । उन्होंने बताया कि 61 करोड़ की लागत से देवरिया सदर रेलवे स्टेशन, 10.92 करोड़ से भटनी जंक्शन तथा 15 करोड़ की लागत से सलेमपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प होगा तथा यहां आने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की नींव रखी है और ये नए भारत की नई तस्वीर को रेखांकित करता है। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि अमृत स्टेशनों के साथ ही देवरिया जनपद में तीन अंडरपास भी बनाए गए हैं जिनका लोकार्पण आज प्रधानमंत्री ने वर्चुअल रूप से किया है। इसमें गौरी बाजार - बैतालपुर, भाटपार रानी - नोनापार, तथा सलेमपुर और बरहज के बीच बने रेलवे अंडरपास हैं । वाराणसी मंडल के जन संपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सलेमपुर जं. स्टेशन पर 15.12 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत सलेमपुर रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया, सम्पर्क मार्ग, पानी की निकासी के साथ पैदल आने-जाने वाले यात्रियों के लिए पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग तथा शौचालय का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्टेशन भवन के नये पोर्च का निर्माण, प्लेटफॉर्म पर शेड विस्तार, सरफेस में सुधार, प्लेटफार्मों पर लो कास्ट पीपी शेड का कार्य भी कराया जाएगा। इसके साथ ही यात्री प्रतीक्षालय में सुधार कर आकर्षक एवं सुविधाजनक बनाने का कार्य, समेत स्टेशन पर अन्य सुंदरीकरण के कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा 50,000 गैलन क्षमता की नई पानी की टंकी का निर्माण तथा अनारक्षित एवं आरक्षित टिकट काउंटरों में सुधार किया जाएगा। स्टेशन पर लिफ्ट, फसाड लाइटिंग, हाईमास्ट, साइनेज, लाइटिंग एवं पंखे की व्यवस्था, डिजिटल क्लॉक, ऑटो एनाउंसमेंट एवं स्टेशन परिसर के सुंदरीकरण के लिए आकर्षक पौधरोपण किया जाएगा। अमृत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को देखते हुए स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, प्रसाधन, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज अर्थात वर्तमान फुट ओवरब्रिजों की तुलना में लगभग चार गुना चौड़ा, पार्किंग एवं सौर ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं में विस्तार के लिए योजना तैयार की गई है।

## भाटपार रानी बिशुनपुरा अंडरपास का लोकार्पण हुआ

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा श्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रोड़ ओवर ब्रिज अंडरपास का शिलान्यास उद्घाटन राष्ट्र को समर्पण के अवसर पर भाटपार रानी के बिशनपुरा ढाले का रेलवे के नोडल अधिकारी कुमार महेंद्र भूषण के संयोजन में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा भाटपार रानी के मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जैसवाल द्वारा अध्यक्षता की गई मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष गंगा शरण कुशवाहा रहे। विभिन्न विद्यालयों के छात्र,छात्राओं ने बहुत ही भावपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें स्वतंत्रता पर आधारित झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का मंचन बहुत ही सराहनीय रहा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संतोष पटेल ने कहा कि प्रथम चरण का जिन स्टेशनों का चयन अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हुआ है, आज प्रधानमंत्री के द्वारा उनका लोकार्पण हो रहा है, द्वितीय चरण में भाटपार रानी रेलवे स्टेशन भी अमृत भारत योजना के अंतर्गत चयनित है और प्रथम चरण पूरा होने के बाद भाटपार रानी रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प प्रारंभ हो जाएगा।

अवधनामा



# आजाद अधिकार सेना ने डीएम को सौंपा पत्र

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर** जिले में आजाद अधिकार सेवा के जिला कोऑर्डिनेटर शैलेश कुमार ने जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह को सौंपे गए पत्र में जनपद के गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का अनुपालन नहीं करने और ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर विभिन्न विद्यालयों का नाम अंकित नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं के अधिकारों का हनन करने सहित वर्ष 2013-14 से वर्तमान सत्र तक अभिभावकों को पाठ्य पुस्तक अभ्यास पुस्तिकाएं एवं यूनिफॉर्म क्रय किए जाने हेतु प्रदान की गई वित्तीय सहायता प्रति छात्र-छात्रा 5000 धनराशि मामले के गवन का आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। दिए गए पत्र में बताया गया कि वर्तमान सत्र में ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से बाहर है जिस कारण अभिभावकों सहित छात्राओं को निजी विद्यालयों में प्रवेश से वंचित रहना पड़ रहा है। बेसिक शिक्षा विभाग निजी विद्यालयों के संचालकों की आपस में मध्यस्थ से स्कूल मेपिंग में अनियमितता बरती गई है जोकि जांच का विषय है। गैर सहायता मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा संबंधित अधिकारियों से सांठगांठ कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने दोषियों के विरुद्ध जांच करवारकर कड़ी कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 मार्च को

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृतिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

# पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में स्थित मोहल्ला सैनिक कॉलोनी गौंटिया के रहने वाली विवाहित पीड़िता ने अपने मायके पक्ष के परिवार वालों पर ही अपनी जान का खतरा बताते हुए धमकाने का आरोप लगाकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए पत्र में विवाहिता अर्चना पत्नी राजेश कुमार ने बताया कि उसकी शादी प्रतिपाल सिंह पुत्र वेदपाल सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ हुई थी। इस दौरान उसके दो बच्चे भी हुए लेकिन बीमारी के कारण उसके पति की मृत्यु हो गई। बच्चों के भरण पोषण को लेकर आ रही दिक्कतों के चलते उसने अपनी मर्जी से सैनिक कॉलोनी गोटिया के रहने वाले राजेश कुमार के साथ दोबारा विवाह कर लिया। जिस बात से नाराज होकर पीड़िता के माता-पिता चाचा बुआ फूफा आदि काफी नाराज रहने लगे और कहा कि तूने दूसरी बिरादरी में शादी करके नाक कटवा दी है। पीड़िता ने बताया कि उसके फूफा अरुण कुमार सिंह उस पर दबाव बनाते हैं कि तुम्हारे पूर्व पति प्रतिपाल सिंह ने मुझे 200000 उधार लिए थे वह दे दो नहीं तो तुम्हारे बच्चों को उठा ले जाएंगे और जान से मार देंगे। पीड़िता ने बताया कि उसके परिवार वाले बीती 23 तारीख को 6 मोटरसाइकिलों से नाजायज हथियार लेकर उसके दरवाजे पर आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया घर में घुसने की कोशिश की इसी दौरान शोर गुल होने पर पास पड़ोस के लोग आ गए। जिस पर उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने उपरोक्त घटना की शिकायत थाने पर की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को शिकायती पत्र देकर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# प्रधानमंत्री ने किया विभिन्न चिकित्सा योजनाओं का शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा गुजराज के राजकोट से वर्चुअल माध्यम द्वारा चिकित्सा क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। उ.प्र. में रायबरेली स्थित एम्स में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद ललितपुर में जिला महिला चिकित्सालय के हौसला सभागार एवं जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर इसका का सजीव प्रसारण दिखाया गया। आयोजन में जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जखौरा, तालबेहट, महरौनी, मड़ावरा, बार, बिरधा पर भी कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर, इन्टरनेट कनेक्शन के जरिए दिखाया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में आयोजन को लेकर प्रोजक्टर, स्कीन, इन्टरनेट कनेक्शन आदि प्रतिनिधियों एवं अन्य अतिथियों के बैठने हेतु उचित व्यवस्था की गयी। इसका शुभारंभ राज्यमंत्री मनोहरलाल, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवल्लन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, डा.अमित तिवारी, डा.आर.एन.सोनी, हेमन्त कुमार सिंह, रजिया फिरोज, गनेश तेनगुरिया, जयन्त कुमार, संतोष कुमार, कमलेश कुमार, सुरेन्द्र मौर्या, सुशील कुमार, शेख नदीम, तृप्ती कटारे, विकास श्रीवास्तव, आशाराम, जुड़े लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे। अंत में सीएमओ ने सभी का आभार जताया।

# बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

- उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुई आशा व आशा संगिनी
- थारू जनजाति के कलाकरों व छात्र-छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा
- सरिता यादव द्वारा प्रस्तुत किया गया कत्थक नृत्य



**बहराइच।** जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 25 से 27 फरवरी 2024 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा रामेश्वर मिश्र ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरवं रंजन श्रीवास्वत, मुख्य राजस्व अधिकारी दीपेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया व अन्य अधिकारियों के साथ गेद घर मैदान पहुंचकर बहराइच महोत्सव में विभिन्न विभागों तथा महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।

बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन गेंदघर मैदान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किये गये आशा सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा व आशा संगिनियों, बीसीपीएम को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह व पुरस्कार धनराशि का डेमो चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में विकास खण्ड फखरपुर के बीसीपीएम, 03 आशा संगिनी तथा प्रत्येक ब्लाक से तीन-तीन आशा को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः पांच, दो व एक हज़ार, आशा संगिनी को क्रमशः पांच, तीन व दो हज़ार तथा बीसीपीएम को रू. पांच हज़ार का पुरस्कार प्रदान किया गया।

बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण स्थानीय शिक्षण संस्थाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड नाटक तथा जनपद पीलीभीत से आये हुए जनजातीय कलाकारों, सरिता यादव द्वारा प्रस्तुत कत्थक नृत्य की प्रस्तुति का दर्शकों ने खूब आनन्द उठाया। जबकि स्थानीय कवियों द्वारा श्रृंगार रस में डूबी हुई रचनाओं तथा मेंहदी प्रतियोगिता ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। बहराइच महोत्सव के दूसरे दिन की शाम को जसवीर सिंह के बाबरा बैण्ड, सुश्री लया सक्सेना द्वारा फूलों की होली, गोपाल तिवारी द्वारा बॉलीवुड गायन साथ-साथ ब्लाक बस्टर कार्यक्रम काव्य संध्या में बड़ी तादाद में दर्शक पहुंचने की उम्मीद है। कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवियों पद्मश्री सुनील जोगी, अरूण जैमनी, प्रताप फौजदार, शम्भू शिखर, स्वयं श्रीवास्तव, सुश्री मर्णिका दूबे, विकास बौखल एवं गजेन्द्र प्रियांशु सहित अन्य कवियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

## स्ट्रीट लाईट पोलों पर होर्डिंग्स व बैनर लगाने पर लगेगा अर्थ दण्ड

**बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच की अधिशासी अधिकारी प्रमिता सिंह ने बताया कि नगर क्षेत्रान्तर्गत स्थापित स्ट्रीट लाईट पोलों पर नगरपालिका परिषद, बहराइच द्वारा तिरंगा लाईटें लगायी गई है। ईओ ने बताया कि स्ट्रीट लाईट पोलों पर जनसामान्य, विभिन्न फर्मों, एजेन्सियों एवं संगठनों द्वारा होर्डिंग्स एवं बैनर लगाने से प्रायः तिरंगा लाईटें खराब हो जाता है। अधि.अधि. नगर पालिका परिषद ने बताया कि नगर पालिका परिषद बहराइच क्षेत्रान्तर्गत स्ट्रीट लाईट पोल पर होर्डिंग्स, बैनर लगाने वाले व्यक्तियों, फर्मों एवं एलेन्सियों से रू. 5,000=00 अर्थ दण्ड वसूल किया जायेगा। ईओ ने नगरवासियों से अपील की है कि स्ट्रीट लाईट पोलों पर किसी प्रकार की होर्डिंग्स, बैनर न लगाये तथा नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# नपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्टेडियम प्रतापगढ़ बना चैंपियन



- अनुज राय बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट,ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रतियोगिता का किया समापन

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** गोमती मित्र मंडल के तत्वावधान में सीताकुंड धाम पर डा. सत्य प्रकाश श्रीवास्तव स्मारक अंतर जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आठ टीमों में शिवसत प्रतापगढ़, स्पोर्ट्स हास्टल अमेठी, स्टेडियम सुलतानपुर, अमेठी कोरारी, स्टेडियम प्रतापगढ़, सीताकुंड, गोमती मित्र मंडल, लंभुआ ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम का समापन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह के द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को नगद धनराशि से पुरुस्कृत कर किया गया। मुकाबले मे पहला सेमीफाइनल स्पोर्ट्स हॉस्टल और शिवसत प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले मे शिवसत प्रतापगढ़ ने 26-25 से जीत दर्ज की। दूसरा सेमीफाइनल मैच स्टेडियम प्रतापगढ़ और गोमती मित्र मंडल के बीच खेला गया, जिसमें स्टेडियम प्रतापगढ़ की टीम ने 36-18 से जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला शिवसत प्रतापगढ़ और स्टेडियम प्रतापगढ़ के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में स्टेडियम प्रतापगढ़ ने 48-37 से जीत दर्ज कर चैंपियन बनी। स्टेडियम के अनुज राय को बेहतरीन खेल कौशल पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दिया गया। आयोजक मंडल की तरफ से विजेता टीम को 11000 एवं उप विजेता को 7000 की धनराशि प्रदान की गयी। यहां संचालन समिति में सचिव रामेंद्र सिंह राणा, सहसचिव मुनेन्द्र मिश्र, दिनकर सिंह, मुन्ना पाठक, वेद प्रकाश उपाध्याय चैंपियन रहे। मौके पर कार्यक्रम आयोजक ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विजय विद्रोही, आनन्द, भुवन, रजनीश, प्रफुल्ल, डा मनीष, पिन्टू पांडेय, अर्जुन यादव सहित गोमती मित्र मण्डल परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## शादीलाल दुबे कॉम्प्लेक्स में पार्किंग के नाम पर ठेकेदार पर अभद्रता का आरोप

**ललितपुर।** घण्टाघर स्थित शादीलाल दुबे कॉम्प्लैक्स में पार्किंग के नाम पर दुकानदारों व ग्राहकों के अलावा आमलोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां दुकानदारों द्वारा आरोप लगाया गया है कि आने वाले लोगों से पार्किंग ठेकेदार द्वारा जबरन वाहन पार्क करने और अभद्रता करते हुये मनमाना शुल्क वसूला जा रहा है। दुकानदारों ने ठेकेदार पर नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुये ठेका निरस्त किये जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में दुकानदारों ने आज नपा परिसर में प्रदर्शन करते हुये जिला प्रशासन को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में प्रशासन को अवगत कराया कि नगर पालिका द्वारा शादीलाल दुवे काम्प्लैक्स के नीचे पार्किंग व्यवस्था की गयी है, जिसमें शादीलाल दुवे काम्प्लैक्स के नीचे समस्त दुकानदारो एवं ग्राहको के लिये निशुल्क व्यवस्था कि गई थी लेकिन 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2028 तक ठेका हुआ, किन्तु ठेकेदार द्वारा शादीलाल दुवे काम्प्लैक्स के स्थित खुले मैदान पर ठेकेदार द्वारा काम्प्लैक्स के अन्दर आने वाले ग्राहको के साथ जबरजस्ती कर उनके वाहनों को जबरन पर्किंग स्थल पर रखने का दबाब बनया जा रहा है।

# भाजपा रूपेश सिंह नेता विभिन्न कार्यक्रमों में हुए सम्मिलित



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** इं रूपेश सिंह बीती रात विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

वे अवध प्रताप पांडे की सुपुत्री प्रियंका पांडे भतीजी मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रताप पांडे के यहां शादी समारोह में शामिल में सम्मिलित हुए, इस मौके पर भाजपा नेत्री डॉ प्रीति प्रकाश,पूर्व मंडल अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहें।

फिर दान बहादुर यादव पलहीपुर महेवदवा की पुत्री नीतू यादव के शादी समारोह में शामिल हुए।तथा अवधेश प्रताप सिंह भई ग्रा सराय के सुपुत्री पारुल के विवाह समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। तत्पश्चात सुरेंद्र कुमार सिंह उर्फ बजरंगबली के सुपुत्री शिल्पा सिंह ग्राम केनोरा दुर्गापुर के शादी में सम्मिलित हो शुभ आशीर्वाद दिया तथा देवनारायण सिंह मेहता पुस्तकालय सिविल लाइन सुलतानपुर नातिन आकृति सिंह की सेरेमनी पॉइंट मैरिज लॉन में शादी समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान क्षेत्र के कई वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात हुई। अरुण सिंह पूर्व सभासद नारायणपुर, अमरपाल सिंह ,विजय कुमार पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अध्यक्ष सतीश सिंह, दुबेपुर धर्मेंद्र सिंह, संतोष सिंह दिखौली, मनीष सिंह,विजय सैन यादव मंडल महामंत्री दूबेपुर एवं क्षेत्र स्थानीय लोगों व पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद एवं मुलाकात हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सांसद ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं



**शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद अरुण कुमार सागर ने अपने साउथ सिटी आवास पर जनता दरबार में जिले के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। भाजपा सांसद अरुण सागर ने आवास पर पहुंचे लोगों की एक-एक कर शिकायत को सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया। मेरे पास संसद के जनता दरबार में सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि संबंधी विवादों को लेकर प्राप्त हुई। जिन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में सांसद अरुण कुमार सागर ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी फरियादी अपनी शिकायतें लेकर आए हैं उनका शीघ्र निस्तारण करवा कर अवगत कराएं,जिससे कि शिकायतकर्ता को दोबारा मुख्यालय पर ना आना पड़े।

### क्रिकेट की गेंद खेत में चले जाने पर दो पक्ष भिड़े,एक हुआ गंभीर घायल

**भदैया,सुलतानपुर।** थाना कोतवाली देहात में स्थित ग्राम सभा सलाहपुर के ग्राम मिश्रपुर में जमकर लाठी-डंडे ईट पत्थर चले। जिसमें दुर्गा दीन शर्मा को गंभीर चोटें आई। बताते चलें कि रविवार को बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे,दुर्गा दीन शर्मा के खेत में क्रिकेट की गेंद चली गयी थी। जिसे मोहम्मद रियाज, एजाज, इद्रीस और इसरायल पुत्र दीन मोहम्मद ने गेंद ढूंढने के दौरान गेहूँ को रौंदना शुरू कर दिया।खेत मालिक दुर्गा दीन शर्मा ने रौंदते हुए गेहूँ पर एतराज जताया। इसी बात को लेकर उपरोक्त जनों ने घर से लाठी- डंडों से लैस होकर दुर्गा दीन शर्मा पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। घायल दुर्गा दीन शर्मा को सीएचसी भदैयाँ से डाक्टरों ने रेफर कर दिया। जिनका जिला चिकित्सालय सुलतानपुर में इलाज चल रहा है। थाना कोतवाली देहात के कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है।

### भाजपा नेता ने किया नगर पालिका की भूमि पर कब्जा

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका की जमीन पर भाजपा नेता द्वारा किए गए अवैध कब्जे के मामले में तहसीलदार की जाँच में नगर पालिका की भूमि पर अवैध कब्जा पाया गया। तहसीलदार ने भाजपा नेता प्रियंक पाण्डेय को कब्जा हटा लेने का निर्देश दिया है। प्रियंक पाण्डेय ने कब्जा हटा लेने की राजस्व कर्मियों से बात कही है। हाईकोर्ट के आदेश पर नजूल भूमि पर यथा स्थित बनाये रखने के लिए तहसीलदार ने निर्देश दिया है। नाप-जोख के दौरान कुछ गाटा संख्या पर मिली शिकायतें सही पायी गयी। इलाके में क्षेत्र वासियों का मजमा लगा रहा। भाजपा नेता पर लगे आरोप से पार्टी की किरकिरी हो रही है। विपक्षी राजनैतिक दलों को बैठे बिठाये मौका मिल गया है। नगर पालिका क्षेत्र के विनोवापुरी इलाके का मामला बताया जाता है।

### महिला कर्मचारी के उत्पीड़न मामले में दिनेश सिंह पर कार्यवाही तय

**सुलतानपुर।** प्रभारी ए डी ओ पंचायत दूबेपुर रहे दिनेश सिंह पर प्रभावी कार्यवाही के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने सी डी ओ को पत्र लिखा है।ब्लाक कोऑर्डिनेटर को अपने आफिस पर बुलाने व अश्लील हरकत करने के मामले में प्रभारी एडीओ पंचायत दूबेपुर दिनेश सिंह के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। कार्यस्थल पर महिला के यौन उत्पीड़न ए वी अधिनियम 2013 के के तहत प्रभारी एडीओ दिनेश सिंह पर कार्यवाही करने के लिए 19 फरवरी को सचिव ने पत्र लिखा था।

### सपा के सक्रिय युवा नेता को हुआ हार्ट अटैक, मौत

**सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी की स्थापना के समय के वरिष्ठ नेता हाजी सलाउद्दीन उर्फ विधायक पप्पू का हृदय गति रुक जाने के कारण उनका लखनऊ में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया था।सोमवार को सुपुर्द ए खाक हो गए।बड़ी संख्या में ईदगाह में लोग मिट्टी में शामिल हुए। पूर्व विधायक राष्ट्रीय प्रवक्ता अनुपसंडा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ सपा नेता निसार अहमद गुड्डू, हाजी हारून साहब, पूर्व प्रवक्ता अशोक सिंह बिसेन, पवन अग्रवाल, शिवम पांडे, अजहर जमाल, रानू भाई, शानू भाई, मुइद रंगोली, सपा महासचिव सलाहुद्दीन, इरफान पिंटू, मोहम्मद शहजाद सहित हजारों की संख्या में लोगों ने जनाजे में शिरकत कर अपने नेता को मिट्टी देकर आत्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## जैन शिक्षक सामाजिक समूह ने आयोजित की विनयांजलि सभा

**ललितपुर।** जैन शिक्षक सामाजिक समूह ललितपुर के तत्वावधान में अभिनंदोदय तीर्थ क्षेत्र के मुख्य गेट के बाहर आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के समाधिमरण पर विनयांजलि सभा का आयोजन किया गया। समाज महामंत्री आकाश जैन ने अपनी विनयांजलि में कहा कि आचार्यश्री जैन समाज ही नहीं जन-जन के संत थे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने कहा कि आचार्यश्री सचमुच में राष्ट्र संत थे। कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने आचार्यश्री के योगदान को अविस्मरणीय बताया। ब्रजेश चौरसिया ने कहा कि वर्ष 2018 में आचार्यश्री के ललितपुर में दर्शन किए उनकी मनमोहक छवि को देखकर ऐसे लगा कि मैंने साक्षात ईश्वर के दर्शन कर लिए हों। जितेंद्र जैन ने कहा कि आचार्यश्री के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताये हुए मार्ग पर चलें तभी हमारी आचार्य श्री के लिए सच्ची विनयांजलि होगी। सत्येंद्र जैन ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि इस युग में आचार्यश्री का जन्म हुआ। जैन पंचायत के शिक्षामंत्री प्रफुल्ल जैन ने कहा कि गुरुवर चलते-फिरते तीर्थ थे। उन्होंने 507 दीक्षाएं प्रदान कीं। वर्णी कालेज के प्रवक्ता डा.विवेक जैन ने कहा कि आचार्यश्री त्याग, तपस्या, साधना की प्रतिमूर्ति थे। सचिन शास्त्री ने कहा कि आचार्य श्री के दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लें। प्रवक्ता राहुल जैन ने कहा कि आचार्यश्री ने अपने संपूर्ण जीवन से यह सिखाया कि जीवन को कैसे जीना चाहिए।

# सिद्धक्षेत्र वैरावट धाम तक पहुंचने को बनाया जाए संपर्क मार्ग

- शहर के संभ्रांत नागरिको ने डीएम को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद के मुख्यालय से मात्र 4 किलोमीटर दूर महाभारत काल में अपना स्थान रखने वाला ऐतिहासिक स्थल वैरावट धाम आज उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। इस ऐतिहासिक स्थल पर जाने वालों की संख्या हजारों में है, परंतु ना तो वहां तक जाने के लिए कोई उचित मार्ग है और ना ही वहां श्रद्धालुओं को बैठने के लिए कोई टीन शेड है। मंदिर के लिए जाने वाले पक्का सम्पर्क मार्ग बनवाने को लेकर शहर के संभ्रांत नागरिको ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा है। इस दौरान बताया गया कि श्रद्धालुओं की आस्था वैरावट धाम मंदिर से बहुत ज्यादा जुड़ी हुई है, इसीलिए प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मां देवी के दर्शन के लिए वहां पर जाते हैं। गोविंद सागर बांध के किनारे बसे इस मंदिर तक जाने के लिए रास्ता ठीक न होने के कारण श्रद्धालुओं को आने-जाने में बहुत ही ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं वैरावट धाम मंदिर विकास समिति जनहित में आपसे अनुरोध किया है कि चंडी माता मंदिर नई बस्ती के पीछे से वैरावट धाम मंदिर तक के लिए पहुंच मार्ग का निर्माण शीघ्र कराया जाए। मंदिर की बाउंड्री वॉल बनाई जाए तथा श्रद्धालुओं के बैठने के लिए प्लेटफार्म एवं फर्श आदि का निर्माण कराया जाए। मंदिर में टीन सेट का निर्माण कराया जाए, जिससे श्रद्धालु वहां बैठकर पूजा अर्चना कर सके एवं भंडारे आदि का आयोजन किया जा सके। उन्होंने जिलाधिकारी को सिद्ध पीठ वैरावट धाम आने का आग्रह भी किया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांगों पर गंभीरता से विचार कर संपर्क मार्ग बनवाए जाने की मांग की है। इस दौरान महंत सिद्ध पीठ मां वैरावट धाम मंदिर नारायन सिंह यादव, वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव, पार्षद एड. मनमोहन चौबे, पत्रकार अशोक सेन, पूर्व पार्षद महेंद्र सिंघई, हरदयाल सिंह लोधी, मनीष पटवारी, मंजीत करौसिया, रविशंकर श्रीवास्तव, सुरेन्द्र पाल सिंह गौर, पत्रकार देवेन्द्र साहू, वरिष्ठ पत्रकार महेश वर्मा, पत्रकार राममूर्ति तिवारी, रक्षपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

**शाहजहाँपुर।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राजीव यादव के नेतृत्व में आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर यूपी में बढ़ती महंगाई भष्टाचार और अभी हाल ही में हुई पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक को लेकर सिटी, मजिस्ट्रेट को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सोपा उन्होंने बताया कि एक ओर जहाँ यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रहीं हैं, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तीओं के परीक्षाओं के पेपर भी लीक हों जाते हैं, साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हों जाते हैं। उन्होने कहा कि यूपी पुलिस भर्ती का 17 और 18 फ़रवरी को हुए भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हों गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर जाता हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले ने तूल पकड़ा

- पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग
- आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजा

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। इस मामले में सोमवार को आम आदमी पार्टी ने सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुये पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग उठायी है। इस सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है।

ज्ञापन में आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने राज्यपाल को अवगत कराया कि एक ओर जहां यूपी में बेरोजगारी दर निरंतर बढ़ती जा रही हैं, तो वहीं दूसरी ओर बमुश्किल निकल रहीं भर्तियों की परीक्षाओं के पेपर भी लीक हो जाते हैं। साथ ही नकल माफिया भी सक्रिय हो जाते हैं। बताया कि ताजा मामला यूपी पुलिस भर्ती का है, जिसे लेकर बीती 17 और 18 फरवरी को हुए भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया और कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करने वाले लाखों परीक्षार्थियों के मेहनत पर पानी फिर जाता है। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में युवाओं के जोरदार विरोध प्रदर्शन के दबाव में सरकार परीक्षा रद्द करती है। सवाल उठना वाजिब है कि सरकार के लापरवाही या भ्रष्टाचार के कारण लगातार पेपर लीक हों रहें हैं और प्रतिमाओं के साथ अन्याय हों रहा हैं। इस प्रकार के आपराधिक कृत्य की जिम्मेदारी ठहराया जाना नितांत आवश्यक हैं। आम आदमी पार्टी ने चार सूत्रीय मांगों का पत्र भी राज्यपाल को भेजा है, जिसमें बताया गया कि यू.पी. पुलिस भर्ती और समीक्षा अधिकारी परीक्षा पेपर लीक की हाई कोर्ट की निगरानी में जांच कराई जाए। पेपर लीक करने वाले सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। यू.पी.पुलिस भर्ती की परीक्षा को 01 माह के भीतर कराया जाए। प्रदेश सरकार सुनिश्चित करें कि भविष्य में कोई पेपर लीक ना हों। आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., मंत्री रमेश कुमार झां, जोन अध्यक्ष विवेक जैन, सचिन यादव, गनेशराम रजक, मीना के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# चंद्रावल नदी में रपटा पुल बनाए जाने की मांग अब होगी पूरी

**अवधनामा संवाददाता**

- 2.82 करोड़ की लागत से होगा निर्माण खनिज फाउंडेशन न्यास देगा बजट

**हमीरपुर।** जिले के बीहड़ में बसे किसवाही सहित अन्य गांव की आबादी को चंद्रावल नदी में रपटा पुल बनाए जाने की मांग शीघ्र पूरी होगी। ग्रामीणों की मांग पर सदर क्षेत्र से विधायक डॉ. मनोज प्रजापति की ओर से किए गए प्रयासों में सफलता मिली है।

चंद्रावल नदी पर किसवाही गांव में 2.82.49 करोड़ की लागत से 100 मीटर रपटा निर्माण कार्य स्वीकृत हो गया है। इस निर्माण कार्य के लिए शासन ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से बजट जारी किया गया है।इसका निर्माण आरईबी के द्वारा कराया जाएगा। सिसोलर क्षेत्र के बैजेमऊ गढा, किसवाही और परेहटा सहित आठ गांवों के लोगों को हमीरपुर और मौदहा आने-जाने में भारी परेशानियो का सामना करना पड़ता है। आवागमन सुगम बनाने को लेकर ग्रामीणों ने सदर क्षेत्र के विधायक से पुलिया निर्माण की मांग की। इधर ग्रामीणों ने नदी पार करने के लिए पीपे का स्थाई पुल बना लिया था। इस पीपे का पुल बनने से बाइक,ई रिक्शा व ऑटो से लोग निकालकर गंतव्य तक आते जाते रहे।

नदी के किनारे बसे 8 गांव को वर्षा के मौसम तक लाइफलाइन साबित होता रहा। प्रधान अशोक सिंह के साथ ग्रामीणों ने विधायक से पुलिया निर्माण कराए जाने की मांग की थी। सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति ने बताया कि ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए चंद्रावल नदी में रपटा निर्माण के लिए शासन स्तर पर पहल की। इसके बाद इंजीनियरों ने नदी में बने पुल की जांच की थी तो पाया कि 6 किलोमीटर के अंदर नदी में दूसरा पुल शासनादेश के तहत नहीं बन सकता है। ऐसे में पुल निर्माण में आ रही बाधा को देखते नदी में रपटा निर्माण करने का फैसला हुआ। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग ने सौ मीटर लंबे रपटे का आकलन तैयार किया था।इस पर शासन में हुई पहल के बाद जिला खनिज फाउंडेशन न्याय निधि से रपटा निर्माण को 2.82.49 करोड रुपए स्वीकृत हुए हैं। इस पर शीघ्र काम शुरू हो जाएगा।

# यातायात प्रभारी ने मौके पर जाकर हटवाई होर्डिंग

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** कानपुर सागर हाईवे स्थित चौराहे पर लगे एक बोर्ड के ऊपर अपने प्रचार-प्रसार के लिए सपा नेताओं ने लगवाई गई होल्डिंग को यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने मौके पर जाकर होल्डिंग हटवाई। संबंधित होल्डिंग वालों को दोबारा साइन बोर्ड व संकेतको के ऊपर होल्डिंग न लगाने की भी हिदायत दी है। दोबारा लगाने पर उन्होंने कार्रवाई की बात कही है। कानपुर सागर हाईवे के राठ तिराहे पर सड़क सुरक्षा के साथ ओवरलोड वाहनों के आवागमन में प्रतिबंध को लेकर चेतावनी बोर्ड लगवाए गए हैं। इस चेतावनी बोर्ड के ऊपर बीते दिन एक बड़ी होल्डिंग लगवा दी गई थी। इस होल्डिंग के लगने के बाद से लोग चेतावनी बोर्ड पूरी तरह से ढक गया था। जिससे उस बोर्ड में क्या सूचना लिखी है इसकी जानकारी लोगों को नहीं हो पा रही थी। बड़ी होल्डिंग होने से दृश्यता भी स्पष्ट नहीं थी। यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बोर्ड के ऊपर लगी होल्डिंग को हटवाकर संबंधित प्रिंटिंग करने वालों को दोबारा से संकेतको व चेतावनी बोर्ड के ऊपर होल्डिंग न लगाने की हिदायत दी है। यातायात प्रभारी का कहना है कि दोबारा इस तरह का अतिक्रमण करने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

# सिजनौडा रेलवे क्रासिंग में बन रहे अंडर ब्रिज का ग्रामीणों ने किया विरोध

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा कस्बा से कपसा मार्ग पर स्थित सिजनौडा रेलवे क्रासिंग पर अंडर ब्रिज के निर्माण को लेकर जहां भाजपा नेताओं द्वारा भूमि पूजन किया गया है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के की गांवों से आए ग्रामीणों ने अंडर ब्रिज बनाए जाने का विरोध करते हुए यहां पर ओवर ब्रिज की मांग की है।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज वर्चुअल प्रोग्राम के जरिए रेलवे के तमाम स्टेशन और अंडर ब्रिज तथा ओवर ब्रिज का शुभारंभ तथा लोकार्पण किया गया है।इसी क्रम में आज कानपुर बांदा रेल लाइन में रागौल रेलवे स्टेशन से बांदा की ओर जाने वाली रेलवे लाइन में सिजनौडा रेलवे क्रासिंग पर अंडर ब्रिज बनाए जाने का भूमि पूजन कार्यक्रम किया गया है जिसमें हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद सहित क्षेत्रीय भाजपाई मौजूद रहे हैं। इस दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए हैं। कार्यक्रम में रेलवे के तमाम अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर इस अंडर ब्रिज के निर्माण के भूमि पूजन की खबर पर सिजनौडा सहित आसपास के की गांवों के ग्रामीण यहां पर पहुंचे और उन्होंने अंडर ब्रिज निर्माण पर अपना विरोध जताया है। इनका कहना था कि कानपुर से लेकर बांदा के बीच जितने भी अंडर ब्रिज बनाए गए हैं उनमें की महीनों तक बरसात का पानी भरा रहता है जिससे लोगों का आवाहन पूरी तरह से ठप हो जाता है। जिसमें लोगों अपने गांव में ही कैद रहना पड़ता है और इन्हें अस्पताल, तहसील, कोतवाली, थाना सहित अन्य एमरजेंसी सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। इसलिए यहां पर अंडर ब्रिज की जगह ओवर ब्रिज बनाया जाये।

# मैत्री क्रिकेट: अल्ट्राटेक टीम ने खिताब अपने नाम किया

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के खेलकूद मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार की सुबह पत्रकार एकादश और डाला सीमेंट अधिकारियों के बीच मैत्री मैच खेला गया। अल्ट्राटेक माईस हेड विवेक खोसला ने महत्वपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए 63 रन की नाबाद पारी खेलकर जीत का खिताब अपने नाम हासिल कर लिया। पत्रकार एकादश के वरिष्ठ पत्रकार शशि चौबे को बेस्ट बैट्समैन का खिताब से नवाजा गया। खेल की शुरुआत होने के पूर्व एक खिलाड़ी व पत्रकार रामजी दूबे के निधन पर दो मिनट मौन रहकर शोक संवेदना व्यक्त किया गया। पत्रकार एकादश व डाला सीमेंट वर्क्स के बीच टास हुआ जिसमें पत्रकार एकादश टीम के कप्तान सैयद आरिफ ने टास जीत कर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी डाला सीमेंट वर्क्स की टीम ने 12 ओवर में 182 रन का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश की टीम संघर्ष करते हुए बारह ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 136 रन ही बनाकर सिमट गई। मैन आफ मैच डाला सीमेंट वर्क्स के विवेक खोसला व बेस्ट बालर पत्रकार एकादश के मणिशंकर राय को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डाला सीमेंट वर्कस के ईकाई प्रमुख संदीप हिवारेकर ने कहा की खेल मानसिक तनाव को दूर करता है, खेल को हम सबने आनंदित होकर खेला है यह मैत्री मैच आपसी संबंध को मजबूती प्रदान करेगा।

# सड़क निर्माण के लिए अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत चकदहा के मजरा किसनपुर रमना की सड़क निर्माण के लिए अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन शुरू अनशन की शुरुआत बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के अध्यक्ष विनय तिवारी ने देव यादव जिलाध्यक्ष सहित सभी अनशन कारियो का माल्यार्पण कर शुरू हुआ। आपको बता दे की ग्राम किशनपुर रमना की सड़क कई वर्षो से जीर्ण क्षीर्ण अवस्था में पड़ी हुई है जिस वजह से लोगों को निकलने में खासी मुसीबत का सामना करना पड़ता है पूर्व में ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण को लेकर कई बार ज्ञापन दे कर सड़क निर्माण की मांग की गई लेकिन कोई कार्यवाही न होने नाराज ग्रामीणों ने बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के साथ मिलकर 22 फरवरी 2024 को उप जिलाधिकारी मौदहा को दिए ज्ञापन में 26 फरवरी से अनशन की चेतावनी दी थी जिससे आज से ही ग्रामीणों ने अनशन शुरू किया।

अनशन में मुख्य रूप से दिनेश अनुरागी, प्यारेलाल, राजकुमार सविता, राहुल अनुरागी, श्रीओम पाल, रामविलास वर्मा, बबलू यादव, राम औतार वर्मा, चंद्रभान सहित एक दर्जन से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई दिवस पर चेयरमैन ने सुनी जनता की फरियाद

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/ चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को संभव जनसुनवाई दिवस पर नगरीय समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान चेयरमैन उस्मान अली ने निकाय के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जन समस्या का समाधान प्राथमिकता से कराएं। आगे कहा की जन समस्याओं का समाधान करना शासन की प्राथमिकता में है। शासन की मंशानुरूप नगर पंचायत विकास कार्य तो करा ही रहा है जन समस्याओं का निराकरण भी करने का प्रयास किया जा रहा है। हर वार्ड में बिजली व स्वच्छता पर विशेष ध्यान रहे। समाधान दिवस में दो समस्याएं आई जिसका तत्काल निस्तारण कराया गया।

इसके अलावा प्रकाश व्यवस्था, नाली सफाई, सड़क निर्माण, जल निकासी, विद्युतीकरण की समस्याओं का निराकरण करने के लिए संबंधितो को निर्देशित किया गया।

# ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सभी बिंदुओं से संतृप्त करायें

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प, मध्यान्ह भोजन की मासिक समीक्षा के दौरान बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष मात्र 66 प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए, विद्यालयों से निरंतर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों के अभिभावकों से संवाद कर बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जाए, खंड शिक्षाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के ऐसे विद्यालय जहां उपस्थिति सबसे कम है, का चिन्हांकन कर स्वयं उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रयास करें। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माह में अपने-अपने क्षेत्र के कम से कम 15-15 विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण करें, निरीक्षण के दौरान पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, विद्यालय की साफ-सफाई आदि बिंदुओं का गहनता से निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करें। सिंह ने समीक्षा के दौरान पाया कि अभी ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जनपद के 20 विद्यालय संतृप्त होने से शेष हैं, जिसमें एक ब्लॉक बरनाहल क्षेत्र का एवं 19 विद्यालय नगरीय क्षेत्र के हैं, जिस पर उन्होने अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय को आदेशित करते हुये कहा कि तत्काल नगरीय क्षेत्र के अवशेष विद्यालयों को सभी बिन्दुओं से संतृप्त कराना सुनिश्चित करें, खंड विकास अधिकारी बरनाहल हाजीपुर सेमरी के विद्यालय को सभी बिन्दुओं से संतृप्त करायें।

# भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**राठ हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बसेला गांव के पास स्थित राठ महोबा मुख्य मार्ग पर आज भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों किसानों ने अपने केंद्रीय नेतृत्व के आहवाहन पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बीच सड़क पर जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भारतीय किसान यूनियन के किसानों ने महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के बुंदेलखंड महासचिव रामपाल सिंह चिकासी ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर आज पूरे देश में जगह-जगह किसानों के द्वारा प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगे हैं। सरकार मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें तथा भोजन, दवाओं, कृषि इनपुट, मशीनरी, पेट्रोलियम उत्पादों तथा रसोई गैस पर जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करे। तथा वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं दिव्यांग व्यक्तियों व खिलाड़ियों को दी जाने वाली रियायतें बहाल करें। खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक करें। बताया कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उधोगों व सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करें। साथ ही बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस ले। तथा काम के अधिकार को मौलिक बनाया जाए। बेरोजगारों के लिए रोजगार सुनिश्चित कराया जाए। किसानों को बीज उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी दी जाए। तथा एनपीएस को खत्म किया जाए एवं संविधान के मूल मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, असहमति का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता को सुनिश्चित किया जाये। बताया कि आज विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम कर उन्होंने नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान ब्रजकिशोर लोधी, शिवदयाल, दयाराम, दिनेश कुमार, पूरन, मोहित, अश्वेंद्र, भूपेंद्र, देशराज, चंद्रशेखर, अर्जुन सिंह, ज्वाला प्रसाद, उदित नारायण व महेश के अलावा अन्य सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# सोनभद्र स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के रूप में किया जा रहा विकास: सांसद

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सोनभद्र रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकास किया जा रहा है। यह बातें सोनभद्र रेलवे स्टेशन के विकास कार्य पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद पकौड़ी लाल, राम शकल सांसद राज्य सभा, एस के गौतम प्रतिनिधि केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्रकृति गैस व आवास एवं शहरी कार्य मंत्री ने कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर कुंवर सिंह यादव सहित मंडल के अन्य अधिकारीगण ने सराहते हुए इसका निर्माण को गति देने की बात कही। इस अवसर पर सांसद पकौड़ी लाल ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुये कहा कि सोनभद्र स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकास किया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया की लगभग 10.40 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन बिल्डिंग और सर्कुलेटिंग एरिया का विकास होगा। आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेशन से सभी लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि स्टेशन के विकास के क्रम में दिव्यांगजनों की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। स्टेशन का विकास क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर सांकृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों में आयोजित ड्राइंग और निबंध प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में राज्य सभा सांसद ने कहा की वर्त्तमान सरकार के कार्यकाल में वृहद् रूप से विकास कार्य हो रहे है। उन्होंने सोनभद्र रेलवे स्टेशन के अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किये जाने पर वर्त्तमान सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर कुंवर सिंह यादव, अमित कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी प्रयागराज मंडल उत्तर मध्य रेलवे आदि मौजूद रहे।

# रक्षा जागरुकता हेतु हिण्डाल्को में सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/रेणुकूट।** 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के मद्देनज़र हिण्डाल्को कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति और जागरुकता लाने के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार दिनांक 26 फरवरी को कर्मचारियों के लिए सेफ्टी क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्लांटों की चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फ़ैब्रिकेशन प्लांट के संजय कुमार, रामनाथ एवं महावीर प्रसाद सैनी की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि रिडक्शन प्लांट के स्नेहजीत बनर्जी, एस.के. पाण्डेय एवं सुरेन्द्र प्रसाद की टीम द्वितीय एवं युटिलिटीज़ के किशन पाण्डेय, ए.के. सिंह एवं संतोष कुमार सिंह की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ-साथ संविदाकार सुपरवाइज़र एवं संविदा श्रमिकों के लिए भी सेफ्टी क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अल्युमिना प्लांट के रोहित कुमार, अरुण कुमार एवं धीरानंद की टीम ने प्रथम तथा फ़ैब्रिकेशन प्लांट के देवाशीष रे, चिन्मय खटुआ व राहुल कुमार कुशवाहा की टीम ने द्वितीय एवं रिडक्शन प्लांट के राजेश कुमार यादव, सुनील कुमार व प्रदीप सिंह की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोनो ही प्रतियोगितायें हिण्डाल्को ट्रेनिंग सेण्टर में आयोजित किया गया जिनका कुशल संचालन आर.एस. तिवारी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतियोगियों का खूब उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी अनूप कुमार ने प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की।

# पहाड़ में फांसी लगाकर किशोर ने कर ली खुदकुशी

**अवधनामा संवाददाता**

- काम न मिलने के कारण परेशान था किशोर
- कालिंजर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव का मामला
- पहाड़ में लगे पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला शव

**बांदा।** काम न मिलने पर किशोर ने पहाड़ पर लगे पेड़ में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कालिजर थाना क्षेत्र के रक्सी गांव निवासी रानू वर्मा उर्फ राजबहादुर (15)पुत्र कल्लू वर्मा ने रविवार की दोपहर घर कुछ स्थित पहाड़ में लगे पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शाम को खेत से घर लौटे परिजनो ने देखा तो रानू घर पर नही था। उसकी खोजबीन किया। लेकिन पता नही चला। पहाड़ में देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बड़े भाई महेद्र ने बताया कि रानू मजदूरी करता था। वह प्रतिदिन काम पर जाता था। रविवार की सुबह भी वह काम पर गया था। लेकिन उसे काम नही मिला। इसी से परेशान होकर उसने फांसी लगा खुदकुशी कर लिया।

# सफाई पर दिन विशेष ध्यान: सफाई नायक

**अवधनामा ब्यूरो**




**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया।

तत्कम में सोमवार को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 5, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 1, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 5, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर जेई मनीष कुमार , सुजीत कुमार, विमलेश, संत कुमार, आकाश कुमार, आंसू सिंह, अत्यम कुमार, अजय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 22 करोड़ से बदल जाएगा रेलवे स्टेशन का स्वरूप

**अवधनामा संवाददाता**



- वर्चुअल शिलान्यास हुआ

**बांदा।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों का स्वरूप बदलने के साथ ही यात्री सुविधाओं में इजाफा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 554 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास के लिए वर्चुअल शिलान्यास किया गया। बांदा रेलवे स्टेशन 22 करोड़ से अधिक बजट से हाईटेक बनाया जाएगा। चार एलईडी स्क्रीनें लगाकर लाइव प्रसारण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों के अलावा मौजूद रहे सैकड़ों लोगों ने तालियां बजाकर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्लेटफार्म नंबर एक के बाहर रेलवे सर्कुलेटिंग एरिया में वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर के समय जनप्रतिनिधियों ने संबोधन शुरू किया। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल और भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का प्रधानमंत्री के द्वारा जो खाका खींचा गया है, आने वाले समय में यात्रियों के लिए बहुत सुखदाई साबित होगा। उन्होंने कहा कि महानगरों की तर्ज पर रेलवे स्टेशन का विकास होगा। डबल इंजन की सरकार में तेजी के साथ विकास कार्य हो रहे हैं। कहा कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य जो प्रधानमंत्री के द्वारा किया गया है, वह कोई और नहीं कर सकता था। इसके साथ ही उन्होंने तमाम योजनाओं का भी बखान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री के द्वारा रेलवे स्टेशन के पुर्नविकास के लिए तमाम कार्यों का शिलान्यास किया। जनप्रतिनिधयों समेत कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे तमाम लोगों ने वर्चुअल शिलान्यास का लाइव प्रसारण देखा। इसके बाद प्रधानमंत्री का संबोधन भी सुना। मालुम हो कि 22 करोड़ के बजट से बांदा रेलवे स्टेशन की शक्ल सूरत बदलते हुए यात्री सुविधाओं में इजाफा किया जाएगा। वर्चुअल शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मालती बासू, पूर्व राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता, मनोज जैन, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, राजकुमार राज, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष गुप्ता के अलावा सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# चेयरमैन ने पानी टंकी निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**अवधनामा संवाददाता**



- सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के मूल मंत्र पर चलते हुए हो रहा विकास

**सोनभद्र/चोपन।** स्थानीय नगर पंचायत के प्रीतनगर में लगने वाले 30 हजार लीटर क्षमता की मिनी पानी टंकी हेतु भूमिपूजन सोमवार को चेयरमैन उस्मान अली ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह पानी की टंकी यहां के लोगों के लिए वरदान है। यह सुविधा यहां के लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए प्रदान की गई है। नगर के लोगों को हर हाल में साफ पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता में है। अभी तो शुरूआत है। नगर पंचायत चोपन विकास की नई कहानी गढ़ेगा। इस योजना के शुरुआत से प्रीतनगर के गडहीडीह इलाके को पानी की किल्लत से निजात मिलेगी। आगे कहा की पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। विकास योजनाएं गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए, जिसके लिए सभी की सहभागिता ज़रूरी है। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी देवहूति पाण्डेय ने बताया कि इस पानी टंकी के निर्माण से प्रीतनगर के गडहीडीह के हिस्से में पानी की समस्या समाप्त हो जायेगी। जिससे लोगो को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। जल्द ही टंकी का निर्माण कराकर पेयजल की आपूर्ति कराई जाएगी जिससे लोगो को पानी मिलने लगेगा। इसके लिए हम लोग सतत प्रयत्नशील हैं। मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा की सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से निश्चित ही लोगो को लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार गांव के साथ साथ नगरों में भी शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध हैं। स्थानीय लोगो ने मिनी पानी टंकी निर्माण का कार्य शुरू होने पर खुशी व्यक्त किया है। इस मौके पर निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, जीतू सिंह, रामपरीखा विश्वकर्मा, दिव्यविकाश सिंह, लिपिक अंकित पांडेय, कुशल सिंह, गणेश गौड़, फूलचंद चौधरी, सत्यप्रकाश तिवारी, सुखंभर गौड़, राजेंद्र अग्रहरी, अनीश अहमद, राधारमण पांडेय, नीरज जायसवाल, बप्पी भाई, धनंजय श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, विवेक यादव, मंसूर आलम, बबलू, जसवंत सिंह, रोबिन सिंह, निशांत सिंघल इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# जब तक उर्दू अदब रहेगा तब तक प्रोफेसर शारिब रूदौलवी का नाम भी ज़िंदा रहेगा: राम नाइक

डॉ. हारून रशीद



**लखनऊ।** जब तक उर्दू अदब रहेगा तब तक प्रोफेसर शारिब रूदौलवी का नाम भी ज़िंदा रहेगा। ये मेरे लिए एज़ाज़ की बात है कि आज शारिब रूदौलवी के नाम से पहला ऐवार्ड दिए जाने के मौक़ा पर मुझे बुलाया गया। ये ऐवार्ड प्रोफेसर अतीक़ुल्लाह को दिया जा रहा है जो फ़िल'वाकेया का हर तरह से इस ऐवार्ड के मुस्तहक़ हैं, मैं उनको भी मुबारकबाद पेश करता हूँ। साथ ही ऐवार्ड कमेटी और उनके शागिर्दों को भी मुबारकबाद देता हूँ, क्योंकि आप तमाम लोगों ने प्रोफेसर शारिब रूदौलवी के कारनामों और उनकी ख़िदमात को आगे बढ़ाने का नेक काम किया है। इन ख्यालात का इज़्हार उतर प्रदेश के साबिक़ गवर्नर इज़्ज़त-मआब राम नाइक ने आज ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी मैं मुनाक़िदा प्रोफेसर शारिब रूदौलवी मैमोरियल ऐवार्ड कमेटी की जानिब से प्रोफेसर शारिब रूदौलवी यादगारी खुतबा और ऐवार्ड तक़रीब में किया। बहैसीयत मेहमान-ए-खुसूसी साबिक़ गवर्नर ने अपने ख़िताब में प्रोफेसर शारिब रूदौलवी से अपने ताल्लुक़ात का ज़िक्र करते हुए कहा कि वो बहुत बड़े अदीब थे। उनकी लिखी किताबें चाहे किसी शख्सियत पर हों, चाहे तहक़ीक़ या तन्क़ीद पर हों हमेशा याद रखी जाएँगी। श्री राम नाइक ने इस मौक़ा पर अपने दोस्त और अवधनामा के बानी वक़ार रिज़्वी को खासतौर पर याद किया और कहा वो हमेशा अपने मुफ़ीद मश्वरों से मुझे नवाज़ते रहे, हमारे यहां से जाने के बाद भी हमारे बारे में उन्होंने खुद भी लिखा और हमारे बारे में दूसरों के लिखे मज़ामीन अपने अख़बार में शाया किए। हमें कभी ये उम्मीद नहीं थी कि वक़ार रिज़्वी इतनी जल्दी हमारे दरमियान से चले जाऐंगे। जब भी मैं लखनऊ आता हूँ मुझे उनकी कमी का शिद्दत से एहसास होता है। इस शेर पर उन्होंने अपना ख़िताब मुकम्मल किया ''लखनऊ हम पर फ़िदा, हम फिदा ए लखनऊ।

प्रोग्राम के पहले सेशन की सदारत डाक्टर अम्मार रिज़्वी ने की। जबकि मेहमानों की फ़हरिस्त में प्रोफेसर शहज़ाद अंजुम, प्रोफेसर ज़माँ आज़ुर्दा, जस्टिस क़मर हसन रिज़्वी ,प्रोफेसर अतीक़ुल्लाह डाइस की ज़ीनत रहे । निज़ामत के फ़राइज़ का ज़िम्मा प्रोफेसर अब्बास रज़ा नय्यर ने अपने काँधों पर लिया और अपने शगुफ़्ता अंदाज़ दिलचस्प जुमलों और बरमहल अशआर से शायक़ीन अदब और मुहब्बान प्रोफेसर शारिब रूदौलवी को बाँधे रखा, प्रोग्राम का आग़ाज़ राष्ट्रगान से हुआ। मेहमानों की गुल-पोशी के बाद प्रोफेसर रेशमां प्रवीन ने खुतबा इस्तक़बालिया पेश किया।

इस मौक़ा पर जहां शारिब (अपनी तहरीरों के आईने में) के उनवान से प्रोफेसर शारिब रूदौलवी यादगारी खुतबा पेश करते हुए प्रोफ़ेसर ज़माँ आज़ुर्दा ने शारिब रूदौलवी का नक्शा कुछ यूं खींचा कि जिस्म और ज़हन दोनों एतबार से क़दआवर, वसीअ अलक़लब, मिलनसार, खुश-गुफ़तार, खूब-रू, सब्र-ओ-तहम्मुल के पैकर और दिलावेज़ और वजीह शख्सियत के मालिक शारिब रूदौलवी आज हम में नहीं हैं मगर उनका दिला वेज़ तबस्सुम, नरम लब-ओ-लहजा, शरीफ़ाना बरताव, आला इक़दार की नमायदंगी अब भी हमारी आँखों के सामने है।बस उनका तसर कीजिए और आँखें बंद कर लीजिए तो एक मुख़लिस इन्सान ,वज़ादारी का पैकर, आला इक़दार का नुमाइंदा और सब्र-ओ-सुकून का एक सतून सामने आजाता है। उनकी हर अदा, हर बात, यहां तक कि हर तहरीर दोस्त दुश्मन सभी को अपना गरवीदा बनाती है। तरक़्क़ी-पसंद नक्क़ाद होते हुए भी उनकी सोच मुतवाज़न रही। मुख्तलिफ़ मकातिब फ़िक्र से हुसूल-ए-इल्म-ओ-दानिश का मौक़ा भी मयस्सर रहा ,यही वजह है कि इन तहरीरों में शिद्दत का एहसास नहीं मिलता वो निहायत सलीक़े और इन्किसार से अपनी बात पेश करते हैं। उन्होंने खूद एक लीजैंड की हैसियत इख्तियार कर ली। हम लोगों के लिए वो अपनी तहरीरों बिलखुसूस अपनी खुद-नविश्त के सबब हमेशा हयात ही रहेंगे।

## ऑल इंडिया कैफ़ी आज़मी एकेडमी में प्रोफेसर शारिब रूदौलवी यादगारी खुतबा ऐवार्ड तकरीब
## प्रोफेसर शारिब रूदौलवी ने खुद एक लीजेंड की हैसियत इख्तियार कर ली थी: प्रोफ़ेसर ज़माँ आज़ुर्दह
## प्रोफ़ेसर अतीक़ुल्लाह को पहला प्रोफेसर शारिब रूदौलवी अवार्ड

प्रोफेसर अतीक़ुल्लाह को ऐवार्ड से नवाज़ने से पहले उनके लिए तहरीर करदा सिपासनामा प्रोफेसर इम्तियाज़ अहमद ने पेश किया जिसमें प्रोफ़ैसर अतीक़ के मुख्तसर स्वानही कवाइफ़ का ज़िक्र किया गया था। बादहू साबिक़ गवर्नर श्री राम नाइक के बदस्त पहला शारिब रूदौलवी ऐवार्ड प्रोफ़ेसर अतीक़ुल्लाह को दिया गया और दीगर मेहमानों को शाल पेश कर उनका एज़ाज़ किया गया। इस मौक़ा पर प्रोफ़ेसर अतीक़ ने अपने तास्सुरात में ऐवार्ड कमेटी और शारिब रूदौलवी के शागिर्द उनके मोहब्बतों के तईं हदिया तशक्कुर पेश किया और कहा कि शारिब साहिब से मेरा घरेलू किस्म का रिश्ता था। शमीम बाजी की मुहब्बतें भी मुझे हासिल रहीं। मैंने शारिब रूदौलवी की शेष आसन भी करते देखा जो किसी ने नहीं देखा होगा। उन्होंने अपनी हयात के मक़ासिद का तअय्युन कर लिया था। और इसी एतबार से उन्होंने लमहात ज़िंदगी गुज़ारने का फ़ैसला किया। वो ज़बरदस्त कुव्वत-ए-इरादी के मालिक थे। जस्टिस क़मर हसन रिज़्वी ने इस मौक़ा पर वक्त की तंग-दामनी का लिहाज़ रखते हुए कहा कि शारिब की शुआएं दुनिया तक पहूँचाना शुआ फ़ातिमा ट्रस्ट की ज़िम्मेदारी बढ़ गई है। शारिब रूदौलवी किसी शख्स का नाम नहीं बल्कि एक अह्द का नाम है एक दौर का नाम है।

डाक्टर अम्मार रिज़्वी ने अपने मुख्तसर ख़िताब में साबिक़ गवर्नर के बारे में कहा कि हाँ ये गवर्नर थे और अब साबिक़ हो गए लेकिन उत्तर प्रदेश में एक ऐसा ओहदा भी ख़लक़ किया गया जो कभी साबिक़ नहीं होता यानी राम नाइक जी राज्य पाल से ''हिर्दय-पाल हो गए हैं और ये वो ओहदा है जो कभी साबिक़ नहीं होता। डाक्टर रिज़्वी ने ये भी ऐलान किया कि इज्ज़त मआब साबिक़ गवर्नर राम नाइक को ''पद्म भूषण ऐवार्ड'' मिलने पर चिरैवेति चिरैवेति कमेटी की जानिब से जल्द ही लखनऊ में एक शानदार इस्तक़बालिया का एहतिमाम किया जाएगा।

प्रोग्राम के दूसरा सेशन ''प्रोफ़ेसर शारिब रूदौलवी शख्सियत और अदबी ख़िदमात के उनवान से सीनियर सहाफ़ी अहमद इबराहीम अलवी की सदारत में हुआ। जिसकी निज़ामत रेशमां प्रवीन ने की और मुज़ाकरे में प्रोफेसर सिराज अजमली, डाक्टर सुबेहा अनवर, तूरज ज़ैदी (चेयरमैन, फ़ख्रउद्दीन अली अहमद मैमोरियल कमेटी)/डाक्टर यासमीन अंजुम, सय्यद सईद मेह्दी ने शारिब रूदौलवी की शख्सियत और उनकी अदबी ख़िदमात पर गुफ़्तगु की।

प्रोग्राम में खासतौर से, प्रोफेसर काज़िम अली, डाक्टर ख़ान फ़ारूक़, डाक्टर अतिया रईस, डाक्टर निशी गुँधा, डाक्टर निहाल रज़ा, अबदुल समी, डाक्टर मंसूर हसन ख़ान, डाक्टर इशरत नाहीद, मीरा त्रिपाठी प्रिंसिपल शुआ फ़ातिमा गर्ल्स कॉलेज, आसिम रज़ा साबिक़ एडिटर नया दौर, रिहान अब्बास एडिटर नया दौर, डाक्टर मुजाहिद उल-इस्लाम, डाक्टर बारिया, और यूनीवर्सिटीज़ और मुख्तलिफ़ कालेज के तुलबा-ओ-तालिबात ने बड़ी तादाद में शरीक होकर प्रोफेसर शारिब रूदौलवी से अपनी मोहब्बतों और अक़ीदतों का सबूत पेश किया।

### लखनऊ नगर ने और पूरे प्रदेश ने मुझे बहुत प्यार दिया

**लखनऊ शहर के नागरिकों!**

उर्दू भाषा और शारिब रुदौलवी साहब से प्रेम करने वाले मित्रों। मुझे लखनऊ आकर बेहद खुशी हो रही है। जब मैं यहां का राज्यपाल था उस समय मुझे इस बात का अक्सर आभास होता था कि शायद यहां के लोग मेरे राज्यपाल होने के नाते मुझसे प्रेम करते हैं। परंतु उत्तर प्रदेश से जाने के बाद मुझे यह महसूस हुआ कि यहां के लोग वास्तव में सच्चे प्रेमी हैं, दोस्त हैं, हमदर्द हैं और सच्चे मायनों में रिश्तों को निभाने वाले हैं।

**तेरी याद आयी तेरे जाने के बाद।**

राज्यपाल की हैसियत से मुझे लखनऊ नगर ने और पुरे प्रदेश ने बहुत प्यार दिया, उर्दू भाषा के जानने वालों से प्रेम और आदर मिला। वह मेरे दुःख दर्द में शरीक हुए उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। सम्बन्ध बहुत कठिनाईयों से बनते हैं। उनका बनना मुश्किल होता है परंतु संबंधों को बाकि रखना और भी कठिन होला है। किसी उर्दू के शायर ने कहा है-

**बुलंदियों पर पहुंचना कोई कमाल नहीं**
**बुलंदियों पर ठहरना कमाल होता है।**


में राज्यपाल था, सबसे सम्बन्ध थे, परंतु लखनऊ वालों ने इनको जिस तरह से संजो कर रखा है वह कमाल की बात है। यहां मेरे बहुत अच्छे मित्र बने, जिसमें प्रो. शारिब रुदौलवी साहब का नाम पहली पंक्ति में आता है। शारिब साहब की मुलाकात अम्मार रिजवी साहब ने करायी थी।

मेरी आत्म-कथा चरैवेति। चरैवेति!! जो मूल रूप से मराठी भाषा में लिखी गयी थी। जिसका अनुवाद अंग्रेजी और गुजराती में हो चुका था। उसका मैंने उर्दू में अनुवाद कराना चाहा, मैंने डॉ. रिजवी साहब से इसके बारे में सलाह ली। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इसका उर्दू में अनुवाद कर देंगे, मैंने उनसे अनुरोध किया कि आपके पास इतना समय नहीं है इसलिए किसी उपयुक्त व्यक्ति का नाम बताये उन्होंने कहा कि वह प्रो. शारिब साहब से बात करके बतायेंगे। प्रो. शारिब साहब ने प्रो. अब्बास रजा नय्यर का नाम बलाया। नय्यर साहब ने बहुत अच्छा उर्दू में अनुवाद किया, इस सारे अनुवाद की प्रत्येक लाइन को शारिब साहब ने स्वयं देखा और मुझसे इस बारे में वार्ता की थी, हमारी उनसे मुलाकातों की शुरुआत यही से हुयी। फिर वह सिलसिला बढ़ता ही चला गया।

समय गुजरता रहा। उनसे मुलाकातों का सिलसिला भी बढ़ता रहा। कमी चरैवेति! चरैवेति!!! की सलाहकार समिति की बैठक में, कभी किसी अन्य आयोजन पर, मेरे दिल में उनका आदर भी बढ़ता गया। वह एक बहुत योग्य, विद्वान व्यक्ति थे। साहित्यकार, कवि, आलोचक होने के साथ साथ एक बहुत अच्छे इन्सान थे। आदमी होना कोई बात नहीं, परंतु इन्सान होना बहुत कठिन होता है।

# पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने किया श्री रामलला का दर्शन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक कल से तीन दिनों के लिए उत्तर प्रदेश आए हैं। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनित होने पर कल राज्यपाल महोदया माननीय श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने श्री नाईक को राजभवन में सम्मानित किया। उसके बाद आज सुबह श्री नाईक ने अयोध्या जाकर श्री रामलल्ला के दर्शन किए।

पिछले वर्ष जब श्री नाईक उत्तर प्रदेश आए थे तभी उन्होंने कहा था कि अब श्रीराम मंदिर बनने के बाद ही उत्तर प्रदेश आऊँगा और रामलल्ला के दर्शन करूंगा। आज रामलल्ला के दर्शन के बाद श्री नाईक भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा यह एक ऐसी अनुभूति है जो शब्दों में बयां नहीं की जा सकती। संयोग से उसी समय श्री नाईक के पुराने सहयोगी मित्र व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह श्री भैय्याजी जोशी भी श्रीराम मंदिर आए थे। दोनों को इस पावन परिसर में अचानक भेट होने से अपूर्व आनंद मिला।

# बैंक से पैसा निकालते ही मैसेज का जवाब तुरंत दे अन्यथा पैसे की जिम्मेदारी ग्राहक की

अवधनामा ब्यूरो

## आरबीआई के वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024 का शुभारंभ



**लखनऊ।** बैंक से पैसा निकालते ही एक मैसेज आता है जिसमें लिखा होता है कि यह पैसा निकला है और अगर आपने नहीं निकला है तो तुरंत इस नंबर पर बात कर खाते को रोक दे। यदि आप इस नंबर पर तत्काल कॉल बैक कर खाते को बंद नहीं करते हैं तो यह आपकी गलती मानकर बैंक आपके पैसे को नहीं देगा यदि आप तत्काल उपरोक्त नंबर पर फोन कर अपनी बात बताते हैं तो बैंक उसे पैसे का जिम्मेदार हो जाएगा। यें बातें एफएलडब्ल्यू 2024 उद्घाटन समारोह की प्रेसवर्ता के दौरान आरबीआई, लखनऊ में भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालू केंचप्पा लखनऊ कार्यालय में कही। श्री बालू केंचप्पा करो सही शुरूआत बनो फाइनेंशियल स्मार्ट थीम पर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी दे रहे थे। डॉ. बालू केंचप्पा कहा कि इसलिए हमेशा सतर्क रहिए सजग रहिए और अपने मोबाइल के टैक्स मैसेज पर हमेशा नजर रखिए कि किसी भी तरह की इसमें लापरवाही ना बरते। क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि इंडियन बैंकिंग एसोसिएशन का जनसमर्थ पोर्टल पर केंद्र सरकार की 13 योजनाओं को ऑनलाइन आवेदन लेता है इस पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारियां जैसे कि आधार आधार बेस्ड मोबाइल नंबर पैन नंबर को पंजीकृत करने के बाद आपको संपूर्ण जानकारियां मिल जाएगी और उनको भरने के बाद बैंक यह पोर्टल आपके चयनित बैंक को ऑनलाइन भेज देगा ताकि जल्द से जल्द अपके क्रेडिट उत्पाद को ले सकेंगे। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बालू केंचप्पा ने बताया कि मिससेलिंग या उल्लू बनाने का काम बहुत से लोग यह कहकर करते हैं कि इस एफडी में आप पैसा जमा कर दीजिए आपका पैसा इतने वक्त में दुगना हो जाएगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक देश भर में वित्तीय शिक्षा संदेशों का प्रचार-प्रसार करने के लिए 2016 से प्रत्येक वर्ष साक्षरता सप्ताह आयोजित कर रहा है।अपने वित्तीय साक्षरता आउटरीच में छात्रों और युवा वयस्कों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, इस वर्ष के वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम, ÷करो सही शुरुआत,बनोवित्तीय स्मार्ट÷ की संकल्पना की गई है।इसका उद्देश्य जनता को अपने वित्तीय भविष्य की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए वित्तीय आघात सहनीयता तैयार करना है।वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024, 26 फरवरी से 01 मार्च 2024 के बीच मनाया जा रहा है। इस दौरान बचत और कंपाउंडिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएँ और डिजिटल और साइबरस्वच्छताके बारे में जागरूकता का प्रसारकरने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

आरबीआई, लखनऊ छात्र समूहों और युवा वयस्कों को लक्षित करते हुए कई आउटरीच कार्यक्रम किए जा रहे हैं। गतिविधियों में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में बड़े पैमाने पर जनता के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों का आयोजन और छात्रों, ट्रांसजेंडर, दिव्यांगों और अनाथालयों के बच्चों के लिए विशेष साक्षरता शिविरों के माध्यम से प्रसार शामिल है। इन कार्यक्रमों में भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारी भी भाग लेंगे।बैंकों को सूचित किया गया है कि वे आरबीआई द्वारा तैयार की गई सामग्री को अपनी वेबसाइटों, एटीएम, मोबाइल एप्लिकेशन और अपनी शाखाओं में लगे हुए डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें।

आरबीआई लखनऊ मेट्रो स्टेशनों, चारबाग रेलवे स्टेशन, लखनऊ जंक्शन और राजधानी के प्रमुख स्थानों पर एलईडी और डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से चुने हुए विषय पर आवश्यक वित्तीय जागरूकता संदेश प्रसारित करने के लिए एक मास मीडिया अभियान भी चला रहा है।उत्साह को बढ़ाने के लिए, राज्य भर में नुक्कड़ नाटक और मैजिक शो आयोजित किए जा रहे हैं।

एफएलडब्ल्यू 2024 उद्घाटन समारोह का शुभारंभ 26 फरवरी, 2024 को आरबीआई, लखनऊ में डॉ. बालू केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ, श्री ईशान शुक्ला,क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, कानपुर,सीजीएम-भारतीय स्टेट बैंक, उपमहाप्रबंधक-नाबार्ड और सभी प्रमुख बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ -साथशिक्षा विभाग एवं यूपीएसआरएलएम,और आरबीआई के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसके पश्चात साक्षरता पोस्टरों का अनावरण और एफएलडब्ल्यू थीम के साथ स्काई बैलून का अनावरण किया गया।

# निदेशक सूचना ने विज्ञापन नीति की बुलाई बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ.प्र. के निदेशक शिशिर ने बताया कि 29 फरवरी व 01 मार्च 2024 को विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी की बैठक सूचना निदेशालय लखनऊ में प्रस्तावित की गयी है। इस बैठक के समन्वय हेतु उप निदेशक (प्रेस) ललित मोहन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रेस परिषद नई दिल्ली के द्वारा विज्ञापन नीति के सम्बन्ध में सब कमेटी बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में सूचना निदेशक द्वारा सूचना निदेशालय के सभा कक्ष में बैठक प्रस्तावित की गयी है।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए खिलाई गयी दवा

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लाइलाज बीमारी फाइलेरिया के बचाव के लिए यूपी प्रेस क्लब में सोमवार को एक शिविर का आयोजन किया गया। जहां 100 के अधिक संख्या में पत्रकारों व उनके परिजनों ने दवा खायी।

सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के सहयोग से आयोजित शिविर का शुभारंभ यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने दवा खाकर किया और कहा कि इस बीमारी का कोई इलाज नहीं है। इससे बचाव का एकमात्र विकल्प फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन है। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने कहा कि मच्छर के काटने से होने वाली इस गंभीर बीमारी के लक्षण जैसे- हाइड्रोसील, हाथ-पैर व स्तन में सूजन आदि की समस्या हो सकती है। दवा का सेवन इस बीमारी से बचा सकता है। इसलिए बचाव के लिए जरूरी है कि मच्छरों के काटने से बचकर रहें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें और पूरी बांह के कपड़े पहनें। मच्छर रुके हुए गंदे पानी में पनपते हैं, इसलिए घर और आसपास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। इस मौके पर मौजूद स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि यदि दवा खाने के बाद जी मिचलाना उल्टी जैसे समस्याएं होती है तो इसका मतलब है कि शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे और उनके मरने के परिणामस्वरूप यह प्रतिक्रिया होती हैं। यह अपने आप ठीक हो जाती हैं। इसके बाद भी यदि कोई दिक्कत होती है तो स्वास्थ्यकर्मी या रैपिड रिस्पांस टीम से संपर्क करना चाहिए। फाइलेरियारोधी दवा का सेवन एक वर्ष के बच्चों, गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी को करना है।

# सामूहिक वैदिक यज्ञ संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अग्निहोत्र जयन्ती के पावन अवसर पर गुरुवार को गोमतीनगर विस्तार स्थित,अलखनंदा अपार्टमेंट के सामने सांय काल सूर्यास्त के निश्चित समय पर सामूहिक वैदिक यज्ञ अग्निहोत्र संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में आगंतुकों एवम अग्निहोत्र-कर्ताओं ने 25 हवनपात्रों में स्वयं अग्निहोत्र करके इसके महत्व को कार्यक्रम में आये लोगों को समझाया। सामूहिक अग्निहोत्र से पूर्व महामृत्युंजय यज्ञ भी सम्पन्न किया गया। आपको बताते चल रहे हैं आज से 61 वर्ष पूर्व, अग्निहोत्र को पुनर्जीवित करते हुये, प्रथम अग्निहोत्र यज्ञ महानुभाव श्रीमाधव जी पोतदार (साहिब जी ) ने आज ही के दिन 22 फरवरी 1963 में शिवरात्रि को बैरागढ़ भोपाल में प्रारंभ किया था,तभी से जगह जगह आज के दिन को अग्निहोत्र जयंती के रूप में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाता है। आयोजन कर्ताओं द्वारा कार्यक्रम में आये सभी लोगों को अग्निहोत्र पत्रक एवम बूंदी प्रसाद भी बांटा गया। प्रामाणिक वैदिक अग्निहोत्र के असीमित लाभ न केवल यज्ञकर्ता को बल्कि उनके परिवार, समाज और इस पूरी सृष्टि को प्राप्त होते हैं। अग्निहोत्र पर्यावरण प्रदूषण से मुक्ति का सबसे सरल सहज एवम सुगम उपाय है।